ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com ● डालटनगंज ● आश्विन कृष्ण पक्ष 07 ● विक्रम संवत 2080 ● शुक्रवार, 06 अक्टूबर 2023 ● वर्ष-29 ● अंक-349 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 2.00



आतंकवाद के सभी स्वरूपों पर कसी नकेल... पेज 10 पर

## न्यूजीलैंड की इंग्लैंड पर 9 विकेट से बड़ी जीत के साथ वर्ल्ड कप का आगाज



**अहमदाबाद :** आईसीसी वनडे वर्ल्ड का आगाज गुरुवार को न्यूजीलैंड की इंग्लैंड पर 9 विकेट से धमाकेदार जीत के साथ हुई। इंग्लैंड ने पहले खेलते हुए 9 विकेट पर 282 रन बनाए। जवाब में न्यूजीलैंड ने 36.2 ओवर में केवल एक विकेट पर 283 रन बना डाले। न्यूजीलैंड की जीत के हीरो डेवन कॉनवे (152 नाबाद) और रचिन रवींद्र (123 नाबाद) रहे। दोनों ने तूफानी शतक जड़े और साथ ही न्यूजीलैंड के लिए सबसे बड़ी साझेदारी का रिकॉर्ड बना डाले।

### भाजपा की सरकार बनी तो भ्रष्ट अफसर व नेता पर होगी कार्रवाई : मरांडी

# मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को नहीं हैं गरीबों की चिंता

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा/श्री बंशीधर नगर**

राज्य की स्थिति बद से बदत्तर स्थिति हो चुकी है। राज्य की खनिज संपदा को अवैध तरीके से बेचा जा रहा है। हेमंत सोरेन की सरकार भ्रष्टाचार में संलिप्त है। मुख्यमंत्री को गरीबों की चिंता नहीं है। 2024 में राज्य में भाजपा की सरकार बनने पर भ्रष्ट अफसर व नेताओं पर कार्रवाई होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीब, किसान व महिलाओं को उनका हक दिलाने का काम किया है। गांव तक पीएम के नेतृत्व में केंद्र सरकार पहुंची है। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी भी गांव तक नहीं पहुंच सकीं थी। उक्त बातें पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने गुरुवार को गढ़वा विधानसभा स्तरीय संकल्प यात्रा को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन ने वर्ष 2013 से ही दिल्ली व मुंबई के बालू चोरों को राज्य में लाने का काम किया है। वर्तमान में सरकार बनते ही हेमंत सोरेन नदी, जंगल सहित राज्य की संपदा का दोहन करने में लगे हुए हैं। ईधर, जब ईडी ने कई बार सम्मन भेजा तो उनकी हिम्मत ईडी कार्यालय जाने की नहीं हो रही है। उन्होंने कहा कि गरीब, किसान व महिलाओं की चिंता सिर्फ भाजपा की केंद्र सरकार कर रही है। राज्य सरकार को केंद्र से मिलने वाले राशन भी गरीबों तक नहीं पहुंचा पा रहे हैं। गरीबों की चिंता करने वाली हेमंत सोरेन की सरकार नहीं है। इस सरकार में अपराधी व उग्रवादियों का बोलबाला है, जबकि भाजपा सरकार में अपराधी बिल में घूस जाते थे। आज अपराधी बेखौफ हैं और आम-अवाम खौफ में जीने को विवश हैं। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में विधि-वयवस्था पूरी तरह से चौपट हो शेष पृष्ठ 11 पर



### सीएम गलत नहीं तो ईडी से डर कैसा : मरांडी

वहीं श्री बंशीधर नगर पीडब्ल्यूडी मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए मरांडी ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गलत तरीके से नामी-बेनामी संपत्ति अर्जित की है। ईडी के समन के बाद भी भागते फिर रहे हैं। जब कुछ गड़बड़ नहीं किया है तो फिर डर कैसा? कहा कि पूरी सरकार करप्शन में डूबी हुई है। अपराध चरम पर है। गृह विभाग का डेटा कहता है कि प्रदेश में हर दिन औसतन 5 हत्याएं हो रही हैं। इस दौरान उन्होंने इंडिया गठबंधन पर भी प्रहार किया। मरांडी ने कहा कि प्रदेश सरकार की जनविरोधी कार्यों को बताने आपके पास आये हैं। देश और प्रदेश के विकास का विजन सिर्फ भाजपा के पास है। भाजपा गरीब, किसान, दलित, वंचित लोगो की दर्द को समझती है। 2014 में नरेंद्र मोदी की शेष पृष्ठ 11 पर

## हाईकोर्ट ने 26 हजार सहायक शिक्षकों की नियुक्ति पर लगी रोक हटाई, फिर से निकलेगा विज्ञापन

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य में सहायक शिक्षकों (आचार्य) के 26 हजार पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया पर लगाई गई रोक हटा ली है। नियुक्ति में आरक्षण के प्रावधानों को लेकर चुनौती देने वाली एक याचिका पर सुनवाई करते हुए 30 सितंबर को चीफ जस्टिस संजय मिश्रा की अध्यक्षता वाली बेंच ने नियुक्ति के विज्ञापन के बाद शुरू हुई आवेदन प्रक्रिया पर रोक लगा दी थी। अब आवेदन की प्रक्रिया फिर शुरू होगी। दरअसल, सहायक शिक्षकों की नियुक्ति का विज्ञापन झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने बीते अगस्त महीन में महीने जारी किया था। इसमें पूर्व से अनुबंध पर कार्यरत पारा शिक्षकों के लिए पचास फीसदी आरक्षण का प्रावधान किया गया था, लेकिन झारखंड शिक्षा परियोजना के बीआरपी (ब्लॉक रिसोर्स पर्सन) और सीआरपी (क्लस्टर रिसोर्स पर्सन) को इस आरक्षण के दायरे से बाहर रखा गया था। बीआरपी-सीआरपी को भी आरक्षण का लाभ देने की मांग को लेकर बहादुर महतो ने हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी।

## गागर में सागर

### चीन की आक्रामकता पर ध्यान देना होगा : चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ

**-आरएनएम**

**नई दिल्ली।** पांचवें जनरल केवी कृष्ण राव मेमोरियल व्याख्यान में 'वैश्विक भू-राजनीतिक व्यवस्था में आने वाली दिक्कतों' पर चर्चा करते हुए चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने भारत के रणनीतिक स्वायत्तता को रेखांकित किया। उन्होंने कहा, गुटनिरपेक्षता के अपने दृष्टिकोण से विश्व मित्र के दौर में आगे बढ़े। चीन के साथ उत्तरी सीमाओं पर विवाद को लेकर चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ ने कहा कि नई दिल्ली को रणनीतिक स्वायत्तता कार्ड खेलना होगा। साथ ही उन्होंने कहा, रणनीतिक स्वायत्तता अवसरों का फायदा उठाने के लिए प्रासंगिक हो सकती है। हमें अवसरों के बारे में अधिक सोचना चाहिए। चीन की बढ़ती आक्रामकता साफ दिखाई दे रही है। भारत का चीन के साथ अपनी उत्तरी सीमाओं पर एक बड़ा विवाद है। जनरल चौहान ने वैश्विक भू-राजनीति के आर्थिक पहलुओं के बारे में भी विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा, एक राष्ट्र के रूप में हमने एक प्रमुख भूमिका निभाने के लिए जी20 मंच का प्रयोग किया है। इसलिए ये भी खास तथ्य हैं, जिन्हें हमें रणनीतिक निर्णय लेते समय ध्यान में रखना चाहिए कि कैसे करना है? साथ ही उन्होंने कहा, अगर मुझे गुटनिरपेक्षता से लेकर रणनीतिक स्वायत्तता हासिल करने तक की भारत की यात्रा का सार देना हो, तो मैं जो कह सकता हूं वह तीन एस पर आधारित हो सकता है। पहला भारत को सुरक्षित करना है। दूसरा आत्मनिर्भरता, अंत में पर्यावरण को आकार देना है।

### हेमंत सोरेन ईडी के सामने पेश होंगे या नहीं, हाई कोर्ट में सुनवाई आज

**रांची।** जमीन घोटाला मामले में पूछताछ के लिए ईडी के पांच समन के बावजूद उपस्थित नहीं होने वाले झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की रिट पिटिशन पर झारखंड हाईकोर्ट में 6 अक्टूबर को अहम सुनवाई होगी। सोरेन के अधिवक्ता पीयूष चित्रेश द्वारा मामले को मेंशन किए जाने के बाद उनके आग्रह को स्वीकार करते हुए चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा और जस्टिस आनंद सेन की खंडपीठ ने सुनवाई की तारीख तय की है। सोरेन की याचिका में ईडी की ओर से जारी समन को कानून के खिलाफ बताया गया है। वहीं, पीएमएलए एक्ट की विभिन्न धाराओं की वैधता को भी चुनौती दी गयी है। गौरतलब है कि जमीन के कागजात में हेराफेरी और खरीद-बिक्री में हेराफेरी के कारण रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन, जमीन कारोबारी विष्णु अग्रवाल और अमित अग्रवाल समेत कई आरोपी जेल में हैं। इसी के बाद ईडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को समन दर समन जारी कर पूछताछ के लिए ईडी के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट रोड स्थित कार्यालय में बुलाया था, लेकिन मुख्यमंत्री किसी भी तारीख पर उपस्थित नहीं हुए। हालांकि उन्होंने ईडी के हर समन के बाद लिखित तौर पर जवाब भेजा। उन्होंने हर समन के जवाब में ईडी को लिखा कि वे कानूनी तौर पर इस कार्रवाई को अदालत में चुनौती दे रहे हैं। अदालत का फैसला आने तक समन स्थगित रखा जाए। ईडी की ओर से समन जारी करने की शुरूआत आठ अगस्त को हुई थी। तब ईडी ने उन्हें पूछताछ के लिए 14 अगस्त को बुलाया था। दूसरी बार 19 अगस्त को समन जारी कर 24 अगस्त को और तीसरी बार एक सितंबर को समन जारी कर 9 सितंबर को बुलाया था। पर इसी बीच सीएम ने सुप्रीम कोर्ट में रिट पिटिशन दायर कर दिया था।

# जिस समूह में जितने लोग उन्हें उतना अधिकार मिले

### जाति आधारित जनगणना को लेकर 2021 से रखी है हमनें अपनी मांग : सीएम

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** जातिगत जनगणना को लेकर 2021 से ही प्रयास किया जा रहा है। राज्यपाल को विधानसभा से पारित कर आरक्षण से संबंधित विधेयक भेज रखा है। सरकार का स्पष्ट मानना है कि जो जिस समूह में जितनी संख्या में हैं, उतना अधिकार उनको मिले। ये बातें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कही। मुख्यमंत्री गुरुवार को प्रोजेक्ट भवन में संवादाताओं के सवाल का जवाब दे रहे थे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सभी दलों की सहमति से आज से दो वर्ष पूर्व जाति आधारित जनगणना हेतु प्रधानमंत्री को पत्र लिख कर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मांग कर चुके हैं। दिल्ली में झारखंड के सर्वदलीय शिष्टमंडल के सदस्यों ने जाति आधारित जनगणना कराने की मांग पत्र गृह मंत्री को सितंबर 2021 में सौंपा था।



**वंचितों की बेहतरी एवं उत्थान संबंधित समुचित नीति निर्धारण जरूरी :** मुख्यमंत्री ने पत्र के माध्यम से कहा था कि संविधान में सामाजिक एवं शैक्षणिक रूप से पिछड़े वर्गों के विकास के लिए विशेष सुविधा एवं आरक्षण की व्यवस्था की है। आजादी के बाद से आज तक की कराई गई जनगणना में जातिगत आंकड़े नहीं रहने से विशेषकर पिछड़े वर्ग के लोगों को विशेष सुविधाएं पहुंचाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। वर्ष 2021 में प्रस्तावित जनगणना में युगों-युगों से उत्पीड़ित, उपहासित, उपेक्षित और वंचित पिछड़े एवं अति पिछड़े वर्गों की जातीय जनगणना नहीं कराने की सरकार द्वारा संसद में लिखित सूचना दी गयी जो कि दुर्भाग्यपूर्ण है। पिछड़े - अति पिछड़े वर्ग युगों से अपेक्षित प्रगति नहीं कर पा रहे हैं। ऐसे में यदि अब जातिगत जनगणना नहीं करायी जायेगी तो पिछड़ी / अति पिछड़ी जातियों की शैक्षणिक, सामाजिक, शेष पृष्ठ 11 पर

### गृहमंत्री की बैठक में शामिल होंगे मुख्यमंत्री

**रांची।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की नक्सल प्रभावित राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक में हिस्सा लेने के लिए गुरुवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, गृह सचिव अविनाश कुमार और डीजीपी अजय कुमार सिंह दिल्ली गए।झारखंड के आठ जिले माओवादियों की सक्रियता के लिहाज से अति माओवाद प्रभाव श्रेणी में हैं। राज्य के 16 जिलों में माओवादियों का प्रभाव है। केंद्रीय गृह मंत्रालय के मुताबिक, पूर्व में देशभर के 90 जिले माओवाद प्रभावित थे लेकिन अब इसकी संख्या घटकर 70 रह गयी है। केंद्र ने 70 में से 25 जिलों को अति माओवादी प्रभाव वाला माना है। देश के अति माओवाद प्रभाव वाले 25 में आठ जिले झारखंड के हैं। झारखंड में माओवाद प्रभाव वाले 16 जिलों में रांची, खूंटी, बोकारो, चतरा, धनबाद, पूर्वी सिंहभूम, गढ़वा, गिरिडीह, गुमला, हजारीबाग, लातेहार, लोहरदगा, पलामू, सिमडेगा, सरायकेला-खरसावां, पश्चिमी सिंहभूम शामिल हैं। आठ अति माओवाद प्रभावित जिलों में चतरा, गिरिडीह, गुमला, खूंटी, लोहरदगा, लातेहार, सरायकेला-खरसावां, पश्चिमी सिंहभूम शामिल हैं।

### पलामू में एसीबी की टीम ने की कार्रवाई

## घूस लेते नगर निगम के सिटी मैनेजर व सर्वेयर गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू एसीबी की टीम ने गुरुवार को मेदिनीनगर नगर निगम के सिटी मैनेजर एवं सर्वेयर को चार हजार रुपए घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया है। एसीबी ने प्रधानमंत्री आवास योजना में राशि भुगतान करने के एवज में घूस मांगने की एक लाभुक की शिकायत के आधार पर दोनों निगम कर्मियों को गिरफ्तार किया है। बताया जाता है कि शिकायत के सत्यापन के बाद मामला दर्ज करते हुए एसीबी की टीम ने कार्रवाई करते हुए नगर निगम कार्यालय से सिटी मैनेजर अनिल उरांव और सर्वेयर राकेश कुमार को घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया। बताया जाता है कि नगर निगम के वार्ड न.33 के सराज मियां की पत्नी लैलून बीबी को पीएम आवास मिला है। इसके तीसरे किस्त की राशि भुगतान के लिए सिटी मैनेजर घूस मांग रहा था। बताया गया है कि लाभुक के पुत्र एजाजुल अंसारी ने सिटी मैनेजर से मिलकर राशि के भुगतान का अनुरोध किया, लेकिन उसकी एक नहीं सुनी गई। लाभुक घूस नहीं देना चाहती थी, सो इसकी शिकायत एसीबी कार्यालय में की गई। जिसके बाद गुरुवार को एसीबी की टीम ने निगम कार्यालय में छापामारी कर सराज से घूस की राशि लेते रंगे हाथ दोनों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़ा गया सिटी मैनेजर अनिल उरांव रांची के पिठोरिया थाना का रहने वाला है। जबकि सर्वेयर राकेश कुमार शहर थाना क्षेत्र के नावाटोली का निवासी है।वह निगम में वर्ष 2021से अनुबंध पर कार्य कर रहा था। बहरहाल एसीबी ने आवश्यक कागजी कार्रवाई के बाद दोनों कर्मियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।



### नवोन्वेषी नाटकों व गद्य के लिए उपान्यासकार को मिला सम्मान

## नॉर्वेजियन लेखक जॉन फॉसे को साहित्य का नोबेल



**स्टॉकहोम/नई दिल्ली।** कम चर्चित लेखकों को दुनिया की सुर्खियों में लाने के मानक के अनुरूप, स्वीडिश अकादमी ने गुरुवार को नॉर्वेजियन उपन्यासकार और नाटककार जॉन फॉसे को वर्ष 2023 के लिए साहित्य के नोबेल पुरस्कार से सम्मानित करने की घोषणा की। 64 वर्षीय फॉसे को उनके नवोन्वेषी नाटकों और गद्य के लिए, इस पुरस्कार के लिए चुना गया है, क्योंकि वह अनकही बातों को मुखर होकर उजागर करते हैं। सन 1959 में पश्चिमी तटीय नॉर्वे में जन्मे फॉसे, जिनका नार्वेजियन के नाइनोर्स्क संस्करण में काम नाटक, उपन्यास, कविता, निबंध, बच्चों की किताबें और अनुवाद तक फैला हुआ है, सबसे व्यापक रूप से जाने जानेवाले नाटककारों में से एक हैं। हाल ही में उनका तेहरान में स्वागत हुआ है। उनका गद्य लेखन कार्य, जो 1983 में पहले उपन्यास रॉड्ट, स्वार्ट (रेड, ब्लैक) से शुरू हुआ, उसे काफी प्रसिद्धि मिली थी। वह 1999 में अपने नाटक नोकोन केजेम टिल ए कोमे (1996; समवन इज गोइंग टू कम, अंग्रेजी 2002) के पेरिस प्रदर्शन से सुर्खियों में आए, जो सबसे सरल शब्दों में, चिंता और शक्तिहीनता की महत्वपूर्ण मानवीय भावनाओं को प्रदर्शित करता है। हालांकि, उनकी भावना सैमुअल बेकेट, थॉमस बर्नहार्ड और जॉर्ज ट्राकल जैसे पूर्वजों की तरह नकारात्मक है। जबकि फॉसे अपने पूर्ववर्तियों के नकारात्मक दृष्टिकोण को साझा करते हैं, वह पूरी तरह से शून्यवादी नहीं हैं, क्योंकि उनके कार्यों में अधिक स्वास्थ्यप्रद भावनाओं और हास्य को भी देखा जा सकता है। उनका दूसरा उपन्यास स्टेंगड गिटार (1985, क्लोज्ड गिटार) है, जो उनकी विशिष्ट शैली में एक युवा महिला के माध्यम से मानवीय चिड़चिड़ापन की एक गंभीर कहानी पेश करता है। वह शेष पृष्ठ 11 पर

# राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में 32 प्रस्तावों पर मुहर

### झारखंड राज्य प्रशिक्षण नीति स्वीकृत

### राज्य के उत्कृष्ट पंचायत, प्रखंड पंचायत, जिला परिषद के लिए पुरस्कार योजना होगी शुरू

**रांची।** झारखंड मंत्रालय में कैबिनेट की बैठक गुरुवार को हुई। बैठक की अध्यक्षता मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने की। इसमें 32 प्रस्तावों पर मुहर लगी है। त्रिस्तरीय पंचायत के लिए मुख्यमंत्री पंचायत पुरस्कार योजना के तहत 24 ग्राम पंचायत को 10 लाख रुपये का पुरस्कार, पांच प्रखंड पंचायत को 15 लाख और दो जिला परिषद को 20 लाख रुपये की राशि दी जायेगी। स्वास्थ्य एवं स्वच्छ प्रोत्साहन पुरस्कार के तहत भी 24 पंचायत को 10 लाख, प्रखंड पंचायत को 15 लाख और जिला परिषद को 20 लाख रुपये दिये जायेंगे। उत्कृष्ट ग्राम सभा पुरस्कार योजना के तहत 48 ग्राम सभा को चार-चार लाख रुपये उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए दिये जायेंगे। झारखंड राज्य प्रशिक्षण नीति-2023 को स्वीकृति दी गई। इसके तहत जो भी शेष पृष्ठ 11 पर

### कैबिनेट के अन्य फैसले

- लोहरदगा जिले में 23 जनवरी, 2020 को हिंसा और राजधानी से प्रभावित 91 परिवारों की चल-अचल संपत्ति के नुकसान के बदले 51 लाख रुपये अधिक मुआवजा भुगतान करने की स्वीकृति दी गई।
- कैंसर बीमारी से संबंधित आंकड़ा जताने के लिए चिकित्सा संसाधनों को आंकड़ा उपलब्ध कराने को अनिवार्य किया। रैबीज बीमारी को नोटिफाई बीमारी में अधिसूचित किया गया।
- ओपन जेल में कैदियों को भेजने के लिए नियम को सरल किया गया। पुलिस महानिदेशक कार्यालय की सूची के अनुसार उन्हें ओपन जेल में शिफ्ट किया जाएगा।
- पथ प्रमंडल बोकारो अंतर्गत नवाडीह गोमो पथ 11.5 किलोमीटर के चौड़ीकरण-मजबूतीकरण के लिए 38 करोड़ की योजना मंजूर हुई।
- जामताड़ा निराशा पथ पर बराकर नदी पर 263 करोड़ की लागत से उच्च स्तरीय पुल बनाने का पथ निर्माण विभाग के प्रस्ताव पर मंजूरी दी गई।
- शिक्षा परियोजना में मुख्य अभियंता का पद सृजित किया गया।
- रांची नगर निगम के अंतर्गत कार्यरत सहायक अभियंता और नगर प्रबंधक के बकाया भुगतान के लिए एक करोड़ 40 लाख रुपये जेसीएफ लोन लेकर देने की स्वीकृति दी गई।
- राज्य के स्थानीय नगर निकायों में कार्यरत कर्मियों सहायक नगर आयुक्त कार्यपालक पदाधिकारी शेष पृष्ठ 11 पर

# पितृ पक्ष के आखिरी दिन लगेगा साल का अंतिम सूर्य ग्रहण

**शशि भूषण शर्मा**



**रांची।** 14 अक्तूबर 2023 को सूर्य ग्रहण लगने जा रहा है। यह साल 2023 का दूसरा और आखिरी सूर्य ग्रहण होगा। इसके पहले इस साल का पहला सूर्य ग्रहण 20 अप्रैल को लगा था। यह ग्रहण सुबह 7 बजकर 04 मिनट से लेकर दोपहर 12 बजकर 29 मिनट तक रहा था। अब 14 अक्तूबर को आखिरी सूर्य ग्रहण लगने जा रहा है। भारतीय समय के अनुसार यह सूर्य ग्रहण 14 अक्तूबर की रात 08 बजकर 34 मिनट से शुरू होगा जो 2 बजकर 24 मिनट तक चलेगा। सूर्य ग्रहण में 12 घंटे पहले से ही सुतक काल लग जाता है, इसलिए इस सूर्य ग्रहण का सूतक काल सुबह 8 बजकर 34 मिनट से शुरू हो जाएगा। वैसे तो साल का आखिरी सूर्य ग्रहण भारत में दिखाई नहीं देगा, इसलिए यहां इसका सूतक काल भी मान्य नहीं होगा। लेकिन फिर भी सूर्य ग्रहण के दौरान कुछ सावधानियां बरतनी जरूरी है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार सूर्य ग्रहण के दौरान कुछ कार्य करने से आपको परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

### क्या भारत में नजर आएगा सूर्य ग्रहण

भारत में साल का आखिरी सूर्य ग्रहण नहीं दिखाई देगा। जिसके कारण देश में सूतक काल मान्य नहीं होगा। यह सूर्य ग्रहण उत्तरी अमेरिका, कनाडा, मैक्सिकों, अजेटीर्ना, पेरू, क्यूबा, कोलांबिया और ब्राजील में देखा जा सकेगा।

### भारत में सूतक काल मान्य नहीं

धार्मिक नजरिए के लिहाज से ग्रहण की घटना को शुभ नहीं माना जाता है और ग्रहण के लगने से पहले ही सूतक काल मान्य होता है। सूतक काल लगने पर किसी भी तरह का शुभ कार्य और पूजा-अनुष्ठान करना वर्जित होता है। सूर्य ग्रहण लगने पर ग्रहण के 12 घंटे पहले सूतक काल मान्य होता है वहीं चंद्र ग्रहण लगने पर सूतक काल 9 घंटे पहले मान्य होता है। चूंकि भारत में इस ग्रहण को नहीं देखा जा सकेगा इसलिए इसका सूतक काल मान्य नहीं होगा। इस दिन सामान्य दिनचर्या में कामकाज किया जा सकता है।

### सूर्य ग्रहण के बाद चंद्र ग्रहण भी

14 अक्तूबर को सूर्य ग्रहण लगने के बाद साल का आखिरी चंद्र ग्रहण भी लगेगा। यह चंद्र ग्रहण 28 अक्तूबर को पूर्णिमा तिथि पर लगेगा। यह चंद्र ग्रहण आंशिक चंद्रग्रहण होगा। जिसे भारत में देखा जा सकता है। भारतीय समयानुसार 28 अक्तूबर की आधी रात 01बचकर 06 मिनट से 02 बजकर 22 मिनट तक चंद्रग्रहण लगेगा।

### इस राशि और नक्षत्र में लगेगा सूर्य ग्रहण

हिंदू पंचांग के अनुसार साल का यह आखिरी सूर्य ग्रहण अश्विन माह की अमावस्या तिथि को कन्या राशि और चित्रा नक्षत्र में लगेगा।

## तारा शाहदेव केस : रंजीत उर्फ रकीबुल को उम्रकैद, मुश्ताक अहमद को 15 साल की सजा

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** बहुचर्चित नेशनल शूटर तारा शाहदेव मामले में कोर्ट ने सजा का एलान कर दिया है। **रंजीत सिंह कोहली उर्फ रकीबुल**, उसकी मां कौशल रानी और मुश्ताक अहमद को सीबीआई की विशेष अदालत ने सजा सुना दी है। इससे पहले 30 सितम्बर को तीनों को विशेष अदालत ने दोषी करार दिया था। झारखंड के बहुचर्चित नेशनल शूटर तारा शाहदेव से जुड़े 8 साल पुराने यौन उत्पीड़न, दहेज प्रताड़ना और जबरन धर्म परिवर्तन मामले में सीबीआई की विशेष अदालत ने बड़ा फैसला सुनाया है। सीबीआई की विशेष अदालत ने रंजीत सिंह कोहली को 75,000/- रुपये के जुर्माने के साथ आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। वहीं, मां कौशल रानी को 50,000/- रुपये के जुर्माने के साथ 10 साल की कठोर कैद और झारखंड उच्च न्यायालय के तत्कालीन रजिस्ट्रार जनरल (सतर्कता) मुश्ताक अहमद को 50,000/- रुपये के जुर्माने के साथ 15 साल की कठोर कैद की सजा सुनाई है।

**2015 से जांच कर रही थी सीबीआई :** सीबीआई ने एक रिट याचिका (पीआईएल) संख्या 4400/2014 में झारखंड उच्च न्यायालय के 22.05.2015 के आदेश के अनुसार रंजीत सिंह कोहली और अन्य के खिलाफ 10.08.2015 को तत्काल मामला दर्ज किया था और मामले को अपने अधीन ले लिया था।

### अदालत पर भरोसा था : तारा शाहदेव

नेशनल शूटर तारा शाहदेव मामले में गुरुवार को सीबीआई की विशेष अदालत के द्वारा आरोपियों के सजा के एलान के बाद आखिरकार तारा शाहदेव ने अपने खिलाफ हुए अत्याचार और अन्याय के खिलाफ एक लंबी लड़ाई लड़ जीत हासिल कर ही लिया। अदालत के द्वारा सजा के ऐलान के बाद तारा शाहदेव ने भारत के न्याय प्रणाली पर अपना भरोसा जताया है।

## गागर में सागर

### क्षतिग्रस्त घर का निरीक्षण करने पहुंचे पाटन प्रमुख

**पाटन** । उताकी पंचायत के ग्राम बैदा कला मे पिछले दिनों के भारी वर्षा में तेतरी कुंवर स्वर्गीय देवराज मोची का घर क्षतिग्रस्त हो गया है जिसकी सूचना मिलते ही पाटन प्रमुख शोभा देवी तेतरी देवी के क्षतिग्रस्त घर का मुआयना किया। तथा मकान मालिक क क्षतिग्रस्त घर की सरकारी मुआवजा दिलाने का हर संभव आश्वासन दिया।

### आम आदमी पार्टी का पुतला दहन व विरोध प्रदर्शन

**मेदिनीनगर।** आम आदमी पार्टी पलामू जिला कमेटी के द्वारा आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी व सांसद संजय सिंह को गिरफ्तार करने के विरोध में नरेंद्र मोदी का पुतला दहन और विरोध प्रदर्शन किया गया। जिसमें पदाधिकारी व कार्यकर्ता जिला संयोजक चंद्रबली चौबे, कार्यकारी सचिव सुधीर कुमार,प्रदेश प्रवक्ता ओमकार जयश्वाल, प्रदेश नेता संजय राम,किशोर लव तिवारी मौजूद थे।

### सात ग्रामीण सड़कों की निविदा निकली

**हुसैनाबाद।** स्थानीय विधायक सह एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष कमलेश कुमार सिंह ने कहा है कि विधायक कोटा के अलावा विधानसभा क्षेत्र में 50 से अधिक ग्रामीण सड़कों पर काम चल रहा है। कुछ पूर्ण भी हो गई हैं।

# हुसैनाबाद नगर पंचायत में दस दिनों से जलापूर्ति बंद, उपभोक्ता परेशान

### विभागीय लापरवाही के कारण इधर लगातार पेयजल आपूर्ति बाधित हो रही है



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद नगर पंचायत क्षेत्रों में देवरी सोन नदी से होने होने वाली जलापूर्ति दस दिन बाद भी शुरू नहीं किया गया है। बताया जाता हैं कि मोटर जलने के कारण पिछले दस दिनों से जलापूर्ति बंद हैं। एक ओर जहां लगातार बारिश से जन जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है, वहीं बरसात में भी उपभोक्ताओं को पीने की पानी की घोर संकट उत्पन्न हो गया हैं। जलापूर्ति कर्मी उदय पासवान ने बताया कि मोटर बनकर आ गया है, दो तीन दिनों में नियमित जलापूर्ति की जाएगी। उपभोक्ताओं का कहना है कि देवरी कला में वहां दो मोटर लगाया गया है, ताकि एक खराब होने पर दूसरे मोटर से पेयजल आपूर्ति किया जा सकें । लेकिन वर्तमान में विभागीय लापरवाही के कारण इधर लगातार पेयजल आपूर्ति बाधित हो रही हैं। जुलाई माह में भी एक सप्ताह से पानी सप्लाई बंद था। और पुनः बंद हो गई है। उपभोक्ताओं का कहना है कि शहर में कई दिनों तक जलापूर्ति बंद रहता हैं, फिर भी पानी का टैक्स पूरे महीने का लिया जाता हैं। उपभोक्ताओं ने एक वर्ष में जितने दिन पानी की आपूर्ति बंद है, उतने दिनों का टैक्स माफ करने और शहरी क्षेत्रों में नियमित जलापूर्ति कराने की मांग की। है। ताकि लोग शुद्ध पेयजल आपूर्ति का लाभ लें सकें।

# विश्रामपुर में बाबूलाल मरांडी की जनसभा आज, सारी तैयारी पूरी



**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** संकल्प यात्रा के दौरान भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी शुक्रवार को विश्रामपुर आयेंगे।जहां श्री मरांडी जनता उच्च विद्यालय के खेल मैदान में आयोजित एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे।इसकी जानकारी भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी ने आरसीआइटी कॉलेज के सभागर में आयोजित प्रेसवार्ता में दी। उन्होंने कहा कि श्री मरांडी के संकल्प यात्रा और जनसभा की सारी तैयारी पूरी हो चुकी है।उनके स्वागत हेतु सैकड़ो की संख्या में मोटरसाइकिल जुलूस निकाली जायेगी।रेहला थाना चौक व बी मोड़ पर भाजपा कार्यकर्ता उनका भव्य स्वागत करेंगे। श्री चंद्रवंशी ने कहा कि बाबूलाल मरांडी का यह प्रस्तावित कार्यक्रम ऐतिहासिक होगा।दावा किया कि बिश्रामपुर के जनसभा में 25 हजार से भी ज्यादा लोग शामिल होंगे। जनसभा की सफलता हेतु भाजपा कार्यकर्ता जी जान से जुटे हुये हैं।उन्होंने आम लोगों से जनसभा में ज्यादा से ज्यादा संख्या में शामिल होने का अपील किया। प्रेसवार्ता में वरीय भाजपा नेता भोला चंद्रवंशी व विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव भी मौजूद थे।

### बारिश से तीन लोगों का घर गिरा, लोग परेशान



**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** प्रखंड के भगत तेंदुआ गांव निवासी स्वर्गीय बनारसी पासवान की विधवा फूलमती देवी तथा लखन पासवान का कच्चा खपरैल मकान गुरुवार की सुबह गिर गया। जिसमें उक्त दोनों व्यक्ति किसी तरह से प्लास्टिक लगाकर रहने को विवश हैं। ढकचा गांव निवासी राजेश ठाकुर पिता स्व. भिखारी ठाकुर का कच्चा खप्परैल मकान बारिश से गिर गया। जिससे घर विहीन परिवार को बारिश के इस मौसम में काफी परेशानियो का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी मिलने पर समाजसेवी सह युवानेता राजीव रंजन भगत तेंदुआ गांव में पहुंचकर पीड़ित परिवारों को हाल जानने के बाद आपदा प्रबंधन विभाग से उचित मुआवजा देने की मांग किये हं। बेघर परिजनों ने कहा कि इस बारिश के मौसम में घर गिर जाने के बाद परिवार के सदस्यों को कहां ले जाएं समझ नहीं आ रहा है। साथ ही घर में रखें खाने-पीने, बिस्तर, बेड सारा सामान भी दीवार से दबकर नष्ट हो गए हैं।

### श्राद्ध कार्यक्रम में शामिल हुए राकांपा नेता

**हरिहरगंज।** रामजन्म सिंह के पत्नी शारदा देवी तथा स्व. ललिता प्रसाद सिंह की पत्नी शोभा देवी के असामयिक निधन पर राकांपा नेता शामिल हुए। जिसमें हरिहरगंज-हुसैनाबाद विधानसभा के राकांपा की पर्यवेक्षक नीतू सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष अखिलेश कुमार मेहता, विधायक प्रतिनिधि संदीप पासवान, जिला सचिव अजय कुमार सिंह, 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष रविंद्र कुमार सिंह, प्रखंड उपाध्यक्ष उदय कुमार सिंह, डॉ प्रमोद कुमार, शिक्षक मृत्युंजय कुमार सिंह सहित अन्य राकांपा नेता मौजूद थे।

### बाइक चोर गिरोह के तीन सदस्यों को ग्रामीणों ने पकड़कर किया पुलिस के हवाले

**नवीन मेल संवाददाता**

**सगालीम।** पलामू जिले के पांकी थाना क्षेत्र के आसेहार पंचायत के कुसड़ी गांव में ग्रामीणों ने बाइक चोर गिरोह के तीन सदस्यों को पकड़कर पुलिस का हवाले कर दिया है। पकड़े गए लोगों के निशानदेही पर चनकी जंगल में छुपाकर रखे गए चोरी की बाइक भी बरामद किया गया है। पांकी थाना पुलिस मौके पर पहुंच तीनों को हिरासत में लेते हुए थाना ले गई है। पकड़े गए तीनों बाइक चोर गिरोह विकास कुमार पिता ईश्वरी राम, सीटहल कुमार पिता लालमोहन सिंह, राकेश सिंह पिता दामोदर सिंह कुसड़ी गांव स्थित पुरनी बथान के निवासी हैं। बताया जाता है कि पांकी के बनई गांव के एक व्यक्ति का कुछ दिन पूर्व उनके घर से बाइक की चोरी हो गई थी। इस क्रम में पता चला कि पांकी के कुसड़ी गांव स्थित पुरनी बथान के कुछ लोग गिरोह बनाकर बाइक की चोरी कर रहे हैं। स्थानीय ग्रामीणों ने चोरों को पकड़ने के लिए गांव में कई दिनों से नजर बनाए रखे थे। बुधवार की रात सुनसान जगह में पीते खाते तीन लोगों को स्थानीय लोगों ने देखा। शक के आधार पर ग्रामीणों ने तीनों को पकड़ पूछताछ किया। पूछताछ के दौरान पकड़े

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी से की औपचारिक मुलाकात



**नवीन मेल संवाददाता**

**नावा बजार।** बेल चंपा स्थित एसआईएस परिषदन भवन में गढ़वा जिला के कार्यक्रम भाजपा संकल्प यात्रा को संबोधित कर पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी शाम को लौटने पर उनसे मिलने पूर्णकालिक भाजपा कार्यकर्ता रह सुशील शुक्ला पहुंचे उनके साथ विश्रामपुर पूर्व प्रमुख संतोष चौबे ने भी मुलाकात की। मुलाकात के दरम्यान श्री मरांडी को क्षेत्र की समस्या से अवगत कराया।

**नायाब कोशिश** | यह पद्धति दक्षिणी अफ्रीका के जंगलों में बहुत ही कामयाब मानी गई है

# पलामू टाइगर रिजर्व में बोम्मा पद्धति अगले माह नवंबर से चालू की जायेगी

### इस पद्धति से लगभग 200 चीतल बेतला नेशनल पार्क से सड़क के माध्यम से पीटीआर के ही चार अन्य जगह भेजे गये है



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू टाइगर रिजर्व में बोम्मा पद्धति अगले माह नवंबर से चालू की जायेगी। यह पद्धति पहली बार पलामू टाइगर रिजर्व में की जा रही है। इस पद्धति से लगभग 200 चीतल बेतला नेशनल पार्क से सड़क के माध्यम से पीटीआर के ही चार अन्य जगह भेजे गये है। दो छिपादोहर रेंज में है। जो उतरी प्रमंडल पीटीआर का हिस्सा है। बचे दो दक्षिणी प्रमंडल के हैं। जिनके नाम है बाड़ेसाढ़ और टेनो चारों जगह पर सॉफ्ट रिलीज केंद्र बनाया गया है। जहां बेतला नेशनल पार्क से ले जाने वाले चीतल रखे जाएंगे । बोम्मा एक बहुत ही अच्छी और सफल कोशिश है। वन प्राणी को एक जगह से दूसरी जगह ले जाने के लिए । इसमें वन प्राणी को ना तो कोई केवल जान का खतरा होता है और ना ही उनके शरीर को थकान होती है। यह पद्धति दक्षिणी अफ्रीका के जंगलों में बहुत ही कामयाब मानी गई है। अपने भारत में मध्य प्रदेश में जहां 6 टाइगर रिजर्व हैं। उनमें से दो में बोम्मा तकनीक से वन्य प्राणियों को एक जगह से दूसरी जगह किया गया है। मध्य प्रदेश के दो टाइगर रिजर्व हैं। कान्हा टाइगर रिजर्व और बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व इस तकनीक पर । पहली बार पलामू टाइगर रिजर्व में चीतल को बेतला से छिपादोहर के स्थान और बाड़ेसाढ़ के एक और टेनू में एक स्थान पर पहुंचाया जाएगा। उत्तरी प्रमंडल के उपनिदेशक पी.के जैना इस बात की पुष्टि की है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि काम यहां बहुत ही सरलता और सुलभता से हो जाएगा । जैना ने विश्वास दिलाया है कि बोम्मा तकनीक यकीनन पहली बार पीटीआर में होगी। लेकिन यह पूर्ण रूप से एक सफल उपयोगी और बहुत ही दिलचस्प अभियान का रूप ले लेगी

### दिवंगत भाजपा नेता के घर गये बाबूलाल मरांडी

**विश्रामपुर।** झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी देर शाम गढ़वा जाने के क्रम में विश्रामपुर प्रखंड के केतात गांव पहुंचे। जहां उन्होंने दिवंगत भाजपा नेता सतेंद्र नाथ चौबे उर्फ ललन चौबे के घर जाकर परिजनों से मुलाकात की। यहां बताते चलें कि पिछले माह ललन चौबे का निधन हो गया था। श्री मरांडी ने स्व ललन चौबे के परिजनों को सांत्वना दिया। उनके बड़े बेटे अमित चौबे पिंटू को ढांढस बंधाते हुए कहा कि पूरा भाजपा परिवार आपके साथ खड़ा है। ललन चौबे भाजपा के सच्चे सिपाही थे। उन्होंने ता जिंदगी पार्टी हित में काम किया। जिसके लिए प्रदेश भाजपा उनका ऋणी है। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष विजयानंद पाठक, पूर्व जिलाध्यक्ष नरेंद्र पांडेय, प्रादेशिक नेता बालमुकुंद सहाय, विनय जयसवाल,जोगेंद्र सिंह, प्रफुल्ल सहित कई लोग मौजूद थे।

# कांग्रेस जिलाध्यक्ष की कार्यकर्ताओं के साथ बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**

**सतबरवा।** बबलू होटल में गुरुवार को कांग्रेस कार्यकताओं की बैठक हुई। जिसमे जिसमें बतौर मुख्य अतिथिकांग्रेस के पलामू जिलाध्यक्ष बिट्टू पाठक एवं विनोद तिवारी उपस्थित थे। बैठक की अध्यक्षता विधायक प्रतिनिधि सह कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष प्रमोद यादव ने की। जबकि संचालन उप प्रमुख कामाख्या नारायण यादव ने किया। इस मौके पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने कहा कि जुड़ेगा भारत जीतेगा इंडिया के तहत मोदी सरकार के गलत नीतियों के विरोध में 10 अक्टूबर से 18 अक्टूबर तक हल्ला बोल कार्यक्रम पूरे जिले में होगा। सतबरवा में 18 अक्टूबर को नुक्कड़ सभा होगी । पाठक ने कहा कि आप सभी के सहयोग से सतबरवा के भ्रष्ट बीडीओ व पूर्व थाना प्रभारी के खिलाफ जो लड़ाई लड़ी वह सराहनीय है। उन्होंने कहा कि सरकार हमारी भले ही झारखंड में है, पर भ्रष्टाचार में लिप्त पदाधिकारी का पदार्फांश हमेशा होता रहेगा। हम भ्रष्ट पदाधिकारी के खिलाफ लड़ेंगे। श्री पाठक ने कांग्रेस को बूथ स्तर तक मजबूत करने की बात कही तथा कहा कि होंने वाला लोकसभा व विधानसभा की चुनाव की तैयारी में जूंट जाएं। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष सह बारी पंसस जुबैर खान , बकोरिया मुखिया संतोष उरांव , पंसस प्रेमचंद उरांव, पिंटू आलम मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### बरसाती पानी के निकास का रास्ता बंद करने से कई घर जलमग्न

**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** नीलांबर पीतांबर पुर स्थित ग्राम बाबू दुम्बी के कुछ ग्रामीणों ने अपने बगल के पड़ोसियों पर बरसात का पानी रोके जाने का आरोप लगाया। उनका कहना है कि सालों से उसी रास्ते से पानी आहार में जाता रहा है। लेकिन हाल फिलहाल में कुछ लोगों ने वहां नया घर बनाया है जिसमें एक थाने में सिपाही है तथा दूसरा जैप आठ में। दोनों आपस में रिश्तेदार भी हैं। घर बनाते समय ही ग्रामीणों ने उन्हें सड़क किनारे सीमेंट का पाइप देने के लिए कहा था लेकिन उन्होंने नहीं दिया उल्टा पहले से स्थित सीमेंटेड पाइप का मुंह भी जबरदस्ती ईंट पत्थर डालकर बंद कर दिया। ऊपर से ईंट का दीवार देकर सड़क जाम कर दिया जिसके कारण पानी आगे नहीं जा पा रहा है और जल जमाव की स्थिति उत्पन्न हो गई। जिससे लगभग 10 घर पानी से जलमग्न हो गए हैं और कई लोगों के घर में भी पानी घुस गया है। ग्रामीण कहना है कि वे कहते हैं कि वह सीमेंट का पाइप नहीं लगाएंगे जिन्हें जरूरत है वह आकर लगा ले। लोगों का आना-जाना दुभर हो गया है। शौचालय जाम हो गए हैं तथा बच्चों के लिए खतरा उत्पन्न हो गया है। जल जमाव से बीमारी भी फैलने की नौबत आ गई है।


## कार्यालय :- प्राचार्य,मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज,पलामू
पोखराहा,पो० - रजवाडीह,822118
Email - Palamumedicalcollege@gmail .com

पत्रांक:................/ मेदिनीनगर, दिनांक:......................./2023

**अल्पकालीन ई0–निविदा सूचना**
ई0–निवदि सं0 05/2023–24

| Sl no | Details | Timelines/Other Particulars |
|---|---|---|
| 1 | कार्यालय का नाम | मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज,पलामू में कैफेटेरिया संचालन हेतू। |
| 2 | निविदा जारी करने वाले पदाधिकारी का नाम | प्राचार्य मेदिनीराय मेडिकल कालेज,पलामू। |
| 3 | बेवसाईट पर एन0आई0टी0(Online) प्रकाशन की तिथि | दिनांक 08.10.2023 पूर्वाहन् 11:बजे से |
| 4 | बेवसाईट पर निविदा Online Submission प्रारम्भ की तिथि। | दिनांक 10.09.2023 पूर्वाहन् 11:बजे से |
| 5 | wwwjharkhandtender.gov.in पर निविदा Upload किये जाने की अंतिम तिथि तथा समय। | दिनांक 24.10.2023 पूर्वाहन् 11:बजे से |
| 6 | निविदा शुल्क,अग्रधन की राशि,एवं तकनीकी निविदा की वास्तविक कॉपी (2nd copy) जमा करने की अन्तिम तिथि (By Registered or Speed Post or by hand) | दिनांक 01.11.2023 पूर्वाहन् 05:00 बजे से अपराहन् तक प्राचार्य,मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज,पलामू के कार्यालय में। |
| 7 | तकनीकी निविदा खोलने की तिथि तथा समय | दिनांक 02.11.2023 पूर्वाहन् 03:00 बजे |
| 8 | Tender Fee | रूपया 1500/–(एक हजार पॉच रूपये) का किसी राष्ट्रीयकृत बैक के द्वारा निर्गत बैक ड्राफ्ट जो Principal medinirai Medical college Palamu के पदनाम से निर्गत होगा। तथा यह राशि Non-Refundable होगा। |
| 9 | Earnest Money (EMD) | रूपया 25000/–(पचीस हजार रूपये) का किसी राष्ट्रीयकृत बैक के द्वारा निर्गत बैक ड्राफ्ट जो Principal medinirai Medical college Palamu के पदनाम से निर्गत होगा। तथा यह राशि Refundable होगा। |

नोटः– निविदा केवल ई–टेन्डर के माध्यम से ही स्वीकार किया जायगा। संबंधित अतिरिक्त जानकारी www.jharkhandtender.gov.in पर उपलब्ध है।

प्राचार्य
मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज,पलामू

PR 308380 District(23-24).D



## कार्यालय नगर पंचायत हुसैनाबाद

**अति अल्पकालीन कोटेशन/ दर आमंत्रण सूचना सं0 05/2023–24**

नगर पंचायत हुसैनाबाद में वित्तीय वर्ष 2015–16 से 2022–23 तक PMAY(U) योजना का अंकेक्षण के साथ–साथ आंकड़ो का मिलान कार्य करने हेतु इच्छुक CA Firm/संस्था जिसको संबंधित क्षेत्र में कार्यानुभव हो से कोटेशन आमंत्रित की जाती है। इच्छुक CA Firm/संस्था बंद लिफाफेमेंदरअंकितकरदिनांक 13.10.2023 कोपूर्वाहन 11:00 बजे तक नगर पंचायत हुसैनाबाद के कार्यालय में जमा कर सकते हैं।कोटेशन उसी दिन अपराहन 03:00 बजे अधोहस्ताक्षरी के समक्ष नगर पंचायत हुसैनाबाद के कार्यालय में खोली जायेगी। कोटेशन समर्पित करने वाले कोटेशन दाता स्वयं व अपने किसी प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं।

प्रशासक
नगर पंचायत हुसैनाबाद

PR 308428 (District)23-24*D



## नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट
पो०–नेतरहाट, जिला–लातेहार
(An Autonomous Institution under Ministry of School Education and Literacy, Govt. of Jharkhand)

संख्या –1665 दिनांक–04.10.2023

**पुर्न-निविदा सूचना**

नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट के लगभग 500 विद्यार्थियों हेतु एवं विद्यालय के अन्य विविध उपयोग मे लायी जाने वाली विविध सामग्रियों के क्रय एवं आपूर्ति हेतु पुर्ननिविदा संख्या–176, दिनांक–18.08.2023 (PR No 292436 Human Resource Development (23-24):D प्रकाशित की गई थी। प्रकाशित निविदा में कुछेक सामाग्री कोडों में प्रर्याप्त निविदा प्राप्त नहीं होने की स्थिति में पुननिर्विदा प्रकाशित की जा रही है।मुहरबंद निविदायें प्राचार्य, नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट के नाम आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | निविदा का नाम | विविध सामग्रियों के क्रय एवं आपूर्ति हेतु । |
| 2. | कार्यालय का नाम एवं पता | प्राचार्य, नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट पो०–नेतरहाट, जिला–लातेहार, पिन–835218 |
| 3. | सामग्रियों का नाम | कोड–10 (दवा, उपकरण आदि) कोड–15 (प्रिन्टीग एवं प्रकाशन) |
| 4. | निविदा भेजने का पता | प्राचार्य, नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट पो०–नेतरहाट, जिला–लातेहार। पिन कोड–835218 |
| 5. | वेबसाईट का नाम एवं निविदा प्रसारण तिथि | WWW.netarhatvidyalaya.com पर दिनांक 05.10.2023, समय 1.00 बजे अपराह्न से उपलब्ध। |
| 6. | बिल ऑफ क्वटिटी प्राप्त करने का माध्यम | विद्यालय कार्यालय से हाथो–हाथ निविदा राषि जमा करने के पश्चात्। |
| 7. | बिल ऑफ क्वांटिटी प्राप्त करने की अंतिम तिथि | 12.10.2023 के पूर्वाहन 10:00 बजे से अपराहन 1:00 बजे तक |
| 8. | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | 16.10.2023 समय 11.30 बजे पूर्वाह्न तक। |
| 9. | निविदा खुलने की तिथि | 17.10.2023 समय 11.30 बजे पूर्वाह्न (टेक्नीकल बीड) एवं 18.10.2023 फिनानसियल बीड 11.30 बजे पूर्वाह्न अथवा कार्यालय सुविधानुसार तिथि परिवर्तन की जा सकती है। फिनानसियल बीड, केवल वैसे आपूर्तिकर्त्ता जो टेक्नीकल बीड में सफल पाये जायेंगे। |
| | नोट :–निविदा सूचना, निविदा नियम एवं शर्त्ते, निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि एवं अन्य सभी प्रकार की वांछित सूचनाएँ/निविदा संबंधी कागजात विद्यालय कार्यालय में पूर्वाहन 10.00 बजे से अप० 1.00 बजे तक संबंधित राशि जमा कर प्राप्त की जा सकती है। | |

प्राचार्य,
नेतरहाट आवासीय विद्यालय,
नेतरहाट।

PR 308354 (Human Resource Developement) 23-24 (D)



## कार्यालय जिला शिक्षा पदाधिकारी, पलामू
नया समाहरणालय ''C'' ब्लॉक, मेदिनीनगर, पलामू (झारखण्ड)
822101 Email- deo.palamu@gmail.com

**प्रेस विज्ञप्ति**

झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग, राँची के पत्रांक 1562 दिनांक 20.09.2023 एवं पत्रांक 1568 दिनांक 21.09.2023 का पत्र जो सरकार के सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग (मा0 शि0), झारखण्ड, राँची के पत्रांक 2658 एवं 2657 दिनांक 03.10.2023 के द्वारा स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक के विभिन्न विषयों में यथा उर्दू एवं हिन्दी के पद पर नियुक्ति हेतु कुल 04 (चार) अनुशंसित अभ्यर्थियों का कॉउसिलिंग किया जाना है। कॉउसिलिंग का कार्य जिला शिक्षा पदाधिकारी, पलामू (नया समाहरणालय भवन ब्लॉक 'सी' मेदिनीनगर, पलामू) के कार्यालय में दिनांक 07.10.2023 को पूर्वाह्न 11:00 बजे से 05:00 बजे अपराह्न तक की जायेगी। अनुशंसित अभ्यर्थियों से संबंधित विशेष जानकारी जिला के अधिकारिक वेबसाईट www.palamu.nic.in पर देखा जा सकता है।

अतः चयनित/अनुशंसित अभ्यर्थी अपने–अपने शैक्षणिक/प्रशैक्षणिक (बी0एड0 डिग्री की वैधता के संबंध में एन0सी0टी0ई0 से मान्यता संबंधी प्रमाणक) एवं अन्य मूल प्रमाण–पत्र, दो पासपोर्ट साईज फोटो एवं प्रमाण–पत्र की छायाप्रति दो प्रति में फोलडर फाईल के साथ निर्धारित तिथि को ससमय कॉउसिलिंग स्थल पर उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

(अनिल कुमार चौधरी)
जिला शिक्षा पदाधिकारी
पलामू

PR 308425 District (23-24)_D



## कार्यालय :– प्राचार्य, मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज, पलामू।
पोखराहा, पो0 – रजवाडीह, 822118 Email - Palamumedicalcollege@gmail .com

पत्रांक:................/ मेदिनीनगर, दिनांक:......................./2023

**अल्पकालीन निविदा आमत्रंण सूचना (NIT)**
निविदा संख्या– 04/2023–24

मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज, पलामू के लिए चालु वर्ष 2023–24 में प्राचार्य,मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज,पलामू के लिये विभागीय वाहन (वातानुकुलित बोलेरो) हेतु इक्छुक ट्रेवल ऐजेन्सि/फर्म से निविदा दिनांक 06.10.2023 के अपराह्न 12:30 बजे से आमंत्रित किया जाता है।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राचार्य, मेदिनराय मेडिकल कॉलेज,पलामू के लिये वाहन (वातानुकुलित बोलेरो) |
|---|---|---|
| 1 | निविदा प्रकाषित होने की तिथि एवं समय | दिनांक 06.10.2023,समय 12:30 च्ड |
| 3 | निविदा खोलने का तिथि, समय एवं स्थल | 26.10.2023 को प्राचार्य,कार्यालय प्रकोष्ठ, 3 बजे P.M |
| 4 | अग्रधन की राशि जो प्राचार्य, मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज,पलामू के नाम से देय होगा। | 20000.00(बीस हजार) रू0 Refundable |
| | क्क निविदा शुल्क जो प्राचार्य,मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज,पलामू के नाम से देय होगा | 1000.00(एक हजार) रू0 Non - Refundable |
| 5 | निविदा आमंत्रित करने वाले का नाम एवं पता | प्राचार्य, मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज, पलामू, पोखराहा,पलामू (झारखण्ड) 822118 |
| 6 | हेल्पलाइन (निविदा से संबंधित जानकारी के लिये) मोबाईल नं0 | 8789016865 |
| 7 | DD /( Hard Copy) कार्यालय में स्पीड पोस्ट अथवा रजि0 पोस्ट से जमा करने की अंतिम तिथि | 25.10.2023 5 PM |

01.निविदा शुल्क जमा कर निविदा का शर्ते आदि कार्यालय अवधि में प्राचार्य,मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज,पलामू से प्राप्त किया जा सकता है।
02.उक्त अंकित निहित समय तथा तिथि पर निविदा, क्रयसमिति द्वारा तकनीकी भाग खोलते समय निविदाकर्त्ता अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं। निविदाओं के तकनीकी मूल्यांकन के पश्चात् ही सफल निविदादाताओं का मूल्य भाग खोला जाएगा।

प्राचार्य मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज
पलामू

PR 308381 District(23-24)D

## गागर में सागर

### कर्मचारियों ने सात सूत्री मांग को लेकर दिया धरना

**मेदिनीनगर।** शहर के पलामू व्याघ्र परियोजना कार्यालय के प्रांगण में झारखण्ड श्रमिक यूनियन सदस्यो द्वारा अपनी पांच सूत्री मांगों को लेकर धरना दिया गया। श्रमिकों की मांग है कुशल मजदूरी का भुगतान करना,खाधान भत्ता का भुगतान, एन्टीपोचिंग किट बितरण में समरूपता,कर्तव्य के दौरान मृत्यु / हत्या होने पर श्रमिक के परिजनों को पांच लाख रुपये एवं सरकारी नौकरी दी जाए। टीपीएफ को प्रताड़ना की नीति बंद करे । समेत अन्य मांग को पूरा करने को लेकर सभी श्रमिक ने धरना दिया। साथ ही कहा कि अगर उनकी मांगे पूरी नही होती है तो उनका धरना अनिश्चितकालीन चलेगा।

### मनोहर ने दर्जनों समर्थकों समेत झामुमों का थामा दामन

**मेदिनीनगर।** पलामू झामुमो जिला कार्यालय में झामुमो अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा के समक्ष पलामू के मनोहर कुमार चंद्रवंशी ने अपने दर्जनों साथियों के साथ झामुमो का दामन थामा। मौके पर अध्यक्ष सिन्हा ने कहा कि झामुमो समाज के सभी लोगों के हितों का ख्याल रखती है। आज मनोहर चंद्रवंशी जैसे पत्रकार के शामिल होने से झामुमो पलामू को और मजबूती मिली है। इस कार्यक्रम में सचिव सन्नू सिद्धिकी, उपाध्यक्ष राकेश सिन्हा, संगठन सचिव अनुराग सिंह, युवा मोर्चा अध्यक्ष सन्नी शुक्ला, सचिव आशुतोष विनायक, नगर सचिव छोटू त्रिपाठी मौजूद थे, साथ ही शामिल होने वालों में सूरज विश्वकर्मा, पंकज मेहता, धनंजय राम, रूपेश प्रसाद, रवि कुमार, मनीष कुमार, दिवाकर कुमार, आकाश कुमार, विक्की कुमार, मनीष कुमार, जीतू कुमार, रोहित कुमार, अनूप कुमार, विजय पासवान, ऋतिक कुमार, संदीप कच्छप, रजत वर्मा, उज्ज्वल पासवान, विकास गुप्ता, बिट्टू कुमार, श्रवण कुमार सहित दर्जनों लोग थे।

### शास्त्रीय नृत्य में ग्रामीण बालिकाओं ने प्रथम स्थान प्राप्त किया

**सतबरवा।** मेदिनीनगर में बुधवार को आयोजित पलामू जिला स्तरीयनृत्य प्रतियोगिता में कस्तूरबा गाँधी बालिका आवासीय विद्यालय सतबरवा की छात्राओं ने शास्त्रीय नृत्य में प्रिया कुमारी एवं लोक नृत्य में जया कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वार्डन सुषमा कुमारी ने कहा कि दोनों छात्राओं ने नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर यह जता दिया है कि हम गांव से भले ही हैं, पर मौका मिला तो दिखा देंगे। हमारे ग्रामीण क्षेत्र की बच्चियों में भी प्रतिभा की कमी नहीं है ,बस जरुरत है पहचानने की और उन्हें पहचान दिलाने की।` दोनों छात्राओं ने प्रथम स्थान प्राप्त कर कस्तूरबा गाँधी आवासीय विद्यालय के साथ - साथ पुरे सतबरवा प्रखंड का नाम रौशन किया है। दोनों छात्राओं की सफलता पर जिला परिषद सदस्या सुधा कुमारी, प्रमुख रीमा देवी, उप प्रमुख कामाख्या नारायण यादव, विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा ने शुभकामनाएं दी है।

### संस्था ने बच्चों के बीच चना गुड़ का किया वितरण

**मेदिनीनगर।** बच्चे देश के कर्णधार हैं, उन्हें सींचना समाज की जिम्मेदारी है, जिसे मिशन समृद्धि संस्था की टीम लगातार कर रही है। उन्हें सभ्य सुसंस्कृत और जिम्मेदार नागरिक बनाने का हर संभव प्रयास करती है। इसके लिए उन्हें स्वस्थ रखने की भी जिम्मेदारी बनती है। मिशन समृद्धि संस्था के पास उतने संसाधन नहीं कि उनके बीच पोषक आहार दिया जा सके। लेकिन समाज में ऐसे व्यक्ति भी हैं जिनका सहयोग संस्था को बच्चों के लिए लगातार मिलता रहता है। इसके लिए आरती श्रीवास्तव (भागलपुर)अनिता श्रीवास्तव (फरीदाबाद)का ने संस्था आभार प्रकट किया है।

### कृषक मित्रों की बैठक में कृषि महोत्सव पर चर्चा

**हरिहरगंज।** प्रखंड सभागार में गुरुवार को बीएओ ब्रजेश कुमार के अध्यक्षता में कृषक मित्रों के साथ बैठक की गयी।। बैठक में प्रखंड के सभी कृषि मित्र शामिल हुए। प्रखंड कृषि पदाधिकारी ब्रजेश कुमार, एटीएम प्रवीण जहां ने कहा कि पलामू जिले में हरिहरगंज प्रखंड को आकांक्षी ब्लॉक के रूप में चयन हुआ है। जिसके तहत हरिहरगंज प्रखंड के सभी 8 पंचायत भवनों में 6 अक्टूबर को कृषि महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने प्रखंड के सभी पंचायत के किसानों से अपील किया है कि अपने पंचायत भवन में लगने वाले कृषि महोत्सव में ज्यादा से ज्यादा भाग लेकर कृषि संबंधित जानकारी प्राप्त कर लाभ उठाएं। बैठक में कृषि मित्र रामजन्म मेहता, पंचम कुमार, वीरेंद्र मेहता शहीद कई कृषि मित्र शामिल थे।

# पलामू में रिलीज होगी भोजपुरी फिल्म सितमगर




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू में बनी भोजपुरी फिल्म सीतमगर को पलामू से ही रिलीज किया जाएगा। भूमिका फिल्म के बैनर तले बनी इस फिल्म की रिलीज डेट आ चुकी है। इसे पलामू के कोयल तट पर स्थित टाउन हॉल में 15 अक्टूबर को रिलीज किया जाएगा। इस दौरान लोग भी इस फिल्म का लुत्फ उठा सकते हैं। इच्छुक लोग टिकट लेकर शाम 5 बजे यहां पहुंचकर फिल्म का प्रीमियर शो देख सकते हैं। इसके बाद फिल्म सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध होगी। दो घंटे की इस फिल्म में लीड रोल में पलामू के कमल रंजीत नजर आएंगे। वह शंकर नाम के किसान की भूमिका निभा रहे हैं।। फिल्म के निदेशक पूलेन मित्रा ने बताया कि सीतमगर को किसानों की जीवनी पर फिल्माया गया है। जिसमें उनके द्वारा आत्महत्या करने के पीछे की कहानी बताई जाएगी। फिल्म को बेहद सजगता के साथ बनाया गया है। लोगों को यह काफी पसंद आएगी। इस फिल्म की शूटिंग पलामू में ही हुई है। इसमें आपको पलामू किला सहित कई सीन देखने को मिलेंगे। उन्होंने कहा कि इससे पहले उनकी फिल्म डिफरेंट को दर्शकों का काफी प्यार मिला था। उम्मीद है कि लोग इस फिल्म को भी देखेंगे। टाउन हॉल में 500 लोगों की क्षमता है। टिकट की कीमत 99 रुपये है। जो कल्याण फामेर्सी, छह मुहान चौक स्थित मां सर्वेश्वरी मोबाइल, साईं चौक स्थित साईं हार्डवेयर में उपलब्ध है। यहां से टिकट लेकर 15 अक्टूबर शाम 5 बजे शो देखने टाउन हॉल पहुंच सकते हैं।

तस्वीर झूठ ना बोले



**सुविधा में जीरो टैक्स वसूली में हीरो** -- यह है नगर निगम क्षेत्र के चैनपुर के विकास की असली तस्वीर। पांच वर्ष में कराये गये विकास के ढ़ोल का पोल। जिसपर इतराते फिर रहे नगर निगम के पहले मेयर, डिप्टी मेयर और पार्षद प्रतिनिधि। सुविधा के नाम पर सड़क ऐसी कि जिसपर इंसान तो क्या जानवर भी चलना पसंद नहीं करे। पेट का सवाल है, सो कीचड़ से सनी सड़क पर दुकान लगाना फुटपाथी दुकानदारों की है मजबूरी ,लेकिन शाम होते नगर निगम के ठेकेदार को टैक्स देना भी है जरूरी। टैक्स देने में की आनाकानी तो ठेकेदार के गुंडे याद करा देंगे नानी। सवाल तो यह है कि विकास, सुविधा व ईमानदारी के साथ भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था की बात करने वाले तथाकथित नेता, जनप्रतिनिधि और अधिकारी को यह तस्वीर क्यों नहीं दिखती। उनके बंजर मन में गरीब फुटपाथी दुकानदारों के दर्द के अंकुर आखिर कब फुटेंगे? छाया- भोला

# मेदिनीराय का तर्पण सह चेरो मिलन समारोह कार्यक्रम 8 को

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** राजा मेदिनी राय के तर्पण सह चेरो मिलन समारोह कार्यक्रम की तैयारी जोरों पर चल रहा है। ये बातें पूर्व पंचायत समिति मनोज सिंह ने कहा कि इस बार फुलवरिया मेला के प्रांगण में 8 अक्टूबर रविवार को राजा मेदिनी राय की तर्पण सह चेरो मिलन समारोह कार्यक्रम आयोजन किया गया है। जिसके मुख्य अतिथि के रूप में मनिका विधायक रामचंद्र सिंह होंगे। मुख्य उद्घाटन कर्ता हरिराम सिंह चेरो, पूर्व विधायक दूधी विधानसभा उत्तर प्रदेश, मुख्य संरक्षक गंगेश्वर सिंह, आईपीएस पूर्व डीजीपी पश्चिम बंगाल होंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदीप कुमार सिंह, डॉ वीरेंद्र कुमार सिंह एमऐस डेहरी ऑन सोन बिहार, अरुण कुमार सिंह ,प्रखंड विकास पदाधिकारी भरनो गुमला, डॉ. मीना सिंह बीआईटी मिश्रा रांची, दिलीप सिंह रजिस्टर गुमला, डॉ शिव सिंह रांची, डा. अंगद सिंह डा. सीमा सिंह डॉ. कविता सिंह गुलाब सिंह पुलिस इंस्पेक्टर बासो देवी जिला परिषद सदस्य पलामू, मानस राज कन्हैया छत्तीसगढ़, गिरजानंदन सिंह, अर्जुन सिंह, भारदुल सिंह, अमरनाथ सिंह चेरो, पंकज सिंह, उत्तर प्रदेश, नंदकिशोर सिंह ,बलवंत सिंह ,प्रतिमा देवी एवं अतिथि के रूप में श्याम नंदन सिंह, नीरज सिंह, दीपक सिंह, धर्मेंद्र सिंह ,राकेश सिंह, कमलेश सिंह, इंजीनियर संजय सिंह, केशर सिंह इंजीनियर प्रशांत सिंह, इंजीनियर जदूनी सिंह, ओएसआरयू अतिथि के रूप में समाज के दारोगा मुखिया पंचायत समिति सहित अन्य लोग उपस्थित होंगे।

# रक्तदान जागरूकता अभियान सफलता की ओर

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पलामू रांची राज अस्पताल में भर्ती डालटनगंज निवासी मरीज को रक्त की आवश्यकता थी। यह जानकारी मिलने पर सामाजिक कार्यकर्ता सह सहायक अध्यापक धीरज मिश्रा द्वारा संचालित सामाजिक संस्था इंसानियत का रिश्ता के सक्रिय सदस्य सह डालटनगंज विधायक आलोक चौरसिया के सोशल मीडिया प्रभारी चैनपुर प्रखंड अंतर्गत ग्राम तलैया निवासी सूरज पांडेय ने राज अस्पताल स्थित बल्ड बैंक में बी पॉजिटिव रक्तदान कर मरीज की जान बचाई । सूरज ने कहा कि यह उनका ग्याहरवा रक्तदान है।

**राजा मेदिनिराय के सपनों को साकार किया हेमंत सरकार ने**

# पलामू में मथनियां नहीं अब दूध की नदियां बहेगी



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मेधा डेयरी प्लांट के उद्घाटन में पलामू पहुंचे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कई ऐतिहासिक कार्य किये हैं। जिसकी चर्चा गुरूवार को शहर के चौराहे पर होती रही। शहरवासियों का कहना है कि उन्होंने मेदिनीराय की धरती पर यहां के लोकप्रिय राजा मेदिनीराय की इन पंक्तियों का सार्थक कर दिखाया है। जिसमें कहा गया है कि धन्य- धन्य राजा मेदनियां घर-घर बाजे मथनियां। जैसे शब्द को सफल कर दिया है। इसका गवाह बना गणके चियांकी गांव। जहां पशुपालकों को एक बेहतर उपहार सीएम के द्वारा दिया गया। पलामू के समृद्धि का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि यहां के प्रतापी राजा अपनी प्रजा का हाल जानने वेष बदल कर इलाके में निकलते थे। जिसके घर में मल्हान की आवाज नहीं आती थी उन घरों में दुधारू गाय देते थे। उस जमाने में और आज में काफी अंतर है। लेकिन सीएम ने पलामू को यह सौगात देकर लोगों का दिल जीत लिया है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था का मूल आधार कृषि व पशुधन है। यही काम आज सूबे के सीएम ने किया है। पलामू प्रमंडलीय मुख्यालय मेदिनीनगर से सात किलोमीटर दूर चियांकी गनके में झारखंड दुग्ध उत्पादन सहकारी समिति व झारखंड सरकार के द्वारा स्थापित मेधा डेयरी प्लांट देकर।

# लावारिस कुत्तों को पकड़ कर नसबंदी टीकाकरण करा रहा नगर निगम




**ओपी प्रजापति**

**मेदिनीनगर।** शहर में अब कुत्ते का आतंक जो चिंता का विषय बना हुआ था। अब पूरी तरह से बंद होने वाला है। कारण निगम द्वारा इस पर अंकुश लगाने के लिए लावारिस कुत्तों की देखभाल नसबंदी व टीकाकरण के लिए नगर निगम'द'केयर ऑफ एनिमल एंड सोसाइटी को कार्य करने का जिम्मा दिया है। शहर की गलियों तथा सड़कों पर काफी संख्या में लावारिस कुत्ते हैं। कई बार कुत्ते लोगों को काट लेते हैं। ऐसे में कुत्तों को लेकर नगर निगम को अक्सर शिकायतें मिलती रहती थी। इसको लेकर 'द'केयर ऑफ एनिमल एंड सोसाइटी (किला अपोजिट शाहपुर) तैनात है। वहीं इस संस्था की देख-देख करने वाले मनीष रंजन ने बताया कि संस्था के सदस्य व प्रतिनिधि स्वयं सेवी सुबह कैचर वाहनों से कुत्ता पकड़ने निकलते हैं। सबसे पहले वार्डों के अनुसार पकड़े गए कुत्तों को एक विशेष रंग का निशान लगाया जाता है। जिससे ऑपरेशन व बीमार पड़े कुत्तों को ठीक कर वापस पहुंचाने में उन्हें आसानी होती है। साथ ही जो भी हमारे सेन्टर में कैचर वाहन द्वारा कुत्तों को पकड़ने के बाद एक पिंजरे में रखा जाता है। यहां डॉ. सुनिल कुमार की देखरेख में चिकित्सकीय जांच के बाद ही आपरेशन की मंजूरी दी जाती है। बता दे कि पशु कल्याण बोर्ड ने छह माह से कम आयु के कुत्तों के नसबंदी की इजाजत नहीं देती है। इस स्थिति में कैचर टीम स्वयं उम्र का आकलन कर कुत्तों को पकड़ कर सेंटर लाती है। यहां उन्हें चिकेन, गेंहू का दलिया व चावल दिया जाता है। आपरेशन के तीन दिन बाद कुत्तों की स्थिति के अनुसार उनके क्षेत्र में छोड़ दिया जाता है। इसके लिए मंदीप मेहता, सेन्टर प्रभारी सहित अन्य सदस्य सक्रिय रहते है।

### अधिवक्ता ने पिता की पुण्यतिथि पर गरीबों को कराया भोजन

**मेदिनीनगर।** चैनपुर पूर्वडीहा खिरीबार निवासी स्वर्गीय रामानुज दुबे की पुण्यतिथि के मौके पर उनकी पुत्री अधिवक्ता सुष्मिता तिवार पति संजीत कुमार एव उनके पुत्र अंश राज तिवारी के द्वारा मेदिनीनगर शहर में रेड़मा ओभर ब्रीज के नीचे,थाना रोड,रेलवे स्टेशन,हॉस्पिटल चौक शनि मंदिर के पास जाकर असहाय व गरीबों के बीच भोजन का वितरण किया गया। मौके पर उपस्थित रामानुज दुबे की पुत्री सुष्मिता तिवारी ने बताया कि हर वर्ष वह अपने पिता के पुण्यतिथि पर गरीबों और असहाय लोगों को भोजन कराती हैं। उन्होंने कहा कि हमारे पिता रामानुज दुबे एक नेक इंसान थे और वह गरीबों के सुख-दुख में हमेशा साथ खड़ा रहते थे। उनके स्वर्गवास हो जाने के बाद से स्थानीय ग्रामीण को भी बेहद अफसोस है। पुण्यतिथि के मौके पर सुष्मिता तिवारी के साथ अधिवक्ता सुप्रिया गुप्ता, ओमप्रकाश शर्मा ने भी गरीबों को भोजन कराने में उनका साथ दिया।

### लेस्लीगंज प्रखंड जदयू की बैठक में कमेटी का विस्तार

मेदिनीनगर। लेस्लीगंज प्रखंड जदयू की बैठक लेस्लीगंज प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र राय की अध्यक्षता में हुई । जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर जनता दल यूनाइटेड की पलामू जिला अध्यक्ष मनोज कुमार दुबे एवं अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष राजेंद्र कुमार रवि उपस्थित थे। इसमें कमेटी का विस्तार किया गया । मुख्य रूप से प्रखंड उपाध्यक्ष राहुल कुमार राय बीरबल राय एवं मुरारी राय को बनाया गया है। वहीं कोषाध्यक्ष राजेश्वर राय महासचिव रितेश राव सचिव शशिकांत राय एवं चंदन राय को बनाया गया है।

# पर्यावरणविद कौशल किशोर ने मरांडी से बाईपास की मांग की



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** छतरपुर अनुमंडल के प्रसिद्ध चेगौना बाबा धाम परिसर में पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल और छतरपुर पूर्वी से जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल ने नावा बाजार, डाली बाजार, खोढ़ी, मुरूमदाग, सोहदाग, रुदवा, शाही, इंटको, रजदीरीया, चेगौना समेत आसपास के दर्जनो गांव के कार्यकताओं के साथ संकल्प यात्रा पर आए प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को एक ज्ञापन सौंपकर नावा बाजार में बाईपास सड़क बनवाने की मांग की है। पर्यावरणविद ने अपने आवेदन में उल्लेख किया है कि बाईपास निर्माण के लिए सीडी तैयार कर लिया गया था, परंतु नावा बाजार से होकर फोर लाइन जाने के लिए सीडी केंद्रीय परिवहन मंत्रालय को भेजा गया है। पलामू सांसद , सूबे के राज्यपाल , एनएच के मुख्य अभियंता को भी आवेदन देकर बाईपास निर्माण की गुहार लगाई गई है। आवेदन में श्री कौशल ने नावा बाजार के लोगों की परेशानियों को उजागर करते हुए कहा है कि अगर बाईपास नहीं बनी तो न सिर्फ मन्दिर ,मस्जिद व बाजार टूटेगा बल्कि बाजार में रामनवमी मोहर्रम और दुर्गा पूजा का मेला भी खत्म हो जाएगा। जिससे लाखों लोगों की जिंदगी व कारोबार तबाह हो जाएंगे। उन्होंने सामाजिक सौहार्द बनाये रखने व लोगों की सामाजिक व धार्मिक परेशानियों को देखते हुए बाईपास निर्माण कराने की अपील की है। ताकि लोगों का करोबार प्रभावित न हो सके। मौके पर खोढी पंचायत के मुखिया पूरन यादव, डाली के उप मुखिया अफजाल अंसारी, जुबेर अंसारी, सुचित जायसवाल, गुलाब गौस , सत्यनारायण प्रसाद गुप्ता, शिवनाथ राम, बाबूराम, राजेश्वर विश्वकर्मा, अवधेश राम, राजेश यादव, ईश्वर यादव, महेशी यादव, सुरेश प्रसाद , भगवान प्रसाद साव, अनुज गुप्ता, यासीन बड़ा, मुस्ताक अंसारी, महावीर भुइयां, समेत क्षेत्र के सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

## हादसा

## आफत की बारिश से पलामू में कई घटनायें

# दीवार गिरने से एक की मौत, मां व बच्चे बाल-बाल बचे

### दीवार गिरने से मां और उसके दो मासूम बच्चे मलवे में करीब आधे घंटे तक दबे रहे

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पलामू में लगातार बारिश की वजह से कई हादसे हुए हैं। पहली घटना टाउन थाना क्षेत्र की है। जिसमें बारिश का पानी घर से बाहर निकालने के दौरान चहारदीवारी गिरने से हुई है। जिसमें एक व्यक्ति की चहारदीवारी से दबने की वजह से मौत हो गई है। जबकि दूसरी घटना सतबरवा थाना क्षेत्र में हुई । जिसमें घर की दीवार गिरने से मां और उसके दो मासूम बच्चे मलबे में करीब आधे घंटे तक दबे रहे। दरअसल, पलामू प्रमंडलीय टाउन थाना क्षेत्र के बिसफुटा पुल के पास निरंजन सिंह नामक व्यक्ति के घर में बारिश का पानी घुस गया था। बारिश के पानी को निकालने के लिए घर की चहारदीवारी के पास निरंजन सिंह गए हुए थे। इसी दौरान जैसे ही निरंजन सिंह ने चहारदीवारी को छूने का प्रयास किया, चहारदीवारी गिर गई और दबने से निरंजन सिंह की मौत हो गई। वहीं घटना के बाद मामले की सूचना पुलिस को दी गई। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और निरंजन सिंह के शव को बरामद कर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल भेज दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद विधायक आलोक चौरसिया और पूर्व डिप्टी मेयर मंगल सिंह भी निरंजन सिंह के घर पर गए थे और मामले की जानकारी ली। पूर्व डिप्टी मेयर मंगल सिंह ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि वे मौके पर गए थे और जायजा लिया है। वही दूसरी और पलामू के सतबरवा थाना क्षेत्र के जोड़ा गांव में घर गिरने से मां और उसके दो छोटे-छोटे बच्चे आधे घंटे से भी अधिक समय तक मलबे में दबे रहे. दरअसल, सीता देवी नामक महिला अपने दो बच्चों के साथ घर में थी। इसी दौरान मिट्टी का घर अचानक गिर गया और वह बच्चों के साथ मलबे में दब गई थी। सीता देवी के चिल्लाने के बाद स्थानीय ग्रामीण जुट गए और आधे घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद मां और बच्चे मलबे से बाहर निकाल लिया। बताते चलें कि पलामू के इलाके में पिछले पांच दिनों से लगातार बारिश हो रही है। बारिश से जनजीवन प्रभावित हुआ है।

## गागर में सागर

### झामुमो का पूर्व प्रखंड अध्यक्ष भाजपा में



**भवनाथपुर।** झामुमो के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष सह पंचायत समिति सदस्य संघ भवनाथपुर के प्रखंड अध्यक्ष सह भवनाथपुर पंचायत समिति सदस्य चंदन कुमार ठाकुर ने बंशीधर नगर में आयोजित भाजपा की संकल्प यात्रा में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी एवं भवनाथपुर विधानसभा के विधायक भानु प्रताप शाही के समक्ष भाजपा में शामिल हुए। मरांडी ने ठाकुर को माला पहना कर पार्टी में शामिल कराया।

### मरांडी का लातदाग में हुआ भव्य स्वागत



**मेराल।** बंशीधर नगर से लौटने के क्रम में लातदाग बीएड कॉलेज के पास पूर्व विधायक गिरिनाथ सिंह के नेतृत्व में बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी का भव्य स्वागत किया। इस मौके पर पूर्व विधायक गिरनाथ सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष गिरेंद्र पांडे राजकुमार मद्धेशिया, संजय कांस्यकार, राजू सिंह, गंगा लाल अग्रवाल, वीरेंद्र नाथ तिवारी, अवध किशोर सिंह, अशोक गुप्ता, धर्मराज दुबे, ललनी यादव, हरे कृष्णा मेहता, बबलू सिंह, विजय प्रसाद आदि मौजूद थे।

### जाम से निजात दिलाने को हुई बैठक

**मझिआंव।** नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत जाम की स्थिति से निजात दिलवाने के लिए कार्यपालक पदाधिकारी के नेतृत्व में चिकित्सा पदाधिकारी, थाना प्रभारी एवं नगर प्रबंधक के साथ बाजार क्षेत्र का भ्रमण किया गया। तत्पश्चात कार्यपालक पदाधिकारी के कक्ष में बैठक कर विचार विमर्श किया गया जिसमें शहर को तीन जोन में बांटते हुए नगर एवं बरडीहा की ओर जाने वाले सभी वाहनों को पार्क के सामने खड़ा कराने, मोरबे की ओर जाने वाले सभी वाहनों को कोयल नदी के किनारे पंपु कल घाट के पास एवं गढ़वा की ओर जाने वाली सभी वाहनों को पुराना अस्पताल परिसर में स्टैंड निर्माण तक अस्थाई रूप से लगवाने का निर्णय लिया गया। साथ ही मुख्य पथ एवं ब्लॉक पथ से अतिक्रमण भी हटवाने का निर्णय लिया गया। खुद से अतिक्रमण हटाने के लिए आमजनों से प्रचार प्रसार किया जाएगा। नहीं हटाने पर 7 अक्टूबर को शहर को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए व्यापक रूप से अभियान चलाया जाएगा।

### केतार मुखिया ने किया आर्थिक सहयोग

**केतार।** मुखिया प्रमोद कुमार ने गुरुवार को प्रखंड कार्यलय में अंगद कुमार रवि के पिता दिनेश राम को पांच हजार रुपये का आर्थिक सहयोग दिया। मुखिया ने कहा कि मुकुंदपुर पंचायत के बक्सीपुर गांव निवासी अंगद का एक पैर दो माह पहले शादी के एक समारोह में बैंड बाजा बजाने के दौरान दुर्घटना में कट गया था। अंगद रवि बैंड बाजा बजाने रमना गया था। अंगद के पिता दिनेश राम ने बताया कि मेरा पुत्र अभी बेड पर है। उसकी माली हालत खराब है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से अपने पुत्र के इलाज में सहयोग करने के लिए गुहार लगाई है। इस मौके पर बीडीओ मुकेश मछुआ ने कहा कि विगत दिनों अंगद के घर बक्सीपुर जाकर मेरे द्वारा और मुकुंदपुर मुखिया मुंगा साह के द्वारा भी सहयोग प्रदान किया गया था। इस मौके पर पंचायत सचिव राजीव कुमार आदि उपस्थित थे।

### पुलिस ने 80 किलो जावा को किया नष्ट

**भवनाथपुर।** थाना पुलिस ने गुप्त सूचना पर थाना क्षेत्र के रेलवे कॉलोनी में अवैध रूप से घर में महुआ शराब चुवाने की सूचना पर छापेमारी कर 80 किलो जावा को नष्ट कर दिया। साथ ही कड़ी चेतावनी दी गई। थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय ने बताया कि कोई भी व्यक्ति अगर अपने गांव-घर में अवैध महुआ शराब बनाता है तो जनता पुलिस को सूचित करें। उसके विरुद्ध नियम संगत कड़ी कर्रवाई की जाएगी। यह अभियान लगातार जारी रहेगा। मौके पर थाना के एसआई प्रभु मेहता व पुलिस बल शामिल थे।

### सड़क हादसे में बच्ची सहित तीन घायल

**भवनाथपुर।** टाउनशिप मुख्य पथ पर सेल के टाइम ऑफिस के सामने एक अज्ञात बाइक सवार के धक्के से भवनाथपुर बस्ती निवासी सुनंदा देवी (22) पति प्रवेश राम तथा उसकी सात माह की बेटी घायल हो गई। सभी को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार गुरुवार को सुनंदा देवी अपनी सात माह की बेटी का इलाज कराने के लिए टेंपो से टाउनशिप रोड स्थित चिकित्सक सुरेश चंद्रा के पास जा रही थी। टेंपो से उतरते ही विपरीत दिशा से आ रहे बाइक सवार ने उसे धक्का मारकर फरार हो गया। धक्का लगने से वह गिर पड़ी तथा उसकी गोद से मासूम बच्ची छिटककर दूर जा गिरी।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष की संकल्प यात्रा सभा में विधायक भानू प्रताप शाही ने कहा

# जनता ले चुकी सोरेन सरकार को हटाने और मरांडी को सीएम बनाने का संकल्प

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर/गढ़वा**

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबू लाल मरांडी पीडब्ल्यूडी मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए स्थानीय विधायक भानू प्रताप शाही ने कहा कि हेमंत सरकार से आम जनता त्रस्त हो गयी है। इस सरकार में करप्शन चरम पर है। अपराधियों का मनोबल काफी उच्चा हो गया है। विधानसभा क्षेत्र के 3 हजार लोगों को रोजगार देने वाला तुलसीदामर और घाघरा खदान को इस सरकार ने बंद करने का काम किया है। ऐसे सरकार को उखाड़ फेंकने और बाबू लाल मरांडी को मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प यहां की जनता ले चुकी है। उन्होंने कहा कि खदान को चालू कर कई लोगों को फिर से रोजगार दिया जा सकता है। कनहर नदी पर बराज बन जाने से किसानों की खेत सिंचित होगी। नगर उंटारी को जिला और भवनाथपुर को अनुमंडल बनाने की मांग यहां की जनता की है। उन्होंने बाबू लाल मरांडी से मुख्यमंत्री बनने के बाद इन प्रमुख मांगों को पूरा करने की मांग की।





### मरांडी का कार्यकाल प्रदेश का गोल्डेनकाल

जनसभा को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री रामचंद्र केशरी ने कहा कि बाबूलाल मरांडी के साथ उन्होंने 28 महीने साथ रहकर काम किया है। उनके कार्यकाल में कई ऐसे कार्य किये गए जो आज भी जनता के दिलो दिमाग में है। बाबूलाल मरांडी के कार्यकाल में करप्शन, अपराध पर पूरी तरह लगाम था। संविदाकर्मियों के लिए कई कार्य किये गए थे। झारखंड प्रदेश में बड़ी संख्या में युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया गया था। कार्यक्रम को रॉबर्ट्सगंज विधायक भूपेश चौबे, पूर्व मंत्री रामचंद्र केशरी, भाजपा प्रदेश महामंत्री बाल मुकुंद सहाय, पूर्व सांसद ब्रजमोहन राम, प्रभात भुइयां, जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी, पलामू के पूर्व जिलाध्यक्ष अमित तिवारी, उमेंद्र यादव, विपिन चंद्रवंशी सहित कई लोगो ने संबोधित किया। कार्यक्रम में शारदा महेश प्रताप देव, विजय केशरी, लक्ष्मण राम, नगर पंचायत अध्यक्ष विजयालक्ष्मी, लवली आनंद, विकास स्वदेशी, मंडल अध्यक्ष कुमार कनिष्क, विकास पांडेय, अशोक सेठ, मथुरा पासवान, अविनाश कुमार, अजय सिंह, लाल मोहन यादव, राकेश चौबे, करुणा सोनी, ओमप्रकाश गुप्ता सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

### मरांडी ने किया रोड शो बंशीधर मंदिर का दर्शन

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री व भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने बंशीधर नगर पहुंचने पर रोड शो किया। संकल्प यात्रा कार्यक्रम को लेकर बंशीधर नगर पहुंचे मरांडी ने भवनाथपुर मोड़ स्थित राम मनोहर लोहिया की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद खुले वाहन में कार्यक्रम स्थल होते हुए मुख्य बाजार, बंशीधर मंदिर पहुंचे। श्री बंशीधर मंदिर पहुंचने पर मरांडी ने विधिवत पूजा की। इस दौरान बंशीधर सूर्य मंदिर ट्रस्ट की ओर सेउनको अंग वस्त्र ओढ़ाकर बंशीधर की तस्वीर प्रदान की गई। रोड शो के दौरान मरांडी के साथ पूर्व मंत्री रामचंद्र केसरी तथा स्थानीय विधायक भानु प्रताप शाही उपस्थित थे।

### गढ़वा में लूटी जा रही हैं गरीबों की जमीनः तिवारी

**गढ़वा।** पूर्व विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी ने कहा कि गढ़वा में वर्तमान विधायक के कार्यकाल में गरीबों की भूमि लूटी जा रही है। सरकारी कार्यालयों में बिना रिश्वत पदाधिकारी कार्य नहीं कर रहे हैं। कमीशनखोरी चरम पर है। देखने वाला कोई नहीं है। सभी विभागों में कमीशन की राशि बंधा हुआ है। मंत्री दोनों हाथों से गढ़वा को लूटने का काम कर रहे हैं। जिसे आने वाले समय में गढ़वा की जनता बर्दाश्त नहीं करेगी। मुहंतोड़ जवाब देने का काम यहां की जनता करेगी। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार से जनता पूरी तरह से त्रस्त हो चुकी है। उन्होंने कहा कि भाजपा में भी कुछ लोग आस्तिन के सांप जैसे है। वैसे लोगों से बचना होगा। मंत्री के संरक्षण में गढ़वा के करोड़ो रूपए का बालू दूसरे प्रदेशों में बेच दिया गया। गढ़वा शहर में अब ऐसा एक भी मैदान नहीं बचा हैं, जहां पर कोई बड़ा कार्यक्रम आयोजित किया जा सके। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि मंत्री ने गढ़वा शहर के दोनों मैदान का सत्यानाश कर दिया। वहीं भाजपा नेता अलखनाथ पांडेय ने कहा कि राज्य की जनता बाबूलाल को आशा भरी निगाहें से देख रही है। गढ़वा में भ्रष्ट्राचार का बोलबाला है। चारो तरफ हाहाकार मचा हुआ है। उन्होंने कहा कि आने वाला चुनाव में जनता इस सरकार को उखाड़ फेकने का मन बना चुकी है। कार्यक्रम को प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय, भाजपा जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश केशरी, युवा मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विनय चौबे ने भी संबोधित किया। मौके पर जिला प्रभारी अमित कुमार, पूर्व विधायक गिरिनाथ सिंह, जवाहर पासवान, राजीव राज तिवारी, प्रमोद चौबे, सूरज गुप्ता, मंगल मूर्ति तिवारी, रौशन पाठक, विवेकानंद तिवारी, अंजली गुप्ता, ब्रजेश उपाध्याय, बबलू पटवा, भोला चंद्रवंशी, उमेश कश्यप आदि मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री संतोष दुबे ने किया।

### कन्हैया चौबे सहित दो सौ लोग भाजपा में शामिल

सदर प्रखंड के चेतना में गुरुवार को आयोजित संकल्प यात्रा कार्यक्रम के दौरान भवनाथपुर के पूर्व प्रत्याशी कन्हैया चौबे सहित दो से अधिक लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। सभी को प्रदेश मरांडी ने पार्टी का पट्टा पहनाकर शामिल कराया। चैंबर की ओर से पूर्व सीएम को चांदी का मुकुट और तलवार देकर सम्मानित किया गया। पार्टी में शामिल होने वालों में कन्हैया चौबे के अलावा मयंक कुमार, आयुष दुबे, चंदन मालाकार, आकाश सोनी, पंकज कुमार, संजीव कुमार, अजय लाल, निखिल कश्यप, कुणाल गुप्ता, मोहित कश्यप, हर्ष सिंह, विक्की कुमार, विशाल गुप्ता, अनुराग गुप्ता, मोहित कुमार, बजरंगी कुमार, रंजन, कामता, द्विव्य प्रकाश, अमित कुमार, कुश कुमार, मोहित कुमार आदि मौजूद थे।

## जीयर स्वामी महाराज से मिले पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, लिया आशीर्वाद

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने गुरुवार को श्रीलक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी महाराज का दर्शन कर आशीर्वाद लिया। उन्होंने स्वामी से यज्ञ को लेकर विस्तृत चर्चा की। यहां बताते चलें कि जीयर स्वामी पाल्हे जतपुरा में आयोजित श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ को लेकर चातुर्मास व्रत में हैं। 23 अक्टूबर को जलयात्रा के साथ यज्ञ प्रारंभ होगा। 27 अक्टूबर को धर्म सम्मेलन होगा। 28 अक्टूबर को यज्ञ की पूणार्हुति होगी। मरांडी ने कहा कि यज्ञ को लेकर यहां बेहतर व्यवस्था की गई है। पूरा माहौल भक्तिमय है। उन्होंने कहा कि अगर मौका मिला तो यज्ञ में भी वे जरूर आयेंगे। उस मौके पर यज्ञ समिति के पदाधिकारियों ने पूर्व सीएम मरांडी को अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। मौके पर विधायक भानू प्रताप शाही, समिति के संरक्षक पूर्व मंत्री रामचंद्र केसरी, भाजपा नेता बालमुकुंद सहाय, ओमप्रकाश केसरी, अमित तिवारी, प्रफुल्ल सिंह, शारदा महेश प्रताप देव, रघुराज पांडेय, सचिव अनीश शुक्ला, उपाध्यक्ष अमित कुमार शुक्ला, मथुरा राम, उपसचिव कैप्टन सुनील कुमार चौबे, उमेश शुक्ला, राकेश चौबे, गुडु शुक्ला, राजू सिंह, शिवकुमार पांडेय, राजेंद्र गुप्ता, विजय केसरी, प्रदीप शुक्ला, नवनीत शुक्ला, श्यामलाल मेहता आदि उपस्थित थे।

## लोगों ने आरोपियों की गिरफ्तारी को रोड किया जाम

**गढ़वा।** गढ़वा थाना क्षेत्र के ढोंटी गांव के लुबलईया टोला की इमली देवी के साथ मारपीट की घटना के आठ दिन बीत जाने के बाद भी आरोपितों की गिरफ्तारी नहीं किए जाने से आक्रोशित प्रजापति समन्वय समिति द्वारा गुरुवार को गढ़वा शहर के रंका मोड़ के समीप सड़क जाम कर दिया गया। इससे करीब दो घंटे तक आवागमन पूरी तरह बाधित रहा। इस दौरान स्कूली बस, एंबुलेंस सहित कई वाहन जाम में फंसे रहे। बताते चलें कि 27 सितंबर 2023 को ढोंटी गांव की इमली देवी के साथ जाटा गांव में मारपीट की घटना घटित हुई थी। इसे लेकर पीड़िता के भसुर ने गढ़वा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। आरोप के अनुसार इमली देवी के साथ जाटा गांव की सरिता देवी एवं लालो देवी द्वारा मारपीट के दौरान कपड़े फट गए थे। जबकि पीड़िता के परिवारवालों के अनुसार उसे निर्वस्त्र कर दिया गया था। लेकिन पुलिस का कहना है कि इमली देवी के साथ मारपीट की घटना घटित हुई है। उसे निर्वस्त्र नहीं किया गया है। फिर भी पुलिस ने आरोपितों की गिरफ्तारी नहीं की। इसे लेकर प्रजापति समन्वय समिति ने पहले ही चेतावनी दे दिया था कि आरोपितों को शीघ्र गिरफ्तार नहीं किया गया तो वे लोग आंदोलन करेंगे। गुरुवार को प्रजापति समन्वय समिति के सदस्यों ने शहर के रंका मोड़ पर सड़क जाम कर दिया। लगभग दो घंटे तक सड़क जाम रहा। सड़क जाम कर रहे लोगों का कहना था कि आठ दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस हाथ पर हाथ रख कर बैठी है। आरोपित खुलेआम घूम रहे हैं। इधर, सड़क जाम की सूचना मिलने के बाद एसडीपीओ अवध कुमार यादव एवं गढ़वा के थाना प्रभारी केके साहु ने मौके पर पहुंचकर आरोपितों की गिरफ्तारी करने का आश्वासन देकर जाम हटवाया। मौके पर अविनाश देव, योगेंद्र प्रजापति आदि लोग उपस्थित थे।

**दो घंटे रही सड़क जाम आवागमन रहा बाधित, स्कूल बस, एंबुलेंस आदि वाहन फंसे रहे**

## लंबित आवास 10 तक पूरा करने का दिया गया निर्देश

**खरौंधी।** प्रधानमंत्री आवास राज्य समन्वयक पवन कुमार, जिला समन्वयक संजीव पांडेय तथा प्रशिक्षण समन्वयक रानी द्विवेदी ने बुधवार को प्रखंड कार्यालय पहुंचकर प्रखंड कर्मी तथा मुखिया के साथ समीक्षा बैठक की। इसमें लंबित प्रधानमंत्री आवास पर चर्चा की गई। साथ ही प्रखंड कर्मियों तथा मुखिया को निर्धारित अवधि में आवास पूरा कराने का निर्देश दिया गया। निर्धारित अवधि में टारगेट पूरा नहीं करने वालों पर कार्रवाई की जायेगी। इसके पश्चात उक्त सभी मझिगावां पंचायत के दर्जनों प्रधानमंत्री आवास लाभुको से मिले। साथ ही 10 अक्टूबर तक आवास पूरा करने का निर्देश दिया। इस दौरान राज्य समन्वयक पवन लंबित आवास को पूर्ण करने के लिए 15 सितंबर से 10 अक्टूबर तक 'चलो करे आवास पूरा' अभियान पूरे राज्य में चलाया जा रहा है। इसके तहत गुरुवार को खरौंधी प्रखंड कार्यालय पर प्रखंड समन्वयक, पंचायत सचिव तथा मुखिया के साथ बैठक की गई।

## जरही गांव में धूमधाम से मनेगा दुर्गोत्सव, ग्रामीणों ने लिया निर्णय

**नवीन मेल संवाददाता। डंडाई**

प्रखंड क्षेत्र के जरही गांव में दुर्गा पूजा को लेकर गुरुवार को ग्रामीणों की बैठक हुई। मुखिया महेंद्र चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में बड़ी संख्या में गांव के ग्रामीणों ने भाग लिया। वही धूमधाम के साथ दुर्गा पूजा मनाने को लेकर सर्वसम्मति से लोगों के द्वारा निर्णय लिया गया। इस बीच उनके द्वारा 21 सदस्यीय पूजा कमेटी का गठन किया गया। जयराम चौधरी को अध्यक्ष, जेबी पति को उपाध्यक्ष, अनिल कुमार चौधरी को सचिव, कपिल पासवान को उपसचिव और संदीप कुमार कश्यप को कमेटी का कोशाध्यक्ष बनाया गया है।

मौके पर मुखिया महेंद्र चौधरी ने कहा कि दुर्गा पूजा हिंदू समाज के लिए बहुत ही बड़ी पूजा है। उन्होंने कहा कि धूमधाम के साथ हम सभी को दुर्गा पूजा मनाने की जरूरत है। वहीं पूजन उत्सव कार्यक्रम को लेकर गठित कमेटी के पदाधिकारी और सदस्यों को विधि व्यवस्था के साथ पूजन कार्य कराने का निर्देश दिया। साथ ही कहा कि पूजा कार्यक्रम के दौरान किसी भी तरह का व्यवधान उत्पन्न न हो उसके लिए कमेटी के पदाधिकारियों व सदस्यों को पूर्व से ही सचेत रहने की जरूरत है। वहीं कमेटी के अध्यक्ष जय राम चौधरी ने कहा



कि किसी भी संगठन और कमेटी का अध्यक्ष पद एक जिम्मेदारी का पद होता है। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से इस वर्ष हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ दुर्गा पूजा मनाया जाएगा। उधर उक्त गांव में स्थापित नवनिर्मित हनुमान मंदिर के संस्थापक डॉक्टर राकेश रंजन ने कहा कि गांव में एक भव्य व आकर्षक गुंबजनुमा हनुमान जी की प्रतिमा युक्त मंदिर का निर्माण कराया गया है। मंदिर की ऊंचाई 50 फीट से भी अधिक है। 3 किलोमीटर दूर से ही गेरुवा रंग से रंगा उक्त मंदिर दिखना शुरू हो जाता है।

## सूची में वोटर का रंगीन फोटो करें अपडेट : बीडीओ

**केतार।** प्रखंड कार्यालय केतार के सभागार कक्ष में गुरुवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी मुकेश मछुआ ने बीएलओ और पर्यवेक्षकों के साथ बैठक की। बैठक में मतदाता सूची संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2023 को लेकर मतदाता सूची में सुधार करने, स्थानांतरण और मृत मतदाताओं का नाम हटाने सहित कई बिंदुओं पर चर्चा कि गयी। बीडीओ ने बीएलओ और पर्यवेक्षकों को नये मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में शामिल करने का निर्देश दिया। एक भी मतदाता छुटे न इसलिए घर - घर जाकर मतदाताओं को चिन्हित करें। 18 वर्ष या अधिक उम्र के युवक/युवतियों का नाम मतदाता सूची में शामिल करने के लिए प्रपत्र 6 भरना है। बीडीओ ने कहा की जिन मतदाता का फोटो ब्लैक इन वाईट है उनका रंगीन फोटो अपडेट करें। इस मौके पर पंचायती राज पदाधिकारी राजीव कुमार ने सभी बीएलओ को इलेक्शन कीट वितरण किया। इस बैठक में राजीव कुमार, रानी देवी, अणु देवी, गीता देवी, सरिता देवी आदि मौजूद थे।

## हाथियों का उत्पात जारी वन विभाग का मौन भी

**नवीन मेल संवाददाता। चिनिया**



थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में जंगली हाथियों का उत्पात जारी है, जिससे क्षेत्र के ग्रामीण काफी दुखित है। बुधवार की रात्रि भी प्रखंड मुख्यालय तथा चिरका गांव में जंगली हाथियों ने जमकर उत्पात मचाया। चिनिया के लालमणि यादव विनोद यादव के धान की फसल, चिरका गांव के शिव सिंह के मकई-धान की फसल, शिवकुमार सिंह के धान की फसल, मधु सिंह के धान की फसल, अरुण सिंह के धान की फसल, बरण सिंह के धान की फसल, बनारसी सिंह के धान एवं मकई की फसल, रोवन सिंह के धान की फसल, नान्हु सिंह के मकई एवं धान की फसल, अतहर मंसूरी के धान की फसल, अकील मंसूरी के धान की फसल को जंगली हाथियों ने नुकसान पहुंचाया। स्थानीय लोगों ने कई बार वन विभाग से जंगली हाथियों को भगाने की मांग की है। आक्रोशित ग्रामीण बताते हैं कि पिछले 40 दिनों से भी अधिक दिनों से क्षेत्र में जंगली हाथियों का आतंक जारी है। अब तक बेता डोल चपकली बिलैतीखैर सीदे पाल्हे हेताडकला आदि गांव में सैकड़ों किसानों के मवेशियों को एवं फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है, जिससे क्षेत्र के किसान काफी दुखी हैं। बताते चलें कि क्षेत्र में शुरू में कम वर्षा होने के कारण लोगों ने सिंचाई पंप से खेती की थी। उधर मामले में पूछे जाने पर प्रभारी वनपाल अनिमेष कुमार ने बताया कि जंगली हाथियों द्वारा फसलों को नुकसान किए जाने की जानकारी मिली है। नुकसान हुए फसलों की जायजा ली जा रही है। सरकारी प्रावधान के अनुसार मुआवजा दिया जाएगा।

## चिंता | जनप्रतिनिधियों ने जल्द पदस्थापना न होने पर दी आंदोलन की चेतावनी

# बीडीओ के स्थानांतरण से विकास होगा प्रभावित

**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी**

प्रखंड कार्यालय में पदस्थापित बीडीओ गणेश महतो को स्थानांतरित खूंटी के अड़की में हो जाने से ब्लॉक, अंचल तथा एफसीआई गोदाम तीनो रिक्त हो गया। बीडीओ के चले जाने से ब्लॉक, अंचल तथा एफसीआई गोदाम का संचालन प्रभार होंगे। इससे आम अवाम को काफी परेशानी हो जायेगी।

खरौंधी पूर्व मुखिया उपेंद्र कुमार भारती, विधायक प्रतिनिधि जितेंद्र प्रसाद यादव, भाजपा नेता इग्नासियूस बाड़ा, करिवाडीह बीड़ीसी विकास कुमार सिंह सहित दर्जनों ग्रामीणों ने बताया खरौंधी प्रखंड का लगभग 80 हजार आबादी है। प्रतिदिन 10 से 15 किलोमीटर दूर से सैकड़ों ग्रामीण पेंशन, आय, जाति, निवास, मनरेगा योजना, मोटेशन, राशन सहित कई काम को लेकर प्रखंड कार्यालय आते हैं। बीडीओ गणेश महतो के पास ही



सीओ तथा एमओ का अतिरिक्त प्रभार था। बीडीओ गणेश महतो अंचल कार्यालय तथा एफसीआई गोदाम का संचालन बेहतर ढंग से किया करते थे। जिससे प्रखंडवासी को कोई परेशानी नहीं होती थी, लेकिन बीडीओ गणेश महतो के स्थानांतरण के बाद बीडीओ, सीओ तथा एमओ का पद रिक्त हो जायेगा। राज्य सरकार के द्वारा बीडीओ, सीओ को खरौंधी में पदस्थापित नहीं किया गया है, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। बीडीओ गणेश महतो के चले जाने से ब्लॉक, अंचल तथा एफसीआई तीनो प्रभार में संचालित होंगे, जिससे प्रखंड वासियों को भविष्य में बड़ी समस्या होने वाली है। साथ ही बताया कुछ दिन पूर्व नीतीश रोशन खलखो को खरौंधी का सीओ बनाया गया था। लेकिन बाद में नीतीश रोशन खलखो ने भागदौड़ करके अपना स्थानांतरण गुमला जिला के सिसई में करा लिया। अगर जल्द खरौंधी को बीडीओ तथा सीओ नहीं मिला तो बाध्य होकर धरना प्रदर्शन करेंगे।

बता दें कि राज्य सरकार ने मंगलवार को एक साथ 152 बीडीओ का तबादला किया है। जारी अधिसूचना के अनुसार खरौंधी बीडीओ गणेश महतो को खूंटी के अड़की का बीडीओ बनाया गया। इसके बाद से जनप्रतिनिधियों तथा ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। लोगों ने चेतावनी दी है कि जल्द खरौंधी में बीडीओ तथा सीओ को पदस्थापित नहीं किया गया तो धरना प्रदर्शन के साथ आंदोलन किया जाएगा।

# 'महिलाएं आत्मनिर्भर होंगी तभी राज्य और देश होगा आत्मनिर्भर'

**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर**

प्लस टू उच्च विद्यालय के प्रशाल में गुरुवार को आजीविका महिला संगठन की वार्षिक आमसभा का आयोजन किया गया। इसमें वर्ष 2022-23 का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि जिला पार्षद सदस्य रंजनी शर्मा, मुखिया बेबी देवी, बीससूत्री अध्यक्ष इंद्रदेव बैठा तथा जेएसएलपीएस के प्रखंड समन्वयक नीरज कुमार ने संयुक्त रूप से किया। जिप सदस्य रंजनी शर्मा ने महिला समूह से जुडी सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि जब गांव की महिलाएं आत्मनिर्भर होंगी तभी राज्य और देश आत्मनिर्भर होगा। कहा कि नारी शक्ति परिवार, समाज एवं देश की शक्ति है। उन्होंने ग्रामीण



महिलाओं को आजीविका सखी मंडल से जुड़ते हुए स्वरोजगार अपनाने की अपील की। वहीं अन्य वक्ताओं ने नारी सशक्तिकरण पर जोर देते हुए कहा कि आजीविका सखी मंडल के सदस्य अपनी बेहतर कार्य कुशलता से नित्य नए स्वरोजगार अपनाकर अपने घर और समाज को बेहतर दिशा देने में लगी हुई है। कार्यक्रम का संचालन मरवारी उरांव ने किया। मौके पर जेएसएलपीएस एफटीसी चेतनाथ, सीसी मनोज, विष्णु, पुष्पा कुमारी, रंजीता कुजूर, कोषाध्यक्ष महेश कुमार, रोशनलाल जायसवाल, रीता देवी, सुनीता देवी, आरती देवी, पूनम देवी, अंजिता देवी, संध्या देवी आदि सैकड़ों महिलाएं उपस्थित थी।

## गागर में सागर

### स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली गई




**महुआडांड़।** शिक्षा विभाग तथा स्वच्छ भारत मिशन की ओर से गुरुवार को संयुक्त रूप से स्वच्छता सप्ताह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में बीडीओ अमरेन डांग व सीओ संतोष बैठा, विशिष्ट अतिथि के रूप में बीईओ घनश्याम चौबे, स्वच्छ भारत मिशन के जिला समन्वयक नवरत्न कुमार, सीआई गौतम कुमार लकड़ा, प्रखंड समन्वयक विवेकानंद, झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय की वार्डन अरूणा खलखो, रामवि रामपुर की प्रधानाध्यापिका प्रभा टोप्पो आदि समेत झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय, प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय महुआडांड़, रामवि रामपुर, राप्रावि डीपाटोली, मख्तब विद्यालय महुआडांड़ के छात्र-छात्राएं और शिक्षक मौजूद थे। स्वास्थ्य सहिया एवं स्कूली बच्चों ने स्वच्छता जागरूकता को लेकर रैली निकाली। रैली के पश्चात प्रखंड परिसर में सफाई अभियान भी चलाया गया। 1 से 5 वर्ग के बच्चों के बीच पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें 20 बच्चों ने भाग लिया। यह पेंटिंग प्रतियोगिता सभी पंचायत में भी आयोजन किया गया है।

### 'संकल्प यात्रा सभा में जुटेगी बड़ी भीड़'

**बरवाडीह।** भाजपा के संकल्प यात्रा के सातवें चरण में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह प्रदेश के प्रथम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी 7 अक्टूबर को प्रखंड के हाई स्कूल मैदान परिसर में आयोजित सभा की तैयारी पूरी कर ली गई है। भाजपा मंडल अध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में 5000 से अधिक लोगों की भीड़ जुटेगी। वहीं प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री के बरवाडीह आगमन से पूर्व प्रखंड में आधा दर्जन से अधिक जगह में तोरण द्वार, भाजपा के झंडा बैनर से सजाया है। इससे पूर्व बुधवार को लातेहार भाजपा जिला अध्यक्ष सह पूर्व विधायक हरे कृष्णा सिंह ने बरवाडीह प्रखंड का दौरा कर कार्यक्रम की तैयारी का जायजा लिया था। मौके पर सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद, उपाध्यक्ष सुनील सिंह, प्रदीप सिंह, मनोज प्रसाद, मनोज यादव, उपेंद्र सिंह, ननदेव सिंह, दिलीप यादव, पवन कुमार, उपेंद्र प्रसाद आदि मौजूद थे।

### संकल्प यात्रा को लेकर बैठक आयोजित

**महुआडांड़।** 7 अक्टूबर को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी की संभावित संकल्प यात्रा को लेकर महुआडांड़ भाजपा कार्यालय में मंडल अध्यक्ष शंभु प्रसाद के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। मौके पर भानू प्रसाद, मोहन यादव, दीपेंद्र नाथ शाह, आनंद नाथ शाह, जमुना प्रसाद, दिलिप प्रसाद प्रशांत सिंह आदि कार्यकता उपस्थित थे।

### सभा में 26 गांवों की महिलाएं हुईं शामिल

**मयूरहंड।** प्रखंड क्षेत्र के कदगावांकला आजीविका महिला संकुल स्वावलंबी सहकारी समिति की वार्षिक आम सभा गुरुवार को हुई, जिसमें 26 गांव के 97 समूह की महिलाओं ने भाग लिया। आम सभा का शुभारंभ मुख्य अतिथि बीस सूत्री अध्यक्ष रामभरोस यादव, मुखिया अशोक कुमार भुईयां, जेएसएलपीएस प्रखंड समन्वयक एलबुनेस एक्का व उप मुखिया ने संयुक्त रूप से किया। वहीं संकुल सचिव शकुन्तला देवी ने वर्ष 2022-23 के प्रगति रिपोर्ट को पढ़कर सुनाया। मौके पर संकुल की कोषाध्यक्ष नजरुम निशा, कामता कुमारी, सुनिता देवी, शांति देवी, अनुज कुमार गुप्ता, सबिता देवी, नीतु देवी के अलाव संकुल की दर्जनों महिलाएं उपस्थित थीं।

### भूमि पर अवैध जोत-कोड़ रोकने की मांग

**बारियातु।** प्रखंड के टोंटी पंचायत अंतर्गत टुंडाहुटु ग्राम के दर्जनों ग्रामीणों ने गुरुवार को प्रखंड सह अंचल कार्यालय पहुंच कर अंचलाधिकारी नंद कुमार राम को स्कूल के खेल मैदान की भूमि पर अवैध तरीके से कब्जा कर जोत-कोड़ रोकने को लेकर आवेदन सौंपा। ग्रामीणों ने बताया कि वर्ष 2005-06 से गांव के ही रामकुमार उरांव, टेपा गंझु व दीलिप यादव फुटबॉल व अन्य खेल खेलने से मना करने लगे एवं अवैध तरीके से अपना कब्जा उक्त भूमि पर जमाने लगा है। हमने तीनों से कागजात की मांग की लेकिन लगभग 18 वर्ष बीत जाने के बाद भी कोई कागजात नहीं दिखाया गया और उक्त भूमि पर अपना कब्जा जमाया हुआ है। ग्रामीणों ने अंचलाधिकारी उक्त भूमि को जांच खेल मैदान की तरह रहने देने की अपील की है। इस संबंध में अंचलाधिकारी ने बताया कि ग्रामीणों का आवेदन प्राप्त हुआ है। उक्त स्थल व कागजात की जांच कर कारवाई की जायेगी। मौके पर पंचायत समिति सदस्य मो होजैफा मौजूद रहे। मौके पर मोहन उरांव, राजकुमार उरांव, अरविंद भुइयां, राजेंद्र उरांव, धर्मेंद्र भुइयां, परमेश्वर कुमार, अजित उरांव, सुरेंद्र उरांव, सुनिल गंझु, चरकु भुइयां, बसंत उरांव, अशविंद राज, मनोज राज, पंकज राज आदि उपस्थित थे।

### भूमि अधिग्रहण को लेकर की गई बैठक

**मनिका।** प्रखंड स्थित शिंजो में नंदकिशोर यादव के मकान में गुरुवार को भूमि अधिग्रहण को लेकर जमीन मालिकों के साथ राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा परिषद के सदस्य रविंद्र नाथ तिवारी के नेतृत्व में बैठक हुई। इसमें सैकड़ों की संख्या में जमीन मालिक उपस्थित थे। तिवारी ने कहा कि जो राष्ट्रीय मार्ग विंधमगंज से रांची तक बनाया जा रहा है, जिसमें कई जमीन मालिकों की जमीन जा रही है। सरकार को इसका उचित मुआवजा देना होगा। क्षेत्र के कई गांवों की जमीन का रेट 2000 से 3000 रुपये प्रति डिसमिल सरकार की ओर से निर्धारित की गई है जो गलत है। मौके पर सुरेंद्र पासवान, परमानंद यादव, हरि यादव, अजय प्रसाद, बलराम यादव, दरोगी यादव आदि उपस्थित थे।

### 12 से देखने को मिलेगा फटाफट क्रिकेट

**लातेहार।** लातेहार जिला क्रिकेट संघ की ओर से आयोजित टी-20 लातेहार प्रीमियर क्रिकेट लीग का उद्घाटन 12 अक्टूबर को जिला खेल स्टेडियम में होगा। इसके लिए गुरुवार को संघ के कर्यालय जिला खेल स्टेडियम में छह टीमों का चयन किया गया। जिले भर के 90 खिलाडियों का चयन सचिव की उपस्थिति में लॉटरी से किया गया। इस वर्ष भी छह टीमों का गठन किया गया। लातेहार जांबाज का नेतृत्व श्रवण महली करेंगे, लातेहार सुपरकिंग का नेतृत्व समरेश कुमार बादल को सौंपा गया है। वहीं लातेहार इंडियन का नेतृत्व धीरेंद्र सिंह सुरवार, लातेहार फाइटर का नेतृत्व आकाश कुमार सिन्हा, लातेहार रॉयल्स का नेतृत्व कुमार आस्तिक तथा लातेहार बुल्स का नेतृत्व राम साहनी करेंगे। समापन 21 अक्टूबर को होगा।

### बालिका समृद्धि व शिक्षा को लेकर बैठक

**बारियातु।** प्रखड की गोनिया पंचायत अंतर्गत ग्राम बारा एवं विश्रामपुर में गुरुवार को जनभावना फाउंडेशन के तहत बैठक की गई। पंचायत हेड राजूरंजन गुप्ता एवं रोहन कुमार रवि ने बताया कि संस्था का उद्देश्य हर हाथ रोजगार और हर घर शिक्षा देना है।

# विधायक ने दुर्गा मंडपों व बाजार शेड का किया निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**

मनिका विधान सभा के स्थानीय विधायक रामचंद्र सिंह गुरुवार को अपने समर्थकों एवं कार्यकर्ताओं के साथ बरवाडीह बाजार शेड, दुर्गा मंडप समेत कई स्थानों का भ्रमण कर विकास की कई घोषणाएं की।

सिंह ने इस दौरान सर्वप्रथम बाजार समिति की ओर से निर्मित बाजार शेड का निरीक्षण कर दुकानदारों से उनकी व्यथा जानने का प्रयास किया। दुकानदारों ने जर्जर बाजार शेड की मरम्मती की मांग की। इस पर विधायक ने बाजार शेड का जल्द ही जीर्णोद्धार कराने का आश्वासन दिया। इसके उपरांत सिंह ने बाजार स्थित दुर्गा पूजा समिति के सदस्यों से मुलाकात कर दुर्गा मंडप परिसर में होने वाली परेशानियों से अवगत होते हुए समिति के सदस्यों की मांगों को पूरा करते हुई जल्द ही दुर्गा मंडप परिसर में भक्तों के लिए सामुदायिक भवन बनाने की घोषणा की। विधायक ने गड़वाट्रांड दुर्गा मंडप कमेटी व बाजार पंचमुखी मंदिर परिसर स्थित दुर्गा पूजा समिति के सदस्यों से भी मुलाकात कर दोनों जगह सामुदायिक दुर्गा मंडप बनाने की घोषणा की। इसके अलावा विधायक ने प्रखंड के अन्य क्षेत्रों का भ्रमण कर ग्रामीणों की समस्याओं के निदान का आश्वासन दिया। मौके पर मौके पर प्रदेश कर समिति सदस्य रविंद्र राम, वरीय सामाजिक कार्यकर्ता अनिल सिंह, अजय चंद्रवंशी, अजय सिंह बिट्टू, प्रेम सिंह पिंटू, शिवानंद तिवारी, राकेश अग्रवाल, अवधेश मेहरा, अजीत कुमार, संजय यादव, रविंद्र पासवान, मोहम्मद सईद अंसारी, राजेश वर्मा आदि मौजूद थे।



## सड़क नहीं होने के कारण गांव नहीं आ सकी एंबुलेंस

# गर्भवती महिला को तीन किमी खाट पर उठाकर ले गए स्वजन

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**

लातेहार जिले के चंदवा प्रखंड में सड़क नहीं रहने के कारण एक गर्भवती महिला को परिजन तीन किमी दूर खड़ी एंबुलेंस तक खाट पर उठाकर ले गए। मामला माल्हन पंचायत के गनियारी गांव का है। जानकारी के अनुसार गुरुवार को गनियारी गांव के दालचुआं निवासी दीपक गंझु की पत्नी प्रमिला देवी को अचानक प्रसव पीड़ा होने लगी। इसके बाद परिजनों ने इसकी सूचना स्थानीय सहिया संध्या बाखला को दी। सहिया ने तत्काल ममता वाहन को सूचना देकर गांव में बुलाया, लेकिन गांव में सड़क नहीं रहने के कारण ममता वाहन प्रस्तुता के घर तक नहीं पहुंच पाया। इसके बाद परिजनों ने महिला को खाट पर उठाकर लगभग तीन किमी दूर खड़े ममता वाहन तक पहुंचाया। खबर लिखे जाने तक महिला का इलाज लोहरसी स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा था। स्थानीय ग्रामीण दीपक गंझु समेत समाजसेवी सुरेश नाथ लोहरा, दिनेश गंझु, कुंती देवी, मानती देवी, बसंती देवी, रवीना देवी आदि का कहना है कि गनियारी गांव के दालचुआं, टटबिनवा, ढेंगराखाड़, मलार टोंगरी समेत माल्हन के नवाटोली में आजादी के इतने सालों बाद भी सड़क मार्ग की व्यवस्था नहीं है। इसके कारण हमेशा मरीजों, स्कूली बच्चों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ता है। विगत कई वर्षों से उक्त गांव में सड़क बनाने की मांग की जा रही है, लेकिन अब तक किसी भी अधिकारी व जनप्रतिनिधि ने इसकी सुध नहीं ली है। नेता सिर्फ चुनाव के समय बड़ी-बड़ी बातें करते हैं और चुनाव जीतने के बाद कोई गांव की तरफ देखता तक नहीं है।

**क्या कहते हैं बीडीओ :** इस संबंध में चंदवा बीडीओ विजय कुमार ने कहा कि गांव में सड़क की समस्या के बारे में पता चला है। जल्द ही लातेहार उपायुक्त को इससे अवगत कराया जायेगा।

**क्या कहते हैं मुखिया :** मुखिया जतरु कुमार मुंडा ने कहा कि पंचायत में सड़क मार्ग का घोर अभाव है, जिसके कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मेरे द्वारा कई बार सड़क निर्माण की मांग की गई, लेकिन अब तक कोई पहल नहीं हुई है। मुखिया ने कहा कि लातेहार में होने वाली डीएमएफटी की बैठक में अधिकारियों के समक्ष उक्त सड़क निर्माण का मुद्दा उठाने का कार्य करूंगा।

वर्षों से सड़क की मांग कर रहे ग्रामीण, किसी ने नहीं ली सुध



## विवाहिता की संदिग्ध हालात में मौत, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

**गिद्धौर(चतरा)।** जिले के गिद्धौर थाना क्षेत्र अंतर्गत मंझगांवा पंचायत स्थित सूयाटांड़ करमाही में एक विवाहिता की मौत संदिग्ध हालात में हो गई। वहीं परिजनों ने स्थानीय थाने में आवेदन दे विवाहिता की हत्या का आरोप लगाया है। ईधर, पुलिस गुरुवार को विवाहिता का शव कब्जे में ले अंत्यपरीक्षण के लिए सदर अस्पताल चतरा भेजने के साथ मामले की तहकीकात कर रही है। मृतका सूयाटांड गांव के अब्दुल कयूम की पत्नी नाजमा खातून 28 वर्ष है। वहीं मृतका के पिता हजारीबाग जिले के चौपारण थाना क्षेत्र के बेढ़ना परसांवा निवासी अब्दुल जलील ने अपनी पुत्री की दहेज को ले हत्या का आरोप लगाया है। थाना प्रभारी गुलाम सरवर ने बताया कि पुलिस मामले की गहनता से जांच पड़ताल कर रही है।

## लोन रिकवरी एजेंट से ढाई लाख की लूट, 4 हिरासत में

**चतरा/टंडवा।** जिले के टंडवा थाना क्षेत्र अंतर्गत राहम बाईपास मोड़ के समीप अज्ञात हथियारबंद अपराधियों ने हथियार के बल पर लोन रिकवरी कर लौट रहे एजेंट से 2 लाख 65 हजार रुपये लूट लिए। लूट की घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी जंगल का लाभ उठाकर भाग निकले। पीड़ित एजेंट ने बताया कि राहम गांव की ओर से वह लोन की रकम को रिकवरी कर टंडवा की ओर लौट रहा था। इसी दौरान रेकी कर रहे अपराधियों ने सुनसान जगह देखकर हथियार के बल पर लूट की घटना को अंजाम दिया।

## 'बिजली लाने में मरांडी का कोई योगदान नहीं'

**महुआडांड़।** बालूमाथ में आयोजित संकल्प यात्रा के दौरान भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के महुआडांड़ में बिजली लाने संबंधी बयान को लेकर प्रदेश कांग्रेस के पंचायतीराज जोनल कोआर्डिनेटर सह युवा नेता अजीत पाल कुजूर ने एतराज जताते हुए कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। कुजूर ने कहा कि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी का महुआडांड़ में बिजली लाने में कोई योगदान नहीं है। वे झूठी कहानी बता कर लोगों को दिग्भ्रमित करने का कार्य कर रहे हैं। वर्तमान विधायक रामचंद्र सिंह के प्रयास से ही महुआडांड़ में बिजली आई थी। महुआडांड़ में नेतरहाट से बिजली लाने के लिए वर्ष 2000 में सिंह अपने विधायक मद से 22 लाख रुपये दिये थे। उस समय उनके कार्यकर्ताओं के अथक प्रयास से नेतरहाट से महुआडांड़ में बिजली पहुंची थी, जिसका उद्घाटन विधायक सिंह से न कराकर एक तत्कालीन मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी से कराया गया था। उद्घाटन के समय सबसे दिलचस्प बात ये हुई कि उस समय बिजली लाइन ही कट गई थी तब आनन-फानन में जनरेटर स्टार्ट करके बल्ब जलाकर बिजली का उद्घाटन किया गया था।

## 18 ग्राम ब्रॉउन शुगर के साथ दो युवक गिरफ्तार, भेजे गए जेल

**नवीन मेल संवाददाता। गिद्धौर/चतरा**

पुलिस ने गिद्धौर थाना क्षेत्र अंतर्गत गांगपुर के दतुआ जंगल के पास से 18 ग्राम ब्रॉउन शुगर के साथ दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया। इनके पास से 2 हजार 40 रुपये नकद, तीन स्मार्ट फोन और एक बाइक जब्त की गई है। पुलिस की गिरफ्त में आया युवक बिहार के शेरघाटी थाना क्षेत्र के चांपी निवासी सौरव कुमार दांगी व सदर थाना क्षेत्र के लोवागड़ा निवासी कृष्ण कुमार दांगी है। गिरफ्तार दोनों अभियुक्तों पर प्राथमिकी दर्ज कर उन्हें गुरुवार को जेल भेज दिया गया। उपरोक्त जानकारी प्रेस वार्ता में सिमरिया एसडीपीओ अशोक कुमार प्रियदर्शी ने देते हुए बताया कि पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना के आधार पर उसके नेतृत्व में छापामारी दल का गठन किया गया। इसमें थाना प्रभारी गुलाम सरवर, पुअनि रामदेव वर्मा व अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे। सूचना का सत्यापन करने के बाद छापामारी दल ने चतरा हजारीबाग मुख्य सड़क में एन्टी क्राइम चेकिंग चलाया। इसमें गिद्धौर की तरफ से बाइक से हजारीबाग जा रहे दो युवकों को रोक कर तलाशी ली गई तो इनके पास से प्रतिबंधित मादक पदार्थ जब्त किया गया। ज्ञात हो कि कुछ दिनों पूर्व 5 सौ 15 ग्राम ब्रॉउन शुगर के साथ पुलिस ने पिता-पुत्र को गिरफ्तार किया था।



## बारिश में दो गरीब परिवार के घर धराशायी



**इटखोरी।** गरीबी से जूझ रहे प्रखंड की पितीज पंचायत के गुल्ली गांव निवासी रामखेलावन दांगी और संतोष दांगी का कच्चा घर ध्वस्त हो गया है। दोनों पीड़ित परिवार ने प्रखंड प्रशासन से तत्काल सहायता और आवास की मांग की है। जानकारी के अनुसार पीड़ित रामखेलावन दांगी व संतोष दांगी अत्यंत गरीब हैं, जिसके कारण नए घर का निर्माण करने में सक्षम नहीं हैं और सरकारी आवास मिलने की उम्मीद में हैं। वर्तमान में दोनों कच्चे घर में गुजर बसर कर रहे हैं। लेकिन बारिश में आए दिन घर का कुछ-कुछ हिस्सा गिरते जा रहा है। ज्ञात हो कि कच्चे घर गिरने की पीड़ा गांव में दोनों की ही नहीं है बल्कि इस तरह के आधा दर्जन लोगों हैं जिनका घर इस बरसात में गिर चुका है।

## लापरवाही नेतराहाट में आउटलेट की टूटी दीवार

# गर्मी में जल संकट को आमंत्रण

**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़**

झारखंड के प्रसिद्ध पर्यटक स्थल नेतरहाट की प्राकृतिक सुंदरता से आकर्षित पर्यटक सालों भर घूमने आते रहते हैं। नेतरहाट पर्यटक स्थल विशेष कर अपने सूर्योदय और सूर्यास्त प्वाइंट के लिए प्रसिद्ध है। लेकिन बारिश के दौरान बादलों और जाड़ों में कोहरे की वजह से सूर्योदय और सूर्यास्त के समय प्राकृति के अद्भुत नजारों का लुफ्त नहीं उठा पाते हैं और इसी नजारे को देखने गर्मी में आते हैं। लेकिन इस गर्मी पर्यटकों और वहां के स्थानीय ग्रामीणों को भारी परेशानी उठानी पड़ सकती है। क्योंकि नेतरहाट की लाइफ लाइन कहीं जाने वाली एकमात्र डेम जहां से पूरे क्षेत्र में पानी की आपूर्ति की जाती है। अत्यधिक गर्मी पड़ने से पानी का स्तर बिल्कुल ही नीचे चला जाता है। और ऐसे में बरसात के समय में डेम में बने आउटलेट की दीवार तीन से चार फीट तोड़ दिए जाने से डैम में तीन से चार फीट पानी काम ही रह जाएगा, जो गर्मी के समय में जल संकट को आमंत्रण दे रहा है। वहीं से लेकर जल विभाग की ओर से किसी भी प्रकार का सुधार कार्य नहीं किया गया है। एक ओर झारखंड सरकार जिस तरह से पर्यटक स्थल को विकसित करने में विशेष ध्यान दे रही है। इसके बाद भी विभागीय लापरवाही के कारण पर्यटक समेत ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। नेतरहाट के मुखिया रामविशुन नगेसिया, पूर्व मुखिया सुधीर बृजिया, पूर्व जिला परिषद सदस्य अजय कुमार, आशुतोष कुमार समेत ग्रामीणों ने अधिकारियों से इस संबंध में सुधार करने की मांग की है। ज्ञात हो कि अभी भी डैम में तीन से चार फीट पानी काम भरा हुआ है।



### योजनाओं की जांच करने पहुंची लोकपाल

**गिद्धौर/चतरा।** जिले के गिद्धौर प्रखंड अंतर्गत बारियातु पंचायत में मनरेगा के तहत संचालित योजनाओं में गड़बड़ी की शिकायत की जांच करने मनरेगा लोकपाल संध्या प्रधान गुरुवार को पहुंची। लोकपाल ने शिकायत की गई योजनाओं के लाभुकों से पूछताछ की।

**पूर्व मध्य रेल**

**खुली ई-निविदा सूचना**

**विविध वैद्युतिक कार्य हेतु ई–निविदा सूचना विद्युत (सामान्य) विभाग के लिये खुली निविदायें**

मंडल रेल प्रबन्धक (विद्युत) पूर्व मध्य रेल, धनबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्नलिखित कार्यो के निष्पादन के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:–

**1. ई निविदा सं.: ईएल/20/खुली/2023–24**
**कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि:** धनबाद मंडल: धनबाद मंडल में विभिन्न प्रकार और क्षमता वाले एचएस और बीएस मोटर्स की मरम्मत के लिए रखरखाव अनुबंध (तीन वर्षो के लिए) (कार्य समापन अवधि: छतीस माह) **कार्य के लिए प्राकलित राशि:** रू. 35,00,208.89 **बिड सिक्युरिटी:** रू. 70,000.00

**2. ई निविदा सं.: ईएल/21/खुली/2023–24**
**कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि:** सीनियर डीईएन/2/धनबाद के अधिकार क्षेत्र में पहाड़पुर (अप), गुरपा (अप और डाउन) में प्लेटफार्म के उठाव और पूरी लंबाई की ट्रेनों को समायोजित करने के लिए तेतुलमारी (1 और 2) और हीरोडीह (3 और 4) में पीएफ के विस्तार से संबंधित विद्युतीय कार्य । (कार्य समापन अवधि: छः माह) **कार्य के लिए प्राकलित राशि:** रू. 73,69,986.64 **बिड सिक्युरिटी:** रू. 1,47,400.00

**3. ई निविदा सं.: ईएल/22/खुली/2023–24**
**कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि:** (अ) दुग्धा–दुग्धा (डीबीवाईसी एण्ड डीजीएससी) माल शेड में घाट और 200 मीटर पहुंच मार्ग का प्रावधान (ब) एडीईएन/डाल्टनगंज अनुभाग में बरवाडीह, डाल्टनगंज और गढ़वा रोड स्टेशनों की पहुंच सड़क और अन्य यात्री सुविधाओं में सुधार (सी) राय – प्लेटफार्म सं 2 को रेल स्तर मे उच्च स्तरीय प्लेटफार्म तक बढ़ाने, विस्तार करने और अन्य यात्री सुविधाओं में सुधार करने से संबंधित विद्युतीय कार्य । (कार्य समापन अवधि: छः माह) **कार्य के लिए प्राकलित राशि:** रू. 64,70,516.11 **बिड सिक्युरिटी:** रू. 1,29,400.00

**ई निविदा बंद होने एवं खुलने की तिथि एवं समय:** ई निविदा बंद होने की तिथि दिनांक 02.11.2023 को 11:00 बजे । ई निविदा खुलने की तिथि दिनांक 02.11.2023 को 11.30 बजे । **वेबसाइट का विवरण:** वेबसाइट www.ireps.gov.in ई–निविदा के तहत मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

**कृते मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत)/पूर्व मध्य रेल, धनबाद**
पीआर/01332/डीएचएन/इजीईएन/टी/एन/23–24/60

**Office Nagar Parishad, Lohardaga**

**Notice Inviting Short Tender**

e-Tender Reference No. LNP/ 10/2023-24 — Date- 04-10-2023

| S. No. | Gr. No. | Name of the Work | Approx Value of work (in Rs.) | Earnest Money (in Rs.) | Cost of Bid Document by DD (Rs.) (non refundable) | Period of completion |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 1 | Construction of RCC drain with slab From Gulam house to Urdu middile school via bashir house (1315'), & Sakil house to Sonu house via firoj house (350'), & Construction of RCC culvert near Ursh maidan at W.N. - 12 | 46,36,614.00 | 92,732.00 | 10,000.00 + 18% GST | 60 Days |
| 2 | 2 | Construction of P.C.C. road from Jainathpur Akhra to Bhola Mahato house, Fuldew oraon house to Sikha house and Chandan Rajgariya house to Sager Mandel house in ward no 18 | 52,88,413.00 | 1,05,768.00 | 10,000.00 + 18% GST | 60 Days |
| 3 | 3 | Construction of drain & Repairing of PCC Road from (1) Bagdu road Eidgah to Jubair ansari house via manir ansari house (drain= 1715', PCC= 980') (2) Emamuddin house to bashir house (drain= 530', PCC= 340'), (3) Gulam rasul house to Soyeb house (drain= 230', PCC=295'), Islamnagar, Lohardaga at Ward NO- 11 | 54,17,916.00 | 1,08,358.00 | 10,000.00 + 18% GST | 60 Days |
| 4 | 4 | Construction of RCC drain with slab From Sanjay sahu house to Usha kumari house (Kisko More 700') & Vinay agarwal house to Jayshil prasad house (Kisko more 530') W.N - 06 | 31,01,608.00 | 62,032.00 | 10,000.00 + 18% GST | 60 Days |
| 5 | 5 | Construction of RCC drain with slab from Koka Pan Dukan to Rinku house (Powerganj Chowk) and Construction of drain & Repairing of PCC Road from (1) Tipu house to Dhoda toli road (2) Girwar Shishu sadan school to Naim khan house (Near Choti Masjid) at Ward NO- 03 | 29,28,355.00 | 58,567.00 | 10,000.00 + 18% GST | 60 Days |
| 6 | 6 | Construction of RCC drain with slab From (1) Block more to Rajiv ranjan house ( Block colony 1050') & Construction of PCC Road from Mahatam yadav house to arvind dubey house ( block colony 150' ) & Repairing of PCC Road from (1) Pramod sahu hose to anita devi house ( 250' block colony ), (2) Prakash sharma house to arvind mishra house ( 400' block colony), (3) Laldev bhagat house to shashi badaik house ( block colony 275' ) at W.N. -04 | 40,15,634.00 | 80,313.00 | 10,000.00 + 18% GST | 60 Days |
| 7 | 7 | Construction of RCC drain with slab near Taj Banquet Crocery Shop to Shoe Mahal New Road, Whali jee house to Shashi Sahu house, Sayad Kalim house to Shakil khan house and Sohel Medical Shop to Anu Battel Shop in ward no 13 | 41,47,153.00 | 82,943.00 | 10,000.00 + 18% GST | 60 Days |
| 8 | 8 | Construction of drain & Repairing of PCC Road from ( 1 ) Surendra Say house to Shashi Badaik house & Anil Sinha house to Ramjee Sahu house, Block Colony ( Drain= 1120', PCC=1305' ), (2) Ravi Sinha house to Master sahab house, Dhoratoli ( drain= 150' ), at Ward NO- 04 | 34,90,955.00 | 69,819.00 | 10,000.00 + 18% GST | 60 Days |
| 9 | 9 | Construction of PCC road & RCC Drain from Budhu oraon house to livelihood centre (Patratoli) at W.N. -05 | 43,58,945.00 | 87,179.00 | 10,000.00 + 18% GST | 60 Days |
| 10 | 10 | Construction of P.C.C. road from Fulmani Toppo house to Irdan Ekka house via Gulsan Ekka house and Roshan Toppo house to Sanjay Rajak house via Ramchander Rajak house in ward no 23 | 27,91,631.00 | 55,833.00 | 10,000.00 + 18% GST | 60 Days |
| 11 | 12 | Construction of RCC drain with slab From Barwatoli chowk to Radha Marble(Collage Road) at Ward no -19 &23 | 24,75,262.00 | 49,600.00 | 5,000.00 + 18% GST | 60 Days |
| 12 | 12 | Construction of PCC Road near SDO Office under nagar parishad lohardaga at Ward NO - 06 | 24,74,472.00 | 49,500.00 | 5,000.00 + 18% GST | 60 Days |

Note: Updated estimated cost should be considered for earnest Money.

| Sl. No. | Procurement Officer | date of tender publish on website | Last date for submission of tender fee and earnest money. | Availability of tender on line for bidding | | Place, Date & time of opening bid. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| A | B | C | D | E | F | G |
| 1. | Executive officer Nagar Parishad, Lohardaga | 09-10-2023 Time 10:30 AM | N.P. Lohardaga 27-10-2023 up to 3:00 P.M. | Bid downloading Date-09-10-2023 Time 11:00 A.M To Date 26-10-2023 Time 5:00 P.M. | Bid submission Date- 09-10-2023 Time 11:30 P.M To Date 26-10-2023 Time 5:00 P.M. | N.P. Lohardaga Date- 27-10-2023 Time 05:00 P.M |

Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Administrator
Nagar Parishad, Lohardaga

PR 308396 Lohardaga (23-24)_D

## गागर में सागर

### ग्रामीण व स्वदेशी जनजातीय खेल 7 को

**लोहरदगा।** जिले में खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय के निदेशानुसार आदिवासी एवं ग्रामीण स्तरीय खेल का विकास योजना अंतर्गत ग्रामीण तथा स्वदेशी जनजातीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें तीरंदाजी, गुलैल, मटका दौड़, गेंडी दौड़, भारा दौड़ एवं सेकोर खेल शामिल है। वहीं भाग लेने वाले बालक/बालिका का आयु वर्ग 14-40 वर्ष के बीच होना चाहिए और प्रतिभागियों का विवरणी नाम, पिता का नाम, गांव का नाम, आधार कार्ड की संख्या एवं छायाप्रति के साथ आना अनिवार्य होगा। जिला स्तर पर होने वाले कुल 05 व्यक्तिगत स्पर्धा के लिए प्रति स्पर्धा 02 बालक एवं 02 बालिका अपने संस्था / विद्यालय / महाविद्यालय / पंचायत / प्रखण्ड से भाग लेंगे। वहीं सेकोर खेल में प्रत्येक प्रखण्ड से 01 बालक टीम एवं 01 बालिका टीम भाग लेगी। जिसमें एक टीम में 07 खिलाड़ी होंगे। प्रतिभागियों को खेल से संबंधित गुलैल, मटका, गेंडी दौड, तीरंदाजी बॉस का भारा दौड़ हेतु खेल सामग्री के साथ सभी प्रखण्डों से प्रतिभागी 07 अक्टूबर को पूर्वाह्न 08:00 बजे तक आयोजन स्थल नदिया हिन्दु उच्च विद्यालय मिनी स्टेडियम, लोहरदगा में प्रतिभागियों को ससमय भाग लें। उक्त सूचना जिला खेल पदाधिकारी उपवन बड़ा ने दी।

### संकल्प सप्ताह के तहत हुए कई कार्यक्रम




**लोहरदगा।** संकल्प सप्ताह अंतर्गत लोहरदगा जिला के आकांक्षी प्रखंड किस्को में पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल लोहरदगा की ओर से कई कार्यक्रम आयोजित किये गए। स्वच्छता एक संकल्प कार्यक्रम का आयोजन प्रखंड की सभी पंचायतों में किया गया, जिसके तहत विभिन्न गतिविधियां की गईं। सभी पंचायतों में स्वच्छता शिविर का आयोजन किया गया। स्वच्छ घर, गांव एवं ग्राम पंचायत अभियान का शुभारंभ किया गया। प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में स्वच्छता रैली, वाक प्रतियोगिता तथा चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पंचायत स्तर पर स्वच्छता से स्वास्थ्य की ओर जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया। विद्यालय स्तर पर स्वच्छता अंतर्गत ठोस एवं तरल कचरा, प्लास्टिक कचरा, माहवारी स्वच्छता प्रबंधन एवं शौचालय के रख-रखाव एवं उपयोग हेतु वाक प्रतियोगिता एवं चित्रकला का आयोजन स्कूल के बच्चों के माध्यम से किया गया। विभाग स्तर से सभी पंचायत में कार्यक्रम का आयोजन के लए पंचायत स्तर पर कर्मियों को नामित किया गया। कार्यक्रम के नोडल पदाधिकारी के रूप में सहायक अभियंता, नोडल पदाधिकारी द्वारा कार्य किया गया।

### जयंती पर याद की गई रानी दुर्गावती



**लोहरदगा।** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में रानी दुर्गावती की जयंती मनाई गई। प्राचार्य उत्तम मुखर्जी ने रानी दुर्गावती के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को रानी दुर्गावती के जीवन से जुड़ी डॉक्यूमेंट्री फिल्म दिखाई गई। मौके पर प्राचार्य ने कहा कि कई आक्रमणकारी मुगल शासकों के विरुद्ध अपने साहस और शौर्य के लिए विख्यात रानी दुर्गावती चंदेलगढ़ा साम्राज्य की शासक महारानी थीं। वो भारत की एक प्रसिद्ध चन्देल वीरांगना थीं, जिनका जन्म दुर्गाष्टमी के दिन 5 अक्टूबर 1524 ई. को कालिंजर के राजा कीर्तिवर्मन द्वितीय चंदेल के यहां हुआ था। प्राचार्य के अलावा कन्या भारती और तरुण भारती के प्रधानमंत्री क्रमशः रोशनी उरांव एवं रोहित कुमार और सेनापति भैया अभय साहू और शिक्षक शिक्षिकाओं ने रानी दुर्गावती का चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित की।

# पुलिस-पब्लिक में बेहतर संवाद स्थापित करना उद्देश्य : एसपी

### पेशरार में शहीद अजय कुमार सिंह नॉकआउट फुटबॉल प्रतियोगिता का हुआ समापन, विजेता बनी रोरद की टीम



**नवीन मेल संवाददाता। पेशरार**

जिले के अति सुदूरवर्ती एवं घोर नक्सल प्रभावित पेशरार थाना क्षेत्र अंतर्गत बाजार टांड़ में स्थित फुटबॉल मैदान में दो दिवसीय शहीद अजय कुमार सिंह नॉकआउट फुटबॉल प्रतियोगिता पुलिस प्रशासन के सौजन्य से संपन्न हुई। फाइनल सह समापन समारोह में मुख्य अतिथि पुलिस कप्तान हारिस बिन जमां और विशिष्ट अतिथि के तौर पर शहीद एसपी अजय कुमार सिंह के पिता रामाश्रय सिंह मुख्य रूप से मौजूद रहे। फाइनल मुकाबला रोरद बनाम ओनेगड़ा के बीच में खेला गया, जिसमें रोरद की टीम ने 2-1 से जीत हासिल कर खिताब पर कब्जा जमाया। अतिथियों ने विजेता एवं उप विजेता टीम को ट्राफी, जर्सी सेट एवं फुटबॉल देकर हौसला अफजाई की। साथ ही प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी टीमों को जर्सी और फुटबॉल देकर प्रोत्साहित किया गया।

मौके पर खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों से एसपी हारिस बिन जमां ने कहा कि सुदूरवर्ती क्षेत्र के खिलाड़ियों की बेहतरी के लिए पुलिस प्रशासन सकारात्मक कार्य करता रहा है। आगे भी खिलाड़ियों के हित में अनेकों कार्यक्रम समय-समय पर आयोजित किया जाता रहेगा। एसपी ने कहा कि लोहरदगा के जाबांज पुलिस कप्तान शहीद अजय कुमार सिंह उग्रवादियों से लोहा लेते हुए पेशरार थाना क्षेत्र अंतर्गत केकरांग में वीरगति को प्राप्त हुए थे। उनके अधूरे सपनों को लोहरदगा पुलिस जनता के साथ समन्वय स्थापित कर पूरा करने का कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि शहीद अजय कुमार सिंह भारतीय पुलिस सेवा के होनहार और दिलेर अधिकारी थे। उनके आदर्शों पर चलकर क्षेत्र में बचे उग्रवादियों को राज्य सरकार की सरेंडर पॉलिसी के तहत मुख्यधारा पर लाने का प्रयास रहेगा और क्षेत्र के छिपे हुए खिलाड़ियों को बेहतर प्लेटफार्म दिलाने का कार्य किया जायेगा। पुलिस और पब्लिक के बीच आपसी संवाद स्थापित कर क्षेत्र के विकास में अग्रणी भूमिका निभाई जायेगी। वहीं विशिष्ट अतिथि शहीद अजय कुमार सिंह के पिता रामाश्रय प्रसाद सिंह ने कहा कि आज हमारे जांबाज बेटे शहीद अजय कुमार सिंह की दिलेरी ने हमें और हमारे परिवार वालों को गौरवान्वित महसूस कराता है। बेटे अजय की कुर्बानी हमारे परिवार और देश के तमाम सुरक्षा कर्मियों को गौरवान्वित कर दिया है। उन्होंने लोहरदगा पुलिस से सच्ची और पूरी निष्ठा के साथ उग्रवादियों से लोहा लेने की अपील की।

इस मौके पर सीआरपीएफ 158 बटालियन के कमांडेंट राहुल कुमार, असिस्टेंट कमांडेंट तरूण मंडल, पेशरार थाना प्रभारी मोहम्मद अख्तर अली, बीस सूत्री अध्यक्ष रविंद्र कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

## भंडरा में ऐतिहासिक जितिया जतरा का आयोजन 10 को



**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा**

प्रखंड के अखिलेश्वर मंदिर परिसर में आगामी 10 अक्टूबर को ऐतिहासिक जितिया जतरा का आयोजन किया जाएगा। जितिया जतरा के सफल आयोजन को लेकर गुरुवार को बिठ्ठू उरांव की अध्यक्षता में ग्रामीणों की बैठक संपन्न हुई। बैठक में ऐतिहासिक जितिया जतरा को लेकर कमिटी का पुनर्गठन किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष अंजन उरांव, उपाध्यक्ष सूरज उरांव, सचिव सूरज उरांव, कोषाध्यक्ष गोबरा मुंडा को चुना गया। मौके पर बैठक की अध्यक्षता कर रहे बिशुनपुर विधायक प्रतिनिधि बिठ्ठू उरांव ने कहा कि अखिलेश्वर मंदिर में आयोजित ऐतिहासिक जितिया जतरा का इतिहास काफी पुराना है। अपने ऐतिहासिक परंपरा को पुनर्जीवित करने को लेकर इस बार भव्य रूप से जितिया जतरा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें प्रखंड के सात गांवों से खोड़हा नृत्य मंडली भाग लेंगी। इस दौरान उन्होंने जितिया जतरा की तैयारी करने को लेकर दिशा-निर्देश दिया है। मौके पर गोवर्धन मुंडा, बिरसा उरांव, रामदयाल उरांव, बंसी उरांव, राजू उरांव, विजय उरांव, सूरज उरांव, शंकर उरांव, लक्ष्मण उरांव, विनोद उरांव, बीजू उरांव, बांदे उरांव, बिरसा उरांव, मुन्ना उरांव, कुंडिया उरांव, शनि उरांव, संजय उरांव, पंकज उरांव सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## 'लघु व कुटीर उद्यम विकास से रोकना है पलायन'

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**



प्रखंड क्षेत्र से पलायन रोकने के उद्देश्य से ग्रामीण क्षेत्र के महिला पुरूष और युवक युवतियों को मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास के अन्तर्गत जोड़ कर घरेलू स्तर पर कार्य देने के लिये निर्देश दिया गया है। इस संदर्भ में प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्रामीण क्षेत्र के महिला पुरुष और पढ़े लिखे युवक युवती काम के तलास में बाहर प्रदेशों में पलायन कर जाते हैं। वैसे लोगों के लिये राज्य सरकार द्वारा मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम के माध्यम से रोजगार दिया जाना है, जिसे ग्रामीण क्षेत्र के लोग बिस्किट निर्माण, चूड़ा, पापड़, अचार, तेल, पशुआहार, तेल, गरम मसाला, उपमा, ड्राइफूड, मिनी राइस मिल, अमचूर, सेवई, हल्दी पावडर, मिठाई, चॉकलेट निर्माण सहित अन्य कार्यों से जुड़कर कम पूंजी से और कम मेहनत में कुटीर व लघु उद्योग का कार्य कर सकते हैं। इससे मजदूरों को अच्छी आमदनी हो सकती है। लोग आत्मनिर्भर बन सकेंगे। साथ ही कहा कि जो वस्तु का निर्माण होगा वह सभी चीजें बाहर के राज्यों में भी भेजा जायेगा।

## 'शिक्षा के विकास से उग्रवाद पर नियंत्रण करना है संभव'

### सरस्वती विद्या मंदिर के अंश पांडेय ने जिला में द्वितीय स्थान प्राप्त किया



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

बलिदानी अजय कुमार सिंह के बलिदान दिवस पर जिला प्रशासन द्वारा 'नक्सलवाद : एक गंभीर समस्या' विषय पर नगर भवन में आयोजित व्याख्यानमाला में शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर की कक्षा नौवीं छात्र अंश पांडेय ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय एवं जिला का मान बढ़ाया। जिला प्रशासन न उसे इस उपलब्धि पर 3000 रुपये का नकद पुरस्कार एवं स्मृति चिन्ह प्रदान करके सम्मानित किया गया। विद्यालय की वंदना सभा में प्रधानाचार्य विपिन कुमार दास ने इस पुरस्कार की घोषणा करके उन्हें प्रदान किया। इस मौके पर उन्होंने अपना वक्तव्य देते हुए कहा कि बलिदानी एसपी अजय कुमार सिंह ने नक्सलमुक्त और युवाओं की ऊर्जा सकारात्मक दिशा में खर्च करने का जो सपना देखा था उसे साकार करना ही उनको सच्ची श्रद्धांजलि होगी। अपने लक्ष्य से भटके युवाओं को शिक्षा के माध्यम से समाज की मुख्यधारा में जोड़ा जा सकता है। अंश पांडेय की इस उपलब्धि पर गुमला विभाग के विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार, विद्यालय प्रबंध कारिणी समिति के अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल, उपाध्यक्ष विनोद राय, सचिव अजय प्रसाद, कोषाध्यक्ष अनिल अग्रवाल, सह सचिव अश्वनी साहू, शिक्षाविद कृष्ण प्रसाद, प्रोफेसर शशि गुप्ता, शोभा देवी सहित समिति के अन्य पदाधिकारी एवं सभी आचार्य आचार्या ने बधाई एवं शुभकामना दी है।

### 4 शिक्षकों की नियुक्ति को प्राप्त अनुशंसा पर हुई चर्चा

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में जिला शिक्षा स्थापना समिति की बैठक हुई। इसमें झारखंड कर्मचारी चयन आयोग, रांची द्वारा संयुक्त स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक प्रतियोगिता परीक्षा 2016 (मुख्य) के राज्य स्तर के मेधा सूची के आधार पर शारीरिक शिक्षक विषय के तीन एवं अंग्रेजी विषय में 1 शिक्षक समेत कुल 4 शिक्षकों की नियुक्ति के लिए प्राप्त अनुशंसा पर चर्चा हुई और सर्वसम्मति से सभी शिक्षकों की नियुक्ति को स्वीकृति प्रदान की गई। साथ ही, स्क्रीनिंग के लिए एक समिति का गठन किया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त जय ज्योति सामंता, जिला शिक्षा पदाधिकारी अपरूपा पॉल चौधरी और जिला कल्याण पदाधिकारी नारायण राम उपस्थित थे।


**झारखण्ड राज्य ग्रामीण पथ विकास प्राधिकरण (JSRRDA)**
एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धूर्वा, राँची –834004, झारखण्ड

**अति अल्पकालीन ई–पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना (2nd Call)**
**PR No.-306205 Dated : 04.09.2023**

अति अल्पकालीन ई–पुनर्निविदा संख्या:- 102/2023-24 दिनांक :- 04.10.2023

मुख्य अभियंता, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची द्वारा निम्नविवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र० सं० | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | प्रखण्ड का नाम | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख में) | प्राक्कलित राशि अक्षर में (रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | JH-M-GAR-13/2023-24 | काण्डी | 1 मंझिआंव बौराह से नवडीहवा टोला तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 2. 050 कि०मी०) | 1236.182 | बारह करोड़ छत्तीस लाख अठारह हजार दो सौ रू० मात्र | 09 महीना |
| | | बरडीहा | 2 लोका मोड़ से कुन्दरीहे तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 1.370 कि०मी०) | | | |
| | | मझिआंव | 3 पुरहे से बलिगढ़ होते हुए हथिया चट्टान तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 4.300 कि०मी०) | | | |
| | | मझिआंव | 4 कौआखोह से सननी तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 5.400 कि०मी०) | | | |
| | | मझिआंव | 5 आमर से भुसुआ तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 3.680 कि०मी०) | | | |

2. वेबसाईट मे निविदा प्रकाशन की तिथि:–**09.10.2023**
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:– **17.10.2023** अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. (क) मुख्य अभियंता, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची, एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धूर्वा, राँची –834004, झारखण्ड (ख) जिला नियंत्रण कक्ष, **राँची** अथवा (ग) जिला नियंत्रण कक्ष, **गढ़वा** में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय:–**18.10.2023** अपराह्न 3.30 बजे तक।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भी मुख्य अभियंता, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची, एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धूर्वा, राँची –834004, झारखण्ड को भेजा जा सकता है। यह निविदाकार की जिम्मेवारी होगी कि स्पीडपोस्ट के माध्यम से भेजा जाने वाला निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि निर्धारित तिथि एवं समय (**18.10.2023** अपराह्न 3.30 बजे तक) से पूर्व प्राप्त हो जाय। अंतिम तिथि एवं समय से पूर्व प्राप्त निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि पर ही विचार किया जायेगा।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:–**19.10.2023** .अपराह्न 3.30 बजे।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– मुख्य अभियंता का कार्यालय, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची, एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धूर्वा, राँची –834004, झारखण्ड।
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं०– ..........................
9. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेटबैंक/राष्ट्रीयकृत बैंक/अनुसूचित बैंक द्वारा निर्गत बैंकड्राफ्ट के रूप में जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, **गढ़वा** के पक्ष में एवं **गढ़वा** में भुगतेय जमा करना होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट **jharkhandtenders.gov.in** में देखा जा सकता है।

मुख्य अभियंता
जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची।

PR 308426 (Rural Work Department) 23-24 (D)


## बैठक
## जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में हुई
# दुर्घटना में मृत व घायल मामलों की समीक्षा

### ओवर स्पीड, ओवर लोडिंग, ड्रंक एंड ड्राइविंग मामलों में जांच अभियान चलाने का निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

उप विकास आयुक्त जय ज्योति सामंता की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक जिला परिषद कार्यालय स्थित सभागार में आयोजित हुई। बैठक में सर्वप्रथम सड़क दुर्घटना में मृत व घायल मामलों की समीक्षा की गई। इसमें सितंबर माह तक कुल 82 सड़क दुर्घटनाओं की समीक्षा की गई जिसमें 54 मृतक हैं। वहीं 61 गंभीर रूप से घायल थे। पुलिस विभाग को संबंधित थानों से प्रतिवेदन प्राप्त कर अग्रेतर कार्रवाई कराने का निदेश दिया गया। परिवहन विभाग को ओवर स्पीड, ओवर लोडिंग, ड्रंक एंड ड्राइविंग मामलों में जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। पुलिस विभाग द्वारा 62 मामलों में 1,59000 रुपये दण्ड स्वरूप वसूल किये जाने की जानकारी दी गयी। पुलिस विभाग को हेलमेट पहनने के लिए सघन वाहन जांच अभियान चलाने का निर्देश पुलिस विभाग को दिया। हिट एंड रन मामले में थाना स्तर से लंबित मामलों से संबंधित दस्तावेज सड़क सुरक्षा कार्यालय को भेजे जाने का निर्देश दिया गया। पुलिस उपाधीक्षक द्वारा हिट एंड रन के निष्पादित किये गए मामलों की जानकारी दी गयी। एनएच, रांची को एनएच 143 ए और एनएच 143 एजी में झुकी डालियों को कटवाने के लिए वन प्रमंडल लोहरदगा से समन्वय स्थापित किये जाने का निर्देश दिया गया। एनएच रांची को बाजार समिति और पवरगंज के पास रम्बल स्ट्रिप लगाये जाने से संबंधित निर्देश दिए गए। बीएस कॉलेज और सेरेंगहातु के पास मुख्य पथ में बड़े गड्ढों को भरे जाने का निर्देश दिया गया। नगर परिषद लोहरदगा को नवडीहा स्कूल के पास सोनार टोली में बने उच्च कलवर्ट को समतलीकरण का निर्देश दिया गया। कैरो से बक्सी, भंडरा से मकुंदा एवं नरौली से आकाशी जाने वाली सड़क की मरम्मती का निर्देश कार्यपालक अभियंता, आरईओ को दिया गया। सिविल सर्जन लोहरदगा को गुड सैमरिटन में व्यक्ति को चिन्हित करते हुए व्यक्ति को दिए जाने वाले लाभ से लाभान्वित किये जाने का निर्देश दिया गया।

जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा सितंबर माह में छोटी-बड़ी गाड़ियों के सघन जांच से सितंबर माह में तीन लाख रुपये दंड स्वरूप वसूल किए गए राशि की जानकारी दी गयी। साथ ही 25 ऑनलाइन लाइसेंस सस्पेंड किये गए। मोटरयान निरीक्षक की सघन वाहन जांच से 64 लोगों से फाइन वसूल किये जाने की जानकारी दी गयी। नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी को कचहरी चौक और किस्को मोड़ से अतिक्रमण हटा कर सुंदरीकरण किये जाने का निदेश दिया गया। साथ ही, बगड़ू मोड़ से 50 मीटर की दूरी पर चौड़ीकरण के कारण सड़क पर स्थित चापाकल की वैकल्पिक व्यवस्था किये जाने और मैना बगीचा में सड़क के किनारे से अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया गया। उत्पाद विभाग की ओर से सितंबर माह में 139 मामलों में की गई कार्रवाई की जानकारी दी गयी, जिसमें 882 लीटर विदेशी शराब और 675 लीटर जावा हैं।सड़क दुर्घटनाओं का आई-राइड पोर्टल में थाना स्तर से इंट्री सुनिश्चित कराये जाने का निर्देश आई रेड मैनेजर को दिया गया। बैठक में संजय वर्मन द्वारा किस्को सेमरडीह बानपुर पथ, टीको-बंडा टोली पथ, भंडरा-कैरो-आकाशी पथ, चिरी-रोचो पथ, कुजरा-होंदगा पथ, लावापानी-बोंडोवार पथ, जोरी-भूषाड़ पथ समेत समस्याओं पर चर्चा की गई। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, पुलिस उपाधीक्षक प्रमेश्वर प्रसाद, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, नगर परिषद प्रशासक, कार्यपालक अभियंता विद्युत, कार्यपालक अभियंता एनएचएआई आदि उपस्थित थे।


**न्यायालय जिला नीलाम पत्र पदाधिकारी, लातेहार**

**सूचना**

एतद् द्वारा निम्नांकित नीलाम पत्र वाद के बकाया देनदारों को सूचित किया जाता है कि अपने नाम के सम्मुख कालम–9 में अंकित राशि अविलम्ब संबंधित बैंक में जमा कर अदेय प्रमाण पत्र अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में प्रस्तुत करे अन्यथा आपके विरूद्ध पब्लिक डिमांड रिकवरी एक्ट 1914 की धारा 3(3) के सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत गिरफ्तारी वांरट/कुर्की जब्ती की कार्रवाई की जाएगी।

| कम सख्या | वाद संख्या | वर्ष | बैंक का नाम/लेनदार का नाम | वाद का प्रकार | देनदार का नाम एवं पता | राशि | जमा | शेष राशि | दफा–7 का नोटिस |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | 701 | 2022-23 | केनरा बैंक, लातेहार | बैंक ऋण | मेसर्स सनराईज आटो, मो0 इरफान मिंया @ अंसारी, पिता सहादत अंसारी, 2. श्रीमती नसीना बोना, पति इरफान मिंया @अंसारी, ग्राम–मुरपा, थाना+पो0–बालूमाथ, जिला–लातेहार | 1469850.00 | 0.00 | 1469850.00 | निर्गत |
| 2 | 1 | 2021-22 | केनरा बैंक, लातेहार | बैंक ऋण | मायामाया ट्रेडर्स, प्रो0 राकेश कुमार शौंडिक, पिता अरूण प्रसाद, ग्राम–तापाखास, मेन रोड, लातेहार | 1298433.00 | 0.00 | 1298433.00 | निर्गत |
| 3 | 170 | 2021-22 | केनरा बैंक, लातेहार | बैंक ऋण | पुजा भास्कर, पति विशाल भास्कर ग्राम–कीनामाड़, लातेहार, पो0+थाना+जिला– लातेहार। | 1124000.00 | 210000.00 | 914000.00 | निर्गत |
| 4 | 10 | 2020-21 | भारतीय स्टेट बैंक, मैसादोन, बालूमाथ | बैंक ऋण | रंजीत कुमार गुप्ता, पिता वाजो साव उर्फ बजरंगी साव, ग्राम–तेली टोला, बालूमाथ, पो0+थाना–बालूमाथ, जिला–लातेहार | 1056165.00 | 0.00 | 1056165.00 | निर्गत |
| 5 | 160 | 2020-21 | भारतीय स्टेट बैंक, लातेहार | बैंक ऋण | पंकज स्टील, पिता अवधेश प्रसाद, ग्राम–धर्मपुर, पो0–लातेहार | 1105866.00 | 503293.00 | 602573.00 | निर्गत |
| 6 | 324 | 2018-19 | सेन्ट्रल बैंक आफ इंडिया, बालूमाथ | बैंक ऋण | मलाकी तिर्की पिता दानियल तिर्की, ग्राम–चेताग, पो0+थाना–बालूमाथ, जिला–लातेहार | 1134713.00 | 637444.00 | 497269.00 | निर्गत |
| 7 | 322 | 2018-19 | सेन्ट्रल बैंक आफ इंडिया, बालूमाथ | बैंक ऋण | सोमा उरांव, पिता स्व0 दुखन उरांव, ग्राम+पो0+थाना–बालूमाथ, जिला–लातेहार | 1037836.00 | 589343.00 | 448493.00 | निर्गत |
| 8 | 5 | 2021-22 | झारखण्ड राज्य ग्रामीण बैंक, टोरी, चंदवा | बैंक ऋण | उदय कुमार नाथ शाही पिता युगल किशोर नाथ साही, मो0 असगर खान, पिता मोइम खान, ग्राम–देवी मंडप रोड, चदंवा, पो0–चंदवा, ग्राम–चकला थाना–चंदवा, जिला–लातेहार | 1394960.00 | 0.00 | 1394960.00 | निर्गत |
| 9 | 6 | 2021-22 | झारखण्ड राज्य ग्रामीण बैंक, टोरी, चंदवा | बैंक ऋण | विजय कुमार नाथ शाही पिता युगल किशोर नाथ शाही, ग्राम–देवी मंडप रोड, चंदवा, पो0–चंदवा, थाना– चदंवा 2. मो0 मोहीब खान, पिता मो0 सरदार खान, ग्राम–चकला, पो0–चकला, चंदवा, जिला–लातेहार | 1221821.00 | 0.00 | 1221821.00 | निर्गत |
| 10 | 725 | 2022-23 | झारखण्ड राज्य ग्रामीण बैंक, लातेहार | बैंक ऋण | शान्ति देवी पति रनअवतार सिंह, ग्राम–बेन्दी, पो0–लेधपा, थाना+जिला–लातेहार | 1196842.00 | 0.00 | 1196842.00 | निर्गत |
| 11 | 7 | 2014-15 | झारखण्ड राज्य ग्रामीण बैंक, लातेहार | बैंक ऋण | परशुराम लोहरा, पिता कैल लोहरा, ग्राम–होटवाग, पो0–लेधपा, थाना+जिला–लातेहार | 1059409.63 | 442000.00 | 617409.63 | निर्गत |
| 12 | 8 | 2021-22 | झारखण्ड राज्य ग्रामीण बैंक, लातेहार | बैंक ऋण | 1. महेन्द्र यादव, पिता मदन यादव, ग्राम–सबानो, पो0–उदयपुरा, थाना–लातेहार 2. रविन्द्र सिंह पिता रामजतन सिंह, ग्राम–डुरंगी खुर्द, पो0–लातेहार, थाना–लातेहार | 1022475.30 | 80000.00 | 942475.30 | निर्गत |
| 13 | 724 | 2022-23 | झारखण्ड राज्य ग्रामीण बैंक, लातेहार | बैंक ऋण | शिवशंकर उरांव पिता जगेश्वर उरांव, ग्राम–इचाक, पो0–जालिम, ग्राम+जिला–लातेहार | 1020331.00 | 0.00 | 1020331.00 | निर्गत |

जिला नीलाम पत्र पदाधिकारी,
लातेहार

PR 308443 District(23-24).D

# कंपनी सचिवों को कॉरपोरेट संचालन पर ध्यान देने की जरूरत : वित्तमंत्री

**एजेंसी। नई दिल्ली :** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को कंपनी सचिवों से कंपनियों के बेहतर संचालन पर ध्यान केंद्रित करने का आह्वान करते हुए कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने की दिशा में यह अहम होगा। सीतारमण ने भारतीय कंपनी सचिव संस्थान (आईसीएसआई) के 55वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि यह बेहतर कॉरपोरेट संचालन के लिए खुद को नए सिरे से प्रतिबद्ध करने का वक्त है। उन्होंने कहा, ₹हम अपनी मूल्य प्रणालियों को शिथिल पड़ते हुए नहीं देख सकते हैं। कॉरपोरेट संचालन एक ऐसा मसला है जिस पर हम सभी प्रतिबद्ध हैं।₹ इस मौके पर उन्होंने अग्निवीर, रक्षा कर्मियों और शहीद जवानों के परिजनों को कंपनी सचिव पाठ्यक्रम में पंजीकरण के समय शुल्क माफ करने के आईसीएसआई के फैसले की सराहना भी की। उन्होंने शहीदों की बेटियों की शिक्षा के लिए 11 लाख रुपये का चंदा देने को भी प्रशंसनीय बताया। सीतारमण ने कहा कि सरकार ने छोटी गड़बड़ियों को अपराध की श्रेणी से बाहर करने, ऋणशोधन अक्षमता एवं दिवाला संहिता लागू करने और नियामकीय एवं कर सुधारों को लागू कर कारोबारी सुगमता बढ़ाने के लिए कई कदम उठाए हैं। 1,500 पुराने कानूनों के साथ 39,000 गैर-जरूरी नियमों के अनुपालन को भी खत्म कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) को आकर्षित करने के लिए किए गए प्रयासों से भारत में पिछले तीन वित्त वर्षों में करीब 230 अरब डॉलर का विदेशी निवेश आया है। उन्होंने कहा, ₹ऐसे समय में कॉरपोरेट क्षेत्र में बढ़िया संचालन सुनिश्चित कर कंपनी सचिव बड़ा फर्क पैदा कर सकते हैं। कार्यक्रम में कंपनी मामलों के मंत्रालय में सचिव मनोज गोविल ने कहा कि इस साल गठित कंपनियों एवं एलएलपी की संख्या पिछले साल की तुलना में 11 प्रतिशत अधिक रही है।

# एप्पल ने एक झटके में की 345 करोड़ रुपये की तगड़ी कमाई

**एजेंसी। वाशिंगटन**



एप्पल के सीईओ टिम कुक अपनी बेशुमार संपत्ति के लिए जाने जाते हैं। हाल ही में उन्होंने एक झटके में 345 करोड़ रुपये यानी करीब 41.5 मिलियन डॉलर की कमाई की है। टिम कुक ने पिछले दो साल के भीतर सबसे ज्यादा शेयरों की बिक्री करने के बाद टैक्स जमा करके कुल 345 करोड़ रुपये की कमाई की है। शेयर मार्केट के साथ साझा की गई जानकारी के मुताबिक उन्होंने कुल 5,11,000 शेयरों की बिक्री की है जिसके जरिए बिना टैक्स के 87.8 मिलियन डॉलर की कमाई हुई है। कंपनी की फाइलिंग से यह भी पता चला है कि 5.11 लाख शेयरों की बिक्री के बाद एप्पल प्रमुख के पास कुल 3.3 मिलियन शेयर हैं जिसकी कुल वैल्यू 565 मिलियन डॉलर से अधिक है। ध्यान देने वाली बात ये है कि जुलाई में एप्पल के शेयर अपने रिकॉर्ड स्तर 198.23 डॉलर तक पहुंच गए थे। इसके बाद से अब तक कंपनी के शेयरों में 13 फीसदी तक की गिरावट देखी गई है। टिम कुक ने अपने शेयरों की बिक्री का फैसला तक लिया है जब उन्होंने साल 2023 में अपनी सैलरी में 40 फीसदी तक की बड़ी कटौती की है। ऐसे में अब उनकी मौजूदा सैलरी 49 मिलियन डॉलर है। वहीं इस साल टिम कुक के स्टॉक अवार्ड पिछले साल की तुलना में 50 फीसदी से बढ़कर 75 फीसदी तक पहुंच गए हैं। गौरतलब है कि एप्पल के सीईओ टिम कुक के अलावा अन्य सीनियर अधिकारी जैसे वाइस प्रेसिडेंट डायडर ओब्रेन और कैथरीन एडम्स ने भी अपने शेयरों की बिक्री की है।

दोनों ने ही 11.3 मिलियन डॉलर के शेयर बेचे हैं। जुलाई 2023 में एप्पल के शेयरों में जबरदस्त तेजी देखी गई थी और यह बढ़कर ऑल टाइम हाई पर पहुंच गए थे। किबेन्स कैपिटल मार्केट्स इंक द्वारा कंपनी के कमजोर सेल्स की जानकारी के बाद से कंपनी के शेयरों में जबरदस्त गिरावट देखी गई है। जुलाई तिमाही में कंपनी की बिक्री में 1.4 फीसदी की कमी देखी गई थी। वहीं इस दौरान आईफोन की बिक्री में 2.4 फीसदी कमी आई है जो कंपनी की कुल कमाई का लगभग आधा हिस्सा है।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, गुमला
जशपुर रोड, गुमला (झारखण्ड) - 835207
(E-mail- eercdgumla-jhr@nic.in)

**शुद्धि पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के द्वारा दैनिक समाचार पत्र का PR No 307503 Road (2023-24).D द्वारा गैर योजना मद अतंर्गत चैनपुर निरीक्षण भवन के चाहरदिवारी का निर्माण कार्य योजना का निविदा प्रकाशित किया गया है, को अपरिहार्य करणो से आंशिक संशोधन किया जाता है, जो परिमाण विपत्र कि प्राक्कलित राशि 35,00,000.00 (पैंतीस लाख) मात्र के स्थान पर राशि रू0 11,00,934.00 (ग्यारह लाख नौ सौ चौंतीस) मात्र पढ़ा जाय तदनुसार अग्रधन की राशि 22,100.00 (बाईस हजार एक सौ) मात्र होगा तथा परिमाण विपत्र का मूल्य रू0 5000.00 (पाँच हजार) मात्र के स्थान पर रू0 2500.00 (दो हजार पाँच सौ) मात्र होगा।

निविदा की शेष शर्ते यथावत रहेगी।

ह0/–
कार्यपालक अभियन्ता

PR 308411 Road (23-24)_D प0 नि0 वि0, पथ प्रमण्डल, गुमला

## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा।
### आवश्यक सूचना।
(लापता जया कुमारी उम्र–16 वर्ष)



मेराल थाना सनहा सं0–117/2023 दिनांक–04.09.2023, धारा–366(A) भा0द0वि0। में लापता महिला जया कुमारी, उम्र करीब–16 वर्ष, पे0–अरविन्द कुमार, साव–अकलवानी, टोला–सेमरदोहरी थाना–मेराल, जिला की रहने वाले हैं। जिसे बहला–फुसला कर भगा ले जाने कि बात प्रकाश में आई है। जो अभी तक वापस नहीं आए है। इनके परिवार के द्वारा काफी खोजबीन किया गया। परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त लापता जया कुमारी, उम्र करीब–16 वर्ष, पे0–अरविन्द कुमार, टोला–सेमरदोहरी, थाना–मेराल, जिला–गढवा का किसी प्रकार की सूचना प्राप्त हो तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0– 9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

हुलिया:–
नाम– जया कुमारी, ग्राम–अकलवानी टोला–सेमरदोहरी,
हल्का सावला,

PR 308397 Police(23-24)D — निवेदक, पुलिस अधीक्षक,गढ़वा।

## झारखण्ड–सरकार
### श्रम, नियोजन, एवं प्रशिक्षण विभाग
### औद्योगिक प्रशिक्षण सस्थान, गढ़वा
### प्राचार्य का कार्यालय

**रोजगार भर्ती कैम्प संबंधी सूचना**

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गढ़वा में दिनांक– 16.10.2023 को **गढ़वा जिले में स्थित सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान,** से पास युवकों को नियोजन/रोजगार हेतू एक दिवसीय रोजगार भर्ती कैम्प का आयोजन किया गया है, जिसकी विवरणी निम्नलिखित है:–

कम्पनी/नियोजक का नाम– परम स्कील इंडिया प्रा0 लि0 औरंगाबाद, महाराष्ट्र Job Location - Aurangabad, Maharastra Domicile - Jharkhand Test Date & Time- 16-10-2023, Time- 10:00 AM TO 5:00 PM

Test Venue- **औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गढ़वा**

Qualification - ITI Pass All Trade

Age Limit - **18 वर्ष से 27 वर्ष तक**

Salary ITI Pass - 17000 To 18000/- 12 Hours

अतः सभी योग्य एवं इच्छुक युवकों से अपील है कि उपर्युक्त रोजगार भर्ती कैम्प को भाग लेने हेतू निधारीत तिथि को सभी आवश्यक दस्तावेज/कागजात के साथ औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गढ़वा आना सुनिश्चित करें। तथा अपने भविष्य को सुनहरा बनावें।

Helpline No. - 6207501651

प्रभारी प्राचार्य
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गढ़वा

PR 308440 Labour Employment and Traning(23-24)#D

## झारखण्ड सरकार श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग,
### औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, चंदवा, लातेहार।

**नामांकन से संबंधित सूचना**

औद्योगिक प्रशिक्षाण संस्थान, चंदवा, लातेहार में सत्र–2023–24–25 में नामांकन लेने हेतु वैसे अभ्यार्थी जिनका रजिस्ट्रेशन www.iti.jharkhand.gov.in पर किया जा चुका है एवं नामांकन Spot Round Online Admission (First Come First Serve) के पश्चात् भी अब तक किसी भी संस्थान में नहीं हुआ है, नामांकन हेतु इच्छुक वैसे अभ्यार्थी दिनांक–03.10.2023 से दिनांक–10.10.2023 तक Spot Round Online Admission में भाग लेकर रिक्त बचे सीटों के विरूद्ध अपना नामांकन करा सकते हैं। संस्थान में नामांकन हेतु रिक्त सीटों की जानकारी https://iti.jharkhand.gov.in/ITI_Admission_Module/seatmatrixinfo.aspx के माध्यम से प्राप्त की जा सकती है। झारखण्ड सरकार के अधीन सभी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में नामांकन से संबंधित नियमों का पालन नियमानुसार करते हुए नामांकन की प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी।

प्रभारी प्राचार्य
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान,
चंदवा, लातेहार।

PR 308351 Labour Employment and Traning(23-24)D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल,गढ़वा

**शुद्धि–पत्र**

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित ई–निविदा संख्या – 13/2023-24/RWD/GARHWA दिनांक 29.09.2023 जिसे PR 308146 Rural Development (23-24).D द्वारा विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित किया गया था, को अपरिहार्य कारणवश निम्न प्रकार संशोधित किया जाता है –

1. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 09.10.2023
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 18.10.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक।
3. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय:– दिनांक 19.10.2023 अपराह्न 03:30 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 20.10.2023 पूर्वाह्न 11:30 बजे।
निविदा की अन्य शर्तें यथावत् रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग,कार्य प्रमंडल, गढ़वा

PR 308400 Rural Development(23-24).D

## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा

**आवश्यक सूचना (नोटिस)**

नाम–(1) काण्ड के अप्राथ0अभि0–अनिश कुमार सिन्हा पे0–सुरेश प्रसाद सिन्हा, सा0–गेवाल विगहा, थाना रामपुर, जिला गया बिहार वर्तमान सा0–बज्रपुर, थाना–रातु, जिला रॉची। गढवा थाना काण्ड सं0–117/18,दिनांक–27-03-2018, धारा– 406 /409/ 420 /467 /468/ 471/385/506/34 भा0द0वि0। के प्राथमिकी अभियुक्त प्राथमिकी अभियुक्त अनिश कुमार सिंहा पे0–सुरेश प्रसाद सिंहा, सा0–गेवाल विगहा, थाना रामपुर, जिला गया बिहार, वर्तमान– सा0–बज्रपुर, थाना–रातु, जिला रॉची है, जो उक्त काण्ड में एस0बी0आई0 गढवा के खाता से अवैध निकासी एवं गबन करने के आरोप में दर्ज किया गया हैं। आपको सूचित किया जाता है कि माननीय न्यायालय मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी गढवा में अविलम्ब आत्मसमर्पण करना सुनिश्चित करें।

पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा

PR 308398 (Police)23-24*D

## समाहरणालय, चतरा
### (पर्यटन, कला–संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य शाखा)
sport.chatra@gmail.com

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल (पुरूष एवं महिला) प्रतियोगिता 2023–24 का आयोजन दिनांक–01 नबम्बर से 14 दिसम्बर, 2023 तक चतरा जिला में किया जाना हैं। यह प्रतियोगिता पुरूष एवं महिला दोनो वर्गो में होगी। सभी मैच नॉक आउट आधार पर खेले जायेंगे।

उक्त आयोजन के प्रत्येक स्तर की प्रतियोगिताएँ, तिथियाँ निम्नवत् है:–

| क्र0 सं0 | आयोजन का स्तर | आयोजन की तिथि |
|---|---|---|
| 1 | पंचाययत स्तरीय (जिला के सभी पंचायतों में) | 01 नवम्बर से 18 नवम्बर, 2023 तक |
| 2 | प्रखण्ड स्तरीय (जिला के सभी पंचायतों में) | 28 नवम्बर से 06 दिसम्बर, 2023 तक |
| 3 | जिला स्तरीय | 11 दिसम्बर से 14 दिसम्बर, 2023 तक |

- इस प्रतियोगिता में 18 से 40 आयु वर्ग के पुरूष एवं महिला भाग ले सकते हैं।
- इस आयोजन से संबंधित दिशा–निर्देश एवं विस्तृत जानकारी हेतु जिला खेल कार्यालय, समाहरणालय, चतरा तथा सभी प्रखण्ड कार्यालय, चतरा जिला के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती हैं।
- जिला खेल कार्यालय, चतरा हेल्पलाईन नम्बर 8083771175, 787238999, 9304119683

जिला क्रीड़ा पदाधिकारी,
चतरा

PR 308427 Tourism, Art Culture Sports And Youth Affairs(23-24)#D

## झारखण्ड सरकार
### श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
### जिला नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेन्टर, गढ़वा।

**-: प्रेस विज्ञप्ति :-**

"झारखण्ड राज्य के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन अधिनियम, 2021 एवं नियमावली, 2022" जो पुरे झारखण्ड प्रदेश में दिनांक : 12 सितम्बर, 2022 से 10 या 10 से अधिक कर्मचारियों वाले निजी क्षेत्र के प्रतिष्ठान/संस्थानों पर अनिवार्य रूप से लागू है। इस अधिनियम/नियमावली के अन्तर्गत उपायुक्त, गढ़वा अभिहित पदाधिकारी तथा जिला नियोजन पदाधिकारी,गढ़वा प्राधिकृत पदाधिकारी है। उक्त अधिनियम/नियमावली के दायरे में आने वाले सभी प्रतिष्ठानों/संस्थानों को अधिनियम/नियमावली की धारा–3 के तहत् सर्वप्रथम जिला नियोजनालय, गढ़वा कार्यालय में अपना निबंधन कराना अनिवार्य है। जिला नियोजनालय, गढ़वा कार्यालय में निबंधन नहीं कराने की स्थिति में उपायुक्त–सह–अभिहित पदाधिकारी, गढ़वा द्वारा कुल–20 प्रतिष्ठानों/संस्थानों को कारण पृच्छा निर्गत करते हुए अपना पक्ष प्रस्तुत करने को कहा गया था। निम्नलिखित 04 (चार) प्रतिष्ठानों/संस्थानों के द्वारा अपना पक्ष प्रस्तुत नहीं करने के कारण उपायुक्त–सह–अभिहित पदाधिकारी,गढ़वा के द्वारा उक्त अधिनियम/नियमावली की धारा–3 के उल्लंघन के तहत् अधिनियम की धारा–10 के तहत् न्युनतम रू0 25,000/– (पच्चीस हजार रूपये) मात्र का दण्ड अधिरोपित किया गया है :–

(1) Bandhan Bank, Garhwa
(2) Chola Finance Garhwa
(3) Mahindra Finance Garhwa.
(4) Bharat Finance ,sahijana Garhwa

उपरोक्त प्रतिष्ठानों/संस्थानों को दण्डित करते हुए जिला नियोजन पदाधिकारी– सह–प्राधिकृत पदाधिकारी,गढ़वा ने बताए की भविष्य में "झारखण्ड राज्य के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन अधिनियम, 2021 एवं नियमावली, 2022" का जो नियोक्ता उल्लंघन कर रहे हैं, उन्हे भी चिन्हित कर शास्ति दण्ड की कार्रवाई करने की प्रक्रिया की जाएगी।

जिला नियोजन पदाधिकारी
–सह–
प्राधिकृत पदाधिकारी, गढ़वा।

PR 308452 (Labour Employment and Traning) 23-24 (D)

## झारखण्ड–सरकार श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
### जिला नियोजन कार्यालय, गढ़वा।

Skill India

**Apprenticeship Special Drive के संबंध में सूचना**

जिला नियोजन कार्यालय,गढ़वा द्वारा निदेशालय पत्रांक–1539 दिनांक–03.10.2023 के आलोक में गोपिनाथ सिंह महिला महाविद्यालय, गढ़वा में दिनांक–09.10.2023 (दिन–सोमवार) को **Apprenticeship Special Drive** 11:00 बजे पूर्वाह्न में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें राज्य के निबंधित MSME / Manufacturing Sector / Service Sector एवं अन्य प्रतिष्ठान/उपक्रम, तकनीकी प्रशिक्षणार्थियों (आई0टी0आई0/डिप्लोमा/इंजीनियरिंग/ Short Term Skill etc.) एवं गैर तकनीकी छात्रों (5वीं से स्नात्तक आदि) का अप्रेन्टिसशिप पोर्टल **https://www.apprenticeshipindia.gov. in** पर **On The Spot** पंजीयन कराया जाएगा एवं आवश्यकतानुसार प्रतिष्ठानों द्वारा अप्रेन्टिसशिपों का चयन किया जायेगा, साथ ही चयनोपरान्त NAPS योजनान्तर्गत अभ्यार्थियों को प्रतिमाह 1500/–रु तक की राशि दी जाती है।

उक्त **Apprenticeship Special Drive** में अभ्यर्थी अपने सभी शैक्षणिक योग्यता, तकनीकी योग्यता, आधार कार्ड, जाति प्रमाण–पत्र, बैंक पासबुक एवं पासपोर्ट साईज फोटो के साथ पहुँचकर पंजीयन करा सकते है।

अतः गढ़वा जिला अंतर्गत 18 वर्ष से अधिक के सभी बेरोजगार अभ्यर्थी इस सुनहरे अवसर का लाभ उठायें एवं अपने भविष्य को सँवारें एवं रोजगार एवं स्वरोजगार की दिशा में अहम कदम बढ़ायें।

इस हेतु कोई भी मार्ग व्यय/भत्ता देय नहीं होगा।

नोटः– **Apprenticeship Special Drive** की विस्तृत जानकारी हेतु औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गढ़वा एवं जिला नियोजन कार्यालय, गढ़वा से प्राप्त की जा सकती है।

PR 308456 Labour Employment and Traning(23-24)D — जिला नियोजन पदाधिकारी गढ़वा।

स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 — आज़ादी का अमृत महोत्सव

## कार्यालयः– नगर पंचायत, मझिआँव
E-mail :- nagarpanchayatmanzhiaon@gmail.com

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत मझिआँव क्षेत्रान्तर्गत वैसे रेस्टोरेंट मालिक, मकान मालिक, विवाह मंडप, हॉल, होटल, लॉज, दुकानदार, आर0ओ0 प्लांट, व्यवसायिक संगठन इत्यादि से अपील है कि बकाया होल्डिंग टैक्स, ट्रेड लाइसेंस का भुगतान 15 दिनों के अंदर जनसुविधा केन्द्र (नगर पंचायत मझिआँव) में जमा करना सुनिश्चित करेंगें अथवा suda.jharkhand.gov.in के माध्यम से Online जमा कर सकते है। कर जमा नही करने पर झारखण्ड नगर पालिका सम्पतिकर (निर्धारण, संग्रहण और वसूली) नियमावली 2013 के तहत् विधिसम्मत कार्रवाई की जायेगी।

झारखण्ड नगर पालिका सम्पतिकर (निर्धारण, संग्रहण और वसूली) नियमावली 2013 अधिसूचना संख्या–641, दिनाक 17.02.2014 सहपठित अधिसूचना संख्या–4353 एवं संशोधित नियमावली 2015 एवं 2016 के नियम 13 द्वारा नगर पंचायम मझिआँव क्षेत्रान्तर्गत सभी नागरिकों को अपने धृतिकर (Holding Tax) का स्व–निर्धारण फार्म कार्यालय में जमा करना आवश्यक है। जिसके पश्चात् ही होल्डिंग संख्या कार्यालय द्वारा निर्गत किया जाता है। Holding Number/Paper नही पाये जाने पर झारखण्ड नगर पालिका अधिनियम के सुसंगत धाराओं के तहत् उचित कार्रवाई करने के साथ Penalty लगाने का भी प्रावधान है। उल्लेखनीय है कि Holding Number के अभाव में आम सरकारी सुविधा से वंचित किया जा सकता है।

1. रोहित कुमार, टीम लीडर SSPL, न0 पं0 मझिआँव का मों0–7667949705
2. शकील अंसारी, टैक्स कलेक्टर SSPL, न0 पं0 मझिआँव का मों0–7004281043,
3. पियुष कु0 सिंह, टैक्स कलेक्टर SSPL, न0 पं0 मझिआँव का मों0–7858801296

विश्वासभाजन
कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत मझिआँव

PR 308417 Urban Development(23-24)#D

## समाहरणालय, चतरा
### (पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य शाखा)
sport.chatra@gmail.com

**आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि चतरा जिला मुख्यालय अन्तर्गत इंडोर स्टेडियम परिसर में खिलाड़ियों/आमजनों के अभ्यास हेतु जिला खेल कार्यालय, चतरा द्वारा "पे एण्ड प्ले योजना" प्रारंभ की गई है। इस योजना के अन्तर्गत निम्नलिखित शर्ते एवं नियम होंगे :–

- इस योजना के अंतर्गत कुल 01(एक) बिलियार्डस टेबल अभ्यास हेतु दिया जायेगा। इच्छुक व्यवसायिक खिलाड़ी को सर्वप्रथम जिला खेल कार्यालय, चतरा के अंतर्गत दिनांक 14.10.2023 तक निबंधन कराना अनिवार्य होगा।
- व्यवसायिक खिलाड़ी का निबंधन शुल्क 500/–(पाँच सौ) रूपये होगा एवं बिलियार्डस खेल हेतु अभ्यास/रख–रखाव शुल्क निम्नवत् होगा :–

| क्र0 सं0 | खेल का नाम | वार्षिक | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|
| 1 | बिलियार्डस | 12000 | |

- प्रत्येक व्यवसायिक खिलाड़ी का आरक्षण समय सारणी के अनुसार "पहले आओ पहले पाओ" पर आधारित होगा।
- इस संबंध में अत्यधिक जानकारी एवं फार्म की प्राप्ति हेतु निम्नलिखित व्यक्तियों तथा जिला खेल कार्यालय, चतरा में संपर्क कर सकते हैं। संपर्क हेतु संबंधित व्यक्ति का नाम व मोबाईल नंम्बर –श्री जितेन्द्र कुमार, अनुसेवक, जिला खेल कार्यालय, चतरा, मोबाईल नं0 8083771175 एवं श्री प्रवेश कुमार चौरसिया, मो0 नं0 8083376600

नोट :– अधिक जानकारी हेतु जिला खेल कार्यालय, चतरा में संपर्क कर सकते है।

जिला क्रीड़ा पदाधिकारी,
चतरा।

PR.NO.308410 Tourism, Art Culture Sports And Youth Affairs (23-24):D

## कार्यालय :– कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा), लातेहार
### सयुंक्त जिला कृषि कार्यालय भवन, प्रथम तल, कीनामाड़, लातेहार–829206
Website :- www.atmalatehar.in
E-mail :- atmalatehar@gmail.com

**आवश्यक सूचना**

राज्य मिशन निदेशक, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन, झारखण्ड, राँची के पत्रांक–151 राँची, दिनांक 24.07.2023 के द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन–दलहन, मोटे अनाज, तेलहन एवं न्युट्री सिरियल योजना अन्तर्गत 50% अनुदान पर कृषि उपादान किसानों के बीच वितरण हेतु लक्ष्य प्राप्त है जिसकी विवरणी निम्न प्रकार है:–

| क्र० | कृषि उपादान नाम | भौतिक लक्ष्य | अधिकतम अनुदान की राशि (रू०में) |
|---|---|---|---|
| 1 | माईक्रोन्युट्रीएन्ट | 1120 ha | Rs. 500 Per ha or 50 % of Cast whichever is less |
| 2 | जिप्सम | 1050 ha | Rs. 750 Per ha or 50 % of Cast whichever is less |
| 3 | लाईम | 690 ha | Rs. 1000 Per ha or 50 % of Cast whichever is less |
| 4 | बायोफर्टिलाईजर | 555 ha | Rs. 300 Per ha or 50 % of Cast whichever is less |
| 5 | पी०पी० केमिकल | 920 ha | Rs. 500 Per ha or 50 % of Cast whichever is less |
| 6 | खरपतवारनाशी | 590 ha | Rs. 500 Per ha or 50 % of Cast whichever is less |
| 7 | Nuclear Polyhedrosis Virus (NPV) | 500 ha | Rs. 500 Per ha or 50 % of Cast whichever is less |

अतः किसान भाईयों को सूचित किया जाता है कि निम्न शर्तो के अनुसार योजना का लाभ लिया जा सकता है:–

1. आवेदन पत्र प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी/प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक/सहायक तकनीकी प्रबंधक से अभिप्रमाणित कराकर जमा करें।
2. प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी/प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक/सहायक तकनीकी प्रबंधक/जनसेवक के द्वारा किसानो को कृषि उपादान वितरण टोकन आधारित होगी।
3. अनुदान की राशि का भुगतान किसानों के खाते में DBT के माध्यम से किया जाएगा।

ह०/–
परियोजना निदेशक,
आत्मा, लातेहार

PR308390 (Agriculture)23-24*D

**ज्ञान की बात**

**जिंदगी हमें सिखाती है कि अगर शान्ति चाहिए तो, दूसरों की शिकायत करने से अच्छा है, खुद को बदल लो, क्योंकि पेड़ हमेशा पत्ते बदलते हैं जड़ नहीं ।**

**- अज्ञात**

# धरोहर को बचायें

***झारखंड*** में कई ऐसे स्थल हैं जो यहां की संस्कृति और भव्यता को दर्शाते हैं। आज जरूरत है कि इन धरोहरों को सजाया व संवारा जाये। यह खुशी की बात है कि गौरवशाली परंपरा का प्रतीक नवरतनगढ़ किला जल्द ही राज्य के एक प्रमुख पर्यटक स्थल के रूप में देश-दुनिया में प्रसिद्ध होगा। जर्जर इमारतों और ध्वस्त होते भवन को बचाने के लिए भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की ओर से विशेष पहल की जा रही है। आने वाले समय में यह राज्य का पहला ऐसा ऐतिहासिक स्थल होगा, जहां टिकट लेने के बाद ही प्रवेश की अनुमति मिलेगी। राज्य के कई ऐसे स्थल हैं जिन्हें संरक्षित करने की जरूरत है। झारखंड के पलामू में स्थित शाहपुर किला,पलामू फोर्ट ऐसे जगह हैं जिनकी यादों को संजोने की जरूरत है। कारण यह उस इतिहास की याद दिलाते हैं, जहां देश और दुनिया को एक नई सीख मिलती है। बहरहाल हाल के दिनों में गुमला की देश और दुनिया में इतिहास लेखन पर काफी चर्चा हो रही है। इतिहासकारों ने मुगलकालीन शासन-व्यवस्था और विभिन्न शासकों के बारे में कई किताबें लिखी। लेकिन तब के इतिहासकारों ने झारखंड जैसे क्षेत्र पर कुछ विशेष लिखने की बात नहीं सोची। यहां के शासकों, सभ्यता-संस्कृति और ऐतिहासिक धरोहरों को इतिहास के पन्नों पर कोई विशेष स्थान नहीं मिला। लेकिन आप ये जान कर हैरान रह जायेंगे कि झारखंड में अब भी कई ऐसे ऐतिहासिक धरोहर के साक्ष्य मौजूद है, जो यहां की समृद्ध सभ्यता-संस्कृति के गवाह रहे हैं। इन्हीं में एक है झारखंड की राजधानी रांची से करीब 80 किलोमीटर दूर स्थित नवरतनगढ़ किला का। नवरतनगढ़ का किला दिल्ली के प्राचीन लाल किले से भी पुरानी है। मुगल सम्राट शाहजहां ने लाल किले का निर्माण 1638 से 1648 के बीच दस सालों में पूरा कराया। वहीं गुमला जिले के सिसई प्रखंड में स्थित नवरतनगढ़ किला का निर्माण नागवंशी राजा दुर्जन साल के कार्यकाल में सन 1638 से 1640 के बीच में कराया गया। यानी लाल किला बनने से करीब आठ साल पहले नवरतनगढ़ का किला बनकर तैयार हो गया। नवरतनगढ़ का किला तीन ओर से पहाड़ों-चट्टानों से घिरा हुआ था,जबकि एक ओर नदी और गहरी खाई होने के कारण महल पूरी तरह से सुरक्षित था। पुरातत्वविद् और इतिहासकारों का मानना है कि विशेष परिस्थिति में दुश्मनों से बचने के लिए नदी में लकड़ी से बने पुल को भी हटा लिया जाता था। स्थानीय लोगों का भी कहना है कि जिस तरह से नवरतनगढ़ किला परिसर के विकास को लेकर कार्य किए जा रहे हैं, उससे आने वाले समय में पर्यटन के माध्यम से रोजगार के अवसर में बढ़ोतरी होने की संभावना है। इस बात से भी इनकार नहीं किया जा सकता हैं, कुछ वर्षों में इस ऐतिहासिक स्थल में प्रवेश के लिए टिकट अनिवार्य कर दिया जाएगा। हालांकि अब भी हर दिन सैकड़ों की संख्या में विभिन्न हिस्सों से लोग यहां घूमने आते हैं। लेकिन आने वाले समय में यह संख्या हजारों में पहुंचने की संभावना हैं।

**जर्जर इमारतों और ध्वस्त होते भवन को बचाने के लिए भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की ओर से विशेष पहल की जा रही है। आने वाले समय में यह राज्य का पहला ऐसा ऐतिहासिक स्थल होगा, जहां टिकट लेने के बाद ही प्रवेश की अनुमति मिलेगी। राज्य के कई ऐसे स्थल हैं जिन्हें संरक्षित करने की जरूरत है।**

# भारत के पक्षी व उनके संरक्षण के प्रयास संरक्षण योग्य एक पंख- युक्त विरासत





बिवाश रंजन

**इन दिनों**

***भारत*** पक्षियों के मामले में एक अनूठी विविधता वाला का देश है। यहां के विविध भौगोलिक इलाकों में पक्षियों की बहुरंगी प्रजातियां निवास करती हैं। उत्तर में बर्फ से ढके हिमालय से लेकर दक्षिण में पश्चिमी घाट के मनमोहक जंगलों तक, और पश्चिम में राजस्थान के शुष्क रेगिस्तानों से लेकर उत्तर-पूर्व की हरी-भरी आर्द्रभूमि तक, भारत का पक्षी जगत इसके भूगोल की तरह ही विविधताओं से भरा है। स्टेट ऑफ इंडियाज बर्ड्स (एसओआईबी) 2023 रिपोर्ट से यह पता चलता है कि यह देश पक्षियों की 1,300 से अधिक प्रजातियों का निवास-स्थान है और पक्षियों की वैश्विक विविधता के लगभग 12.40 प्रतिशत हिस्से का प्रतिनिधित्व करता है। पक्षियों की इन 1,353 प्रजातियों में से 78 प्रजातियां (5 प्रतिशत) इस देश में स्थानिक हैं। हालांकि, इस जीवंत झुंड का भविष्य तेजी से अंधकारमय हो रहा है क्योंकि इनके निवास स्थान के विनाश, प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन उनके अस्तित्व को खतरे में डाल रहे हैं। इस क्षेत्र में पक्षियों को वर्तमान में कई प्रकार के खतरों का सामना करना पड़ रहा है। इनमें से सबसे महत्वपूर्ण खतरा निवास स्थान की हानि और ह्रास है। इसके बाद मानव और वन्यजीवों के बीच का संघर्ष है। आवासों की क्षति एवं हानि के मूल कारण जटिल व आपस में जुड़े हुए हैं। इन कारणों में शहरीकरण, ढांचागत विकास, वर्तमान कृषि पद्धतियां, अत्यधिक दोहन के कारण प्राकृतिक वन आच्छादन को खतरा, संसाधनों की उच्च विदेशी मांग और संरक्षण समर्थक नीतियों का अपर्याप्त कानूनी प्रवर्तन शामिल हैं। जलवायु परिवर्तन एक और मंडराता हुआ खतरा है - मौसम के बदलते ढर्रे (पैटर्न), प्रवासन के बदले हुए मार्ग और भोजन की उपलब्धता में व्यवधान पक्षियों की कई प्रजातियों के अस्तित्व को प्रभावित कर रहे हैं। बढ़ता तापमान पक्षियों के प्रजनन और घोंसला बनाने के पैटर्न को प्रभावित कर रहा है' परिणामस्वरूप, कई पक्षियों के लिए अनुकूलन करना चुनौतीपूर्ण साबित हो रहा है। आक्रामक प्रजातियों का समावेश एवं प्रसार भी संसाधनों के लिए प्रतिस्पर्धा बढ़ाकर और इकोसिस्टम में परिवर्तन करके देशज पक्षियों की आबादी पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है। इन खतरों से निपटने के लिए भारत ने पक्षियों के संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाये हैं। भारत सरकार द्वारा प्रस्तावित 10-वर्षीय योजना झ ह्लदेश में पक्षियों की विविधता, उनके इकोसिस्टम, आवास और भौगोलिक परिदृश्य के संरक्षण के लिए दूरदर्शी परिप्रेक्ष्य योजना (2020-2030)' - का उद्देश्य भारत में पक्षियों और उनके आवासों के संरक्षण से संबंधित कार्रवाई को आगे बढ़ाना है। यह कदम भारत की राष्ट्रीय वन्यजीव कार्य योजना (2017 से 2031 तक) के अतिरिक्त है। इस कार्य योजना में भी पक्षियों एवं उनके आवासों की सुरक्षा से जुड़े कई संरक्षण कार्य शामिल हैं। यह योजना पक्षियों की दुर्लभ एवं लुप्तप्राय प्रजातियों की रक्षा के लिए छोटी, मध्यम और दीर्घकालिक योजनाओं की एक श्रृंखला का प्रस्ताव करती है, गंभीर रूप से लुप्तप्राय प्रजातियों की पुनर्प्राप्ति के लिए कार्यक्रम शुरू करती है, उनकी घटती हुई आबादी को थामने के लिए भौगोलिक परिवेश से संबंधित दृष्टिकोण पेश करती है। यह योजना इस तथ्य को भी रेखांकित करती है कि ग्रीन हाउस गैसों (जीएचजी) के उत्सर्जन के स्तर में बढ़ोतरी करने वाली मानवजनित गतिविधियां वैश्विक स्तर पर पर्यावरण पर भी प्रभाव डाल रही हैं। और इसीलिए, वह पक्षिजात (एविफॉन) पर ऐसे प्रभावों को कम व नियंत्रित करने के लिए वैज्ञानिक उपायों का आहवान करती है। भारत ने पक्षियों के महत्वपूर्ण प्राकृतिक वासों की सुरक्षा के प्रयासों को हमेशा प्राथमिकता दी है। आर्द्रभूमि की बहाली, पुर्नवनीकरण पहल और जैविक कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देना कुछ ऐसी रणनीतियां हैं, जिनका उपयोग किया जा रहा है। इसके अलावा, भारत के पक्षियों की सुरक्षा के लिए अवैध शिकार एवं अवैध वन्यजीव व्यापार के खिलाफ सख्त कानून आवश्यक हैं। भारत ने 2016 में 2017-2031 की अवधि के लिए तीसरी राष्ट्रीय वन्यजीव कार्य योजना का अनावरण किया था, जिसमें वन्यजीवों के संरक्षण हेतु भविष्योन्मुखी रोडमैप का विवरण दिया गया है। यह कार्य योजना इस अर्थ में अनूठी है कि इसमें पहली बार भारत ने वन्यजीवों पर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव से संबंधित चिंताओं को पहचाना गया है और इनकी रोकथाम एवं अनुकूलन के लिए आवश्यक कार्यों को वन्यजीव प्रबंधन योजना की प्रक्रियाओं में समन्वित करने पर जोर दिया है। यह कार्य योजना इकोलॉजी की दृष्टि से मूल्यवान सभी वन्यजीवों के संरक्षण हेतु 'भौगोलिक परिदृश्य से संबंधित दृष्टिकोण' को अपनाती है। भारत के पक्षियों की विविधता भरी आबादी इस देश की प्राकृतिक समृद्धि का प्रमाण है। हालांकि, इन खूबसूरत पक्षियों को निवास स्थान के नुकसान से लेकर जलवायु परिवर्तन जैसे कई खतरों का सामना करना पड़ रहा है। उनके भविष्य की सुरक्षा के लिए संरक्षण के प्रयास आवश्यक हैं। संरक्षित क्षेत्रों, कानूनी उपायों, आवास बहाली और जन-जागरूकता के माध्यम से, भारत अपनी पंखयुक्त विरासत की रक्षा के लिए अथक प्रयास कर रहा है। प्रत्येक व्यक्ति इन प्रयासों को समर्थन देकर और उनमें भागीदारी करके अपना योगदान दे सकता है ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए भारत के आकाश में अनमोल रंग-बिरंगे पक्षियों और उनके कोलाहल का बने रहना सुनिश्चित हो सके।

**वन महानिदेशक (वन्यजीव), पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय**

**भारत ने पक्षियों के महत्वपूर्ण प्राकृतिक वासों की सुरक्षा के प्रयासों को हमेशा प्राथमिकता दी है। आर्द्रभूमि की बहाली, पुर्नवनीकरण पहल और जैविक कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देना कुछ ऐसी रणनीतियां हैं, जिनका उपयोग किया जा रहा है।**

## बोधि वृक्ष

### *आइये सुनें धर्मराज व चित्रगुप्त की वास्तविक कहानी*

***आगे*** कबीर परमेश्वर ने धर्मदास जी को बताया कि उन्होंने वेदों और पुराणों से गरुड़ जी को प्रमाण दिया और सिद्ध किया कि काल ब्रह्मा, विष्णु, महेश का पिता हैं और देवी दुर्गा उनकी माता हैं (सबूत देवी पुराण, स्कंद 3)। गरुड़ जी ने कबीर परमेश्वर के मुख कमल से निकले एक-एक शब्द पर विश्वास किया और स्वीकार किया कि जो कोई ब्रह्म काल, देवी दुर्गा, ब्रह्मा, विष्णु और शिव की रचना को जानता है, वही निमार्ता हो सकता है। यह शाश्वत सत्य आज तक किसी ने नहीं बताया। कबीर परमेश्वर ने धर्मदास जी से कहा कि सच्चे आध्यात्मिक ज्ञान से परिचित होने के बाद गरुड़ जी ने उन्हें अपनी शरण में लेने की याचना की। कबीर परमेश्वर ने गरुड़ जी से कहा कि उन्हें इसके बारे में भगवान विष्णु को सूचित करने की आवश्यकता है क्योंकि हम सभी को एक साथ रहना है और पारदर्शिता बनाये रखना आवश्यक है। अगर मैं तुम्हें गुप्त रूप से दीक्षा दूंगा तो इससे भगवान विष्णु को दुख होगा। कबीर परमेश्वर ने ऋग्वेद मण्डल 10 सूक्त 161 मन्त्र 2 और 5 का प्रमाण गरुड़ जी को पूर्ण परमात्मा की क्षमता बताते हुए दिखाया कि केवल वही भक्तों की आयु बढ़ा सकते हैं जो गंभीर रूप से बीमार पड़ गये हैं और मृत्यु के निकट हैं। वह उस मृत आत्मा को आशीर्वाद मात्र से जीवित कर सकते हैं। कोई अन्य भगवान यानी कालब्रह्म, ब्रह्मा, विष्णु, शिव आदि ऐसा नहीं कर सकते क्योंकि वे केवल कर्मों का फल ही प्रदान कर सकते हैं। उनकी शक्तियां सीमित हैं। गरुड़ जी ये सुन कर ब्रह्मा जी के पास गये और उनसे कहा कि आपके अलावा कोई और सर्वोच्च शक्ति है जो पूर्ण सक्षम है। आप सब नश्वर हो।

*(क्रमशः)*

# डेंगू के डंक की जद में दुनिया की आधी आबादी



डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

**डेंगू**

***देश***-दुनिया में डेंगू के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। इस साल के देश के आंकड़ों की ही बात करें तो डेंगू से मरने वालों की संख्या लगभग 100 के आंकड़े को छू रही है। अकेले केरल में डेंगू के कारण 38 लोगों की मौत की सूचना है। डेंगू की गंभीरता को देखते हुए केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने दो दिन पहले उच्चस्तरीय बैठक कर आवश्यक निर्देश दिये हैं। दरअसल हमारे देश में डेंगू का पीक सीजन जुलाई से अक्टूबर तक रहता है। वैसे, डेंगू अब किसी देश की सीमा में बंधा नहीं है और दुनिया के 129 देशों या यों कहें कि दुनिया की आधी आबादी के क्षेत्र में अपनी उपस्थिति दर्ज करा चुका है। देश-दुनिया की सरकारों और विश्व स्वास्थ्य संगठन के सामने डेंगू बड़ी चुनौती बनकर उभरा है। यदि विश्व स्वास्थ्य संगठन की हालिया रिपोर्ट अतिश्योक्तिपूर्ण मानें तब भी इसमें कोई दो राय नहीं हो सकती कि डेंगू आज और आने वाले समय के लिए दुनिया के देशों के लिए गंभीर समस्या बनता जा रहा है। दुनिया के 129 देश डेंगू की गिरफ्त में आ चुके हैं तो इससे भी मतभेद नहीं हो सकता कि दुनिया के देशों में होने वाली बीमारियों में से 70 फीसदी बीमारी का केन्द्र एशिया महाद्वीप बना हुआ है। डेंगू दिन दूगनी रात चौगुनी रफ्तार से दुनिया के देशों को अपनी गिरफ्त में लेता जा रहा है। डब्लूएचओ की मानें तो आज दुनिया की आधी आबादी डेंगू संभावित क्षेत्र के दायरे में आ गई है। डेंगू की गंभीरता को इसी से समझा जा सकता है कि पेरू के अधिकांश इलाकों में डेंगू के कारण इमरजेंसी लगाई जा चुकी है तो अमेरिका जैसा विकसित देश भी इसके दायरे से बाहर नहीं हैं। एक मोटे अनुमान के अनुसार भारत में ही डेंगू के औसतन 600 मामले प्रतिदिन आ रहे हैं। डेंगू एडीज प्रजाति के मच्छर से फैलता है। डेंगू के मच्छर के बारे में यह माना जाता है कि नमी वाले क्षेत्र खासतौर से पानी एकत्रित होने वाले स्थानों पर यह तेजी से फैलता है। सुबह के समय यह अधिक सक्रिय रहता है। यह भी माना जाता है कि डेंगू होने का दो-तीन दिन के बुखार में जांच के दौरान तो पता ही नहीं चलता, वहीं तीन-चार दिन तक लगातार बुखार के बाद जांच कराने पर डेंगू का पता चलता है। यह भी सही है कि डेंगू प्रभावित लोग एक से दो सप्ताह में ठीक भी हो जाते हैं। पर कमजोर इम्यूनिटी वाले या डेंगू के गंभीर होने की स्थिति में तेजी से प्लेटरेट्स कम होने लगती हैं और यहां तक कि शरीर के दूसरे ऑरगन्स को प्रभावित करती हुई मौत का कारण भी बन जाती है। हालांकि डेंगू के कारण मौत की रेट नाममात्र है पर डेंगू के कारण मौत के आंकड़े भी साल दर साल बढ़ रहे हैं। कोरोना ने दुनिया के देशों को बहुत कुछ सिखाया है। घर की चारदीवारी में कैद होने से लेकर सब कुछ बंद होने के हालात से दो-चार हो चुके हैं। कोरोना त्रासदी से अभी उबर भी नहीं पाये हैं कि जानलेवा बीमारियों के नित नये वेरियंट सामने आ रहे हैं। इनके पीछे पिछड़ों देशों के सामने गरीबी एक कारण है तो दूसरी और जलवायु परिवर्तन के कारण डेंगू जैसे रोग तेजी से फैल रहे हैं। अत्यधिक बारिश, बाढ़, अत्यधिक गर्मी, अत्यधिक सर्दी यहां तक की बेमौसम की बरसात जैसे हालात और आये दिन आने वाले समुद्री तूफान चिंता के कारण बनते जा रहे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन की हालिया रिपोर्ट के अनुसार दुनिया के चार अरब लोग डेंगू प्रभावित क्षेत्र में हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के वैश्विक कार्यक्रम प्रमुख डॉ. रमन वेलायुधन का मानना है कि 2000 की तुलना में 2022 तक डेंगू से प्रभावित लोगों के आंकड़े में आठ गुणा तक की बढ़ोतरी हो चुकी है। यदि हम भारत की ही बात करें तो 2018 में 101192 मामले सामने आये थे वहीं 2022 में डेंगू के 233251 मामले सामने आये हैं। यदि 2020 के साल को छोड़ दिया जाए तो भारत में डेंगू के मामले लगातार बढ़ते रहे हैं।

**दुनिया के 129 देश डेंगू की गिरफ्त में आ चुके हैं तो इससे भी मतभेद नहीं हो सकता कि दुनिया के देशों में होने वाली बीमारियों में से 70 फीसदी बीमारी का केन्द्र एशिया महाद्वीप बना हुआ है।**

**फोटो की दुनिया**




**फेसबुक वॉल से**




# आर्थिक तंगी से जूझ रहे नेपाल की मदद में भारत व अमेरिका



यशोदा श्रीवास्तव

**अर्थव्यवस्था**

***नेपाल*** में करीब दो साल तक के भयावह कोरोना काल का असर अब दिखने लगा है। आर्थिक मंदी चंहुओर साफ दिख रही है। नेपाल के आर्थ व्यवस्था का बड़ा स्त्रोत पर्यटन की हालत खराब है। आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए नेपाल सरकार ने जो छोटे छोटे प्रयास किये हैं उसका भी सकारात्मक असर नहीं दिख रहा है। भारतीय वाहनों के कस्टम ड्यूटी से भी नेपाल को भारी आय होती है। नेपाल ने इसमें बढ़ोत्तरी कर हालात पर काबू पाने की कोशिश की है। माल वाहक वाहनों से कस्टम शुल्क तो मिल रहा है लेकिन नेपाल के सभी नाकों से रोज जो छोटे चौपहिया वाहनों से नियमित कस्टम शुल्क मिलता था उसमें भारी कमी आई है। पहले नेपाल प्रवेश के लिए दुपहिया वाहनों से सौ रुपए की कस्टम शुल्क ली जाती थी और चौपहिया वाहनों से तीन सौ तक लिए जाते थे। अब इसे डेढ़ गुना कर दिया गया है। साथ ही कम दूरी तक के लिए सुविधा शुल्क समाप्त कर दिया गया है। इसका असर यह हुआ है कि नेपाल में भारतीय छोटे वाहनों का जाना बहुत कम हो गया है। भारतीय वाहनों को जांच पड़ताल के नाम पर तंग भी किया जाता है। भारतीयों के साथ भी अब नेपाल के सरकारी मुलाजिम और नागरिक खासकर पहाड़ी समुदाय के लोगों का व्यवहार पहले जैसा नहीं रहा। कोरोना काल का नेपाल पर इसलिए भयावह असर दिख रहा है क्योंकि यह छोटा राष्ट्र है और इसे ज्यादा तर दूसरे देशों के अनुदान पर निर्भर रहना पड़ता है। इस नन्हे राष्ट्र में होटल उद्योग से लगायत सारे व्यापार दो साल तक ठप रहे। आय के सारे स्त्रोत बंद हो गए थे ऐसे में नेपाल को बड़े संकट के दौर से गुजरना पड़ रहा है। इधर कारण जो भी हो, नेपाल में भारतीय रूपयों के लेन-देन पर पाबंदी लगा दी गई है। यद्यपि भारतीय बड़े नोटों पर प्रतिबंध नया नहीं है फिर भी पांच सौ और दो हजार के भारतीय रूपयों के लेने पर काठमांडू तक में न नहीं था। अब बार्डर से कुछ दूरी तक ही बमुश्किल भारतीय सौ रूपए ही लिए जाते हैं वह भी पहले की अपेक्षा कम मूल्य पर। नेपाल में भारतीय एक रूपए की कीमत नेपाली एक रूपए साठ पैसे की है। अघोषित तौर पर अब इसे एक रूपए चालीस पैसे या इससे भी कम पर ही लिए जाते हैं। नेपाल में भारतीय रूपयों की इतनी गिरावट हाल ही में हुई है। इसके पीछे का बड़ा कारण यह बताया जा रहा है कि नेपाल अपने ही रूपयों की भारी कमी से जूझ रहा है। सरकारी कर्ज के अरबों रूपयों की वसूली न हो पाने से ऐसी स्थिति उत्पन्न हुई है। बड़े सरकारी कर्जदार स्वयं आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं तो वे कर्ज कहां से चुकाएं। आर्थिक तंगी का आलम यह है कि सरकारी कर्मचारियों को कई कई महीनों से वेतन के लाले पड़े है। बेरोजगारी भी बड़ी समस्या है। जितनी भारी तादाद में नेपाली युवकों का विदेशों में पलायन जारी है, ऐसा पहले कभी नहीं देखा गया। नेपाल के होटल, कैसिनो और टूरिस्ट प्लेस भारतीय युवकों के खास पसंद हुआ करते हैं लेकिन भारतीय रूपयों की पाबंदी से उनका आना जाना भी कम हुआ है। भारतीय मूल के एक नेपाली मंत्री का कहना है कि भारतीय रूपयों की पाबंदी का असर नेपाल की अर्थ व्यवस्था पर पड़ रहा है। जहां तक नेपाल को लेकर भारत का सवाल है तो वह हर हाल उसे आर्थिक तंगी से उबारना चाहता है। भारत का नेपाल से दस हजार मेगावाट बिजली खरीदने का निर्णय इसी दृष्टि से देखा जा रहा है। नेपाली पीएम 31 मई से तीन जून तक भारत के दौरे पर थे तभी नेपाल से बिजली खरीद पर हस्ताक्षर हुआ था। भारत नेपाल में सतलुज जल विद्युत निगम 900 मेगावॉट का अरुण-3 और 490 मेगावॉट का अरुण-4 हाइड्रो प्रोजेक्ट विकसित करेगा। भारत और नेपाल के बीच इतने बड़े बिजली परियोजना समझौते से चीन की बौखलाहट भी सामने आई है।

**नेपाल के आर्थ व्यवस्था का बड़ा स्त्रोत पर्यटन की हालत खराब है। आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए नेपाल सरकार ने जो छोटे छोटे प्रयास किये हैं उसका भी सकारात्मक असर नहीं दिख रहा है।**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नई दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट । - फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# होम्योपेथी ट्रीटमेंट ले रहे हैं तो इग्नोर न करें आहार के ये नियम

**होम्योपैथी के अनुसार, दवा के साथ-साथ भोजन और सही डाइट व्यक्ति की बीमारी ठीक करती है। होम्योपैथी के साथ किस तरह का आहार लेना फायदेमंद होता है।**



अच्छे स्वास्थ्य की नींव अच्छा पोषण है। होम्योपैथी और पोषण संतुलित रहने पर ही शरीर स्वस्थ होता है। बढ़िया पोषण क्लासिकल होम्योपैथी में मदद करता है। क्लासिकल होम्योपैथी के फाउंडर डॉ. सैमुअल हैनीमैन भी विटामिन और मिनरल्स के महत्व को समझते थे। उन्होंने महसूस किया कि शरीर में संतुलन बहाल करने के लिए उचित पोषण आवश्यक है। कोई भी व्यक्ति चाहता है कि होम्योपैथ चिकित्सा का सही लाभ मिले, तो उसे किस तरह का आहार लेना चाहिए, ध्यान देना पड़ेगा।

**डाइट पर होम्योपैथी के विचार :** डॉ. मुकेश बत्रा बताते हैं, होम्योपैथी के संस्थापक डॉ. सैमुअल हैनमैन एक जर्मन डॉक्टर थे। उन्होंने 'ऑर्गेनॉन ऑफ द हीलिंग आर्ट' नामक किताब में होम्योपैथी के सिद्धांतों को लिखा है। ऑर्गेनॉन में उन सिद्धांतों का उल्लेख किया गया है, जिसके आधार पर होम्योपैथी का प्रयोग किया जाना चाहिए। होम्योपैथी की फिलोसॉफी क्या है और किस तरह इसकी दवाइयां बनाकर दी जानी चाहिए। डॉ. हैनमैन ने बताया कि प्रत्येक व्यक्ति का पेट उसके पैर की तरह होता है। जिस तरह सबके पैर का आकार एकदम अलग-अलग होता है, ठीक उसी तरह होम्योपैथी भी यूनिवर्सल डाइट के उपयोग के खिलाफ है। सभी व्यक्ति की डाइट अलग-अलग हो सकती है।

**एक का खाद्य पदार्थ दूसरे के लिए एलर्जी का कारण बन सकता है :** किसी एक व्यक्ति द्वारा लिया जाने वाला आहार दूसरे के लिए जहर समान भी हो सकता है। एक व्यक्ति को बैंगन बहुत पसंद हो सकता है, जबकि दूसरे व्यक्ति को इससे एलर्जी हो सकती है। इसके खाने पर उसकी त्वचा पर चकत्ते पड़ सकते हैं। होम्योपैथी व्यक्तिगत डाइट में विश्वास करती है।

**रोग के अनुसार डाइट पर प्रतिबंध :** होम्योपैथी की दवा लेते समय डाइट पर कोई प्रतिबंध नहीं होता है। रोग के अनुसार प्रतिबंध लागू होते हैं, उदाहरण के लिए, उच्च रक्तचाप के मरीज को खाने में नमक की मात्रा कम करने की सलाह दी जाएगी। उच्च कोलेस्ट्रॉल के मरीज को फैट यानी वसायुक्त आहार नहीं खाने के लिए कहा जाएगा। गाउट के मरीज को शराब नहीं पीने की सलाह दी जाएगी।

**नर्वस सिस्टम के माध्यम से काम करती है दवा :** होम्योपैथिक दवाइयां तंत्रिका सिरे के माध्यम से कार्य करती हैं। इसलिए दवा को जीभ के नीचे रखकर चूसना होम्योपैथिक दवाइयां लेने का सर्वोत्तम तरीका है।

**भोजन लेने और दवाई खाने के बीच आधे घंटे का अंतर :** यह एक मिथक है कि यदि आप होम्योपैथिक दवाई ले रही हैं, तो आपको कॉफी का सेवन नहीं करना चाहिए। कॉफी में कैफीन होता है, जो मूड को बेहतर बनाता है। इसलिए यह माना जाता है कि कॉफी होम्योपैथिक दवा में हस्तक्षेप करता है जो तंत्रिका के माध्यम से कार्य करती है। उदाहरण के लिए बार-बार कॉफी पीने वाला व्यक्ति अधिक मूड में उतार-चढ़ाव का अनुभव कर सकता है। हमारे जीवन में हम सभी उतार-चढ़ाव का सामना करते हैं। यही कारण है कि यदि लोग होम्योपैथिक दवा ले रहे हों, तो वे कॉफी का सेवन कर सकते हैं। बशर्ते वे इस बात का ध्यान रखें कि भोजन लेने और दवाई खाने के बीच आधे घंटे का अंतर होना चाहिए।

**ठीक से भोजन का अवशोषण जरूरी :** होम्योपैथी का मानना है कि न सिर्फ पोषण की कमी से बीमारियां होती हैं, लेकिन ठीक से भोजन का अवशोषण नहीं कर पाना असली समस्या है। भले ही आप सही प्रकार के आहार का सेवन कर रहे हों, लेकिन आप इसे अवशोषित नहीं कर पा रहे हैं, तो इससे स्वास्थ्य को कोई लाभ नहीं मिलेगा।

❖ **स्मिता सिंह**

# किडनी को डिटॉक्सिफाई करने में मददगार हैं ये हेल्दी ड्रिंक्स

किडनी ब्लड को फिल्टर करती है और वेस्ट मटेरियल को यूरिन के माध्यम से शरीर से बाहर निकाल देती है। इसके साथ ही किडनी बॉडी में फ्लूइड बैलेंस और इलेक्ट्रोलाइट लेवल को मेंटेन रखती है। नियमित जीवन शैली की तमाम गतिविधियों के साथ ही शरीर के अंदरूनी फंक्शन की वजह से बॉडी में टॉक्सिन जमा हो जाते हैं। ऐसे में एक स्वस्थ जीवन जीने के लिए इसे बाहर निकालना बेहद महत्वपूर्ण है। टॉक्सिंस को फिल्टर करने के लिए एक स्वस्थ किडनी की आवश्यकता होती है। किडनी ब्लड को फिल्टर करती है और वेस्ट मटेरियल को यूरिन के माध्यम से शरीर से बाहर निकाल देती है। इसके साथ ही किडनी बॉडी में फ्लूइड बैलेंस और इलेक्ट्रोलाइट लेवल को मेंटेन रखती है। मेडिकल कंडीशन जैसे की डायबिटीज, हाइपरटेंशन और हाई ब्लड प्रेशर कुछ ऐसी स्वास्थ्य समस्याएं हैं, जिसके पीछे किडनी की प्रतिक्रिया जिम्मेदार होती है। ऐसे में किडनी स्वास्थ्य को बनाए रखना बेहद महत्वपूर्ण है। भारतीय योगा गुरु, योगा इंस्टीट्यूट की डायरेक्टर और टीवी की जानी-मानी हस्ती डॉक्टर हंसाजी योगेंद्र ने किडनी डिटॉक्स के लिए कुछ प्रभावी ड्रिंक्स के नाम सुझाए हैं।

## बीटरूट और एप्पल की स्मूदी

बीटरूट में बी10 की मात्रा पाई जाती है जो एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर एक कारगर फाइटोकैमिकल है। यह यूरिन में एसिडिटी को बढ़ा देता है, इसके अलावा इसमें पर्याप्त मात्रा में पेक्टिन नामक फाइबर मौजूद होता है, जो किडनी की सेहत को बढ़ावा देते हैं। यह किडनी को डिटॉक्स कर इसके फंक्शन को संतुलित रखते हैं।

## बीटरूट और एप्पल स्मूदी बनाने के लिए आपको चाहिए

- **चुकंदर :** 1/2
- **सेब :** 1/2
- **खीरा :** 1/2
- **नींबू का रस :** 1/2 चम्मच



## एप्पल साइडर विनेगर ड्रिंक

एप्पल साइडर विनेगर किडनी को डिटॉक्सिफाई करने में मदद करता है। इसमें सिट्रिक एसिड, एसिटिक एसिड और फास्फोरस की मात्रा पाई जाती है, जो टॉक्सिंस को तोड़ देती हैं और किडनी में स्टोन का निर्माण नहीं होने देते हैं। सही तरीके से इसका सेवन आपकी किडनी स्वास्थ्य को लंबे समय तक बनाए रखता है।

## इसे बनाने के लिए आपको चाहिए

- **एप्पल साइडर विनेगर :** 2 चम्मच
- **पानी :** 1 गिलास

## इस तरह तैयार करें एप्पल साइडर विनेगर ड्रिंक

एक गिलास पानी में एप्पल साइडर विनेगर डालें और इसे अच्छी तरह मिला लें। इसे रोज सुबह खाली पेट लेना है।

## गाजर की स्मूदी

गाजर में कैरोटीन की भरपूर मात्रा पाई जाती है, जो कैंसर से बचाव करने के साथ ही किडनी से टॉक्सिंस को रिमूव करने में मदद करते हैं। गाजर में मौजूद फाइबर टॉक्सिंस को खुद से बांधकर शरीर से बाहर निकाल देते हैं। इस प्रकार किडनी सही तरीके से कार्य करती है, और ब्लड को पूरी तरह से डिटॉक्सिफाई कर पाती है। जिससे कि शरीर में किसी प्रकार के टॉक्सिंस का अवशोषण नहीं होता।

## इस ड्रिंक को बनाने के लिए आपको चाहिए

- एक गाजर
- आधा खीरा
- एक चम्मच कसा हुआ अदरक
- इस तरह तैयार करें गाजर की समोदी
- गाजर और खीरे को छोटे टुकड़ों में काट लें।
- फिर एक ब्लेंडिंग जार में इन्हें डालें और इन तीनों सामग्री को एक साथ अच्छी तरह ब्लेंड कर लें।
- आप चाहे तो इसकी कंसिस्टेंसी सेट करने के लिए अपने अनुसार इसमें पानी डाल सकती हैं।
- रोज सुबह इसे ब्रेकफास्ट के साथ लेने से मदद मिलेगी।

## धनिए का जूस

धनिया किडनी के फंक्शन को प्रमोट करता है और किडनी स्टोन के खतरे को कम कर देता है। यह किडनी के साथ ही समग्र सेहत के लिए बेहद फायदेमंद होता है इसलिए आप इसे अपनी नियमित डाइट का हिस्सा बना सकती हैं।

## इसे बनाने के लिए आपको चाहिए

- धनिया की पात्तियों का गुच्छा
- दो गिलास पानी
- एक चम्मच शहद

## इस तरह तैयार करें

- सबसे पहले धनिया की पत्तियों को अच्छी तरह चौप कर लें।
- पानी को बॉयल करें और चौप की हुई धनिया की पत्तियों को पानी में डाल दें।
- इसे 15 से 20 मिनट तक बॉयल होने दें, फिर इसे छान कर पानी को अलग निकाल लें।
- इसमें शहद डालें, इन्हें एक साथ अच्छी तरह मिलाएं और इसे इंजॉय करें।

# इन सब्जियों व फलों के आगे फेल है अंडा व चिकन



हमारे शरीर को कई सारे विटामिन और पोषक तत्वों की जरूरत होती है। उसी तरह हमारे शरीर को प्रोटीन की भी बहुत आवश्यकता होती है। ऐसे में आप इन शाकाहारी चीजों को अपनी डाइट में शामिल कर प्रोटीन और आयरन की कमी को पूरा कर सकते हैं। हमारे शरीर को कई सारे विटामिन और पोषक तत्वों की जरूरत होती है। उसी तरह हमारे शरीर को प्रोटीन की भी बहुत आवश्यकता होती है। सबसे ज्यादा प्रोटीन मांस में पाया जाता है और जो लोग मीट, मांस खाते हैं उनको प्रोटीन की कमी नहीं होती है। लेकिन जो लोग सिर्फ शाकाहारी भोजन ही करते हैं, उनको प्रोटीन और आयरन की आवश्यकता होती है। कुछ लोगों का मानना है कि मांसाहारी भोजन करना चाहिए, जिससे आपके शरीर को प्रोटीन मिल सके। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताएंगे कि किन शाकाहारी चीजों का सेवन करने से प्रोटीन और आयरन अच्छी खासी मात्रा में मिल सकती है।

**फूलगोभी का करें सेवन :** अगर आप शाकाहारी भोजन करना ही पसंद करते हैं और आपको शाकाहारी भोजन में ही प्रोटीन चाहते हैं तो आप फूलगोभी का सेवन करें। फूलगोभी में कैलोरीन, मैग्नीशियम, फाइबर, आयरन और पोटेशियम के साथ-साथ प्रोटीन भी पाया जाता है। ज्यादातर लोगों को फूलगोभी पसंद होती है। ये बनाने में भी काफी आसान होती है। फूलगोभी की सब्जी की या पराठे, पकौड़ी आदि बनाकर इसके सेवन किया जाता है।

**मटर को डाइट में करें शामिल :** प्रोटीन पाने के लिए आपको मटर का भी सेवन करना चाहिए। मटर आपको सर्दियों में आसानी से मिल जाएगी, ये प्रोटीन का भी काफी अच्छी होती है। इसके अलावा आलू मटर, पनीर मटर की सब्जी या फिर कई अन्य सब्जियों में भी मटर का सेवन किया जाता है। प्रोटीन पाने के लिए मक्के का भी सेवन किया जाता है। मक्के में फाइबर की भी काफी अच्छी मात्रा पाई जाती है।

**खाएं सूखे बेर :** अगर आपके शरीर में आयरन की कमी है, तो आप सूखे बेर का सेवन जरूर करें। इसके साथ ही जूस का भी सेवन करना चाहिए। सूखे बेर शरीर में आयरन के साथ पोटैशियम की भी पूर्ति करता है। सूखे बेर ब्लड प्रेशर को भी कंट्रोल करता है।

**आयरन के लिए इन फलों का करें सेवन :** अगर आपके शरीर में आयरन की कमी है, तो केला, शहतूत, सेब, और अनार आदि फलों का सेवन करना चहिए। हालांकि इन फलों में आयरन की मात्रा थोड़ी कम होती है, लेकिन यह हमारे शरीर में फाइबर और प्रोटीन जैसे दूसरे पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं। शरीर में आयरन की पूर्ति से शरीर फिट रहता है और इसके सेवन से आपको बीमारी भी नहीं होगी।

❖ **अनन्या मिश्रा**

## सूडोकु नवताल- 6844

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | 9 | 4 | 2 | | 6 | | 3 |
| | 6 | | 8 | | 7 | | 2 | |
| 4 | 1 | | | | 3 | 5 | 8 | |
| | 9 | 8 | 3 | | | | | |
| 7 | | 4 | | 5 | | 8 | | 1 |
| | | | | | 9 | 7 | 3 | |
| | 8 | 5 | 7 | | | | 4 | 6 |
| | 2 | | 9 | | 1 | | 5 | |
| 3 | | 1 | | 6 | 8 | 9 | 7 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6843 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 5 | 1 | 3 | 7 | 2 | 4 | 6 |
| 7 | 3 | 2 | 6 | 5 | 4 | 1 | 8 | 9 |
| 1 | 6 | 4 | 8 | 9 | 2 | 7 | 5 | 3 |
| 5 | 7 | 3 | 4 | 2 | 9 | 6 | 1 | 8 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 6 | 1 | 3 | 9 | 7 |
| 6 | 1 | 9 | 3 | 7 | 8 | 5 | 2 | 4 |
| 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 6 | 8 | 7 | 2 |
| 2 | 4 | 6 | 7 | 8 | 5 | 9 | 3 | 1 |
| 9 | 8 | 7 | 2 | 1 | 3 | 4 | 6 | 5 |

## दैनिक पंचांग

**06 अक्टूबर 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कन्या में | तुला | 06.48 बजे से |
| चंद्र | मिथुन में | वृश्चिक | 09.03 ब.से |
| मंगल | तुला में | धनु | 11.19 बजे से |
| बुध | कन्या में | मकर | 13.24 बजे से |
| गुरु | मेष में | कुंभ | 15.10 बजे से |
| शुक्र | सिंह में | मीन | 16.43 बजे से |
| शनि | कुंभ में | मेष | 18.14 बजे से |
| राहु | मेष में | वृष | 19.54 बजे से |
| केतु | तुला में | मिथुन | 21.52 बजे से |
| राहुकाल | | कर्क | 00.05 बजे से |
| 10.30 से | | सिंह | 02.21 बजे से |
| 12.00 बजे तक | | कन्या | 04.33 बजे से |

**शुक्रवार** 2023 वर्ष का 279 वां दिन **दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** शरद। **विक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945 **मास** आश्विन (दक्षिण भारत में भाद्रपद) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** सप्तमी 06.36 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** आर्द्रा 21.32 बजे को समाप्त। **योग** परिघ 05.30 बजे प्रात: को समाप्त। **करण** बव 06.36 बजे तदनन्तर बालव 19.18 बजे को समाप्त। **चन्द्रायु** 20.9 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 04° 56' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1871758 **जूलियन दिन** 2460223.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2549 **हिजरी सन्** 1445 **महीना** रवि उलावल **तारीख** 20 **विशेष** अष्टमी श्राद्ध, जीवित्पुत्रिका व्रत, कालाष्टमी, महालक्ष्मी व्रत समाप्त।

| दिन का चौघड़िया | | | | रात का चौघड़िया | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चर | 05.55 से | 07.23 | बजे तक | रोग | 05.38 से | 07.1 | बजे तक |
| लाभ | 07.23 से | 08.51 | बजे तक | काल | 07.11 से | 08.43 | बजे तक |
| अमृत | 08.51 से | 10.19 | बजे तक | लाभ | 08.43 से | 10.15 | बजे तक |
| काल | 10.19 से | 11.47 | बजे तक | उद्वेग | 10.15 से | 11.47 | बजे तक |
| शुभ | 11.47 से | 01.15 | बजे तक | शुभ | 11.47 से | 01.19 | बजे तक |
| रोग | 01.15 से | 02.43 | बजे तक | अमृत | 01.19 से | 02.51 | बजे तक |
| उद्वेग | 02.43 से | 04.10 | बजे तक | चर | 02.51 से | 04.23 | बजे तक |
| चर | 04.10 से | 05.38 | बजे तक | रोग | 04.23 से | 05.55 | बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

## शब्द पहेली - 7906

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 | | ■ | 2 | 3 | | 4 | 5 |
| 6 | | ■ | 7 | | | ■ | 8 | |
| 9 | | 10 | ■ | 11 | | | ■ | |
| ■ | 12 | | 13 | ■ | | ■ | 14 | |
| 15 | ■ | 16 | | | | 17 | ■ | |
| 18 | | ■ | | ■ | 19 | | 20 | ■ |
| | ■ | 21 | | 22 | ■ | 23 | | 24 |
| 25 | 26 | ■ | 27 | | | ■ | 28 | |
| 29 | | | ■ | | ■ | 30 | | ■ |

**बाएँ से दाएँ**

1. आस्तिक, अनुगामी, पूजक-2
2. रख-रखाव-2,3
6. देह, बदन-2
7. कारण-3
8. तपस्या-2
9. बंदूकधारी (अंग्रेजी-3)
11. पति की बहन-3
12. प्रतिज्ञा, वचन-3
14. पिता, डैडी-2
16. मन मोहने वाला-5
18. आनंदित-2
19. लवण, खार-3
21. बख्तरबंद, आवरण-3
23. पासों से भविष्य जानना-3
25. आमिर व काजोल की फिल्म-2
27. मुलायम, कोमल-3
28. उस समय-2
29. भ्रमण, घूमना-3,
30. कोलाहल-2

**ऊपर से नीचे**

1. खतरनाक-4
2. सनम, बालम-3
3. रहने का तरीका-3,3
4. चावल-2
5. बिजली का कौंधना-5
6. कौवा, काग-2
10. सांभर जैसा खाद्य पदार्थ-3
13. मन को भाने वाला-5
15. सहयात्री-5
17. कटि-3
20. निम्न, न्यूनतम-4
22. उत्कर्ष-3
24. अधर, होठ-2
26. संबोधन-2

### शब्द पहेली - 7905 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | क | वि | ता | ■ | क | या | स | ■ |
| भ | ला | ■ | क | ■ | री | ■ | ही | न |
| र | ■ | म | त | ल | ब | ■ | ■ | ह |
| म | द | द | ■ | क्ष | ■ | फि | तू | र |
| ■ | ■ | भ | क्त | ■ | शी | त | ■ | ■ |
| से | हा | रा | ■ | यं | ■ | र | ज | त |
| ह | ■ | ■ | ज | हा | ल | त | ■ | मी |
| त | ल | ■ | मा | ■ | की | ■ | आ | ज |
| ■ | ब | हा | व | ■ | र | वा | ना | ■ |

## आज का राशिफल

**मेष राशि :** मित्तव्ययता रखें क्योंकि रुपये-पैसों की सुविधा आगे मिले न मिले। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा।

**वृष राशि :** निकटस्थ व्यक्ति का सहयोग काम को गति दिला देगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे।

**मिथुन राशि :** कार्यारम्भ से पहले उचित मूल्यांकन कर लें। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी।

**कर्क राशि :** ज्ञानीजनों का सानिध्य प्राप्त होगा। आध्यात्मिक वातावरण बनेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा।

**सिंह राशि :** विवादों व मुकदमे बाजी से राहत मिलेगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा।

**कन्या राशि :** स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पाएंगे।

**तुला राशि :** शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी।

**वृश्चिक राशि :** कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी।

**धनु राशि :** मुंह मांगी मुराद मिलेगी यानि इच्छित फल की प्राप्ति होगी। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे।

**मकर राशि :** स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। बचते-बचते कलह विवाद का डर बना रहेगा।

**कुंभ राशि :** मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे।

**मीन राशि :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है।




## गागर में सागर

### कांग्रेस कार्यसमिति की 9 को बैठक, विस चुनाव सहित अन्य विषयों पर होगी चर्चा



**नई दिल्ली।** कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की अगली बैठक आगामी नौ अक्टूबर को यहां होगी जिसमें पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों से जुड़े मुद्दों, जाति जनगणना और कुछ अन्य विषयों पर चर्चा हो सकती है। पार्टी सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि कार्य समिति की बैठक में इस साल के आखिर में प्रस्तावित मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, तेलंगाना और मिजोरम के विधानसभा चुनावों की तैयारियों, देश के मौजूदा राजनीतिक हालात, जाति जनगणना, जांच एजेंसियों के दुरुपयोग और कुछ अन्य राजनीतिक एवं आर्थिक मुद्दों पर चर्चा संभव है। कार्य समिति, कांग्रेस की सबसे बड़ी नीति निर्धारक इकाई है। कांग्रेस कार्य समिति की पिछली बैठक 16 और 17 सितंबर को हैदराबाद में हुई थी। उस बैठक में कांग्रेस ने विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस' (इंडिया) की पहल को वैचारिक एवं चुनावी सफलता दिलाने का संकल्प लिया था। पार्टी ने यह भी कहा था कि वह यह सुनिश्चित करना चाहती है कि देश विभाजनकारी और ध्रुवीकरण की राजनीति से मुक्त हो तथा लोगों को एक पारदर्शी, जवाबदेह एवं जिम्मेदार केंद्र सरकार मिले।

### राजौरी में आतंकियों की तलाश में अभियान चौथे दिन भी जारी

**राजौरी।** जम्मू कश्मीर के राजौरी जिले में हथियारों से लैस आतंकी देखे जाने के बाद पिछले तीन दिन से सुरक्षाबल तलाशी अभियान चला रहे हैं, तो चौथे दिन गुरुवार को भी जारी है। कालाकोट के तत्ता पानी के जंगल में छिपे आतंकियों को मार गिराने के लिए कोबरा कमांडो भी उतारे गए हैं। इसी बीच पुंछ जिले के खनेतर टाप के जंगलों में भी सुरक्षाबलों ने संयुक्त रूप से आतंकियों की तलाश में अभियान शुरू किया है। मौसम में बदलाव के चलते पुंछ में सुरक्षाबलों ने गश्त भी बढ़ा दी है। दरअसल, राजौरी के कालाकोट में सोमवार को तलाशी अभियान के दौरान आतंकियों की सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ हुई थी, इसमें सेना के दो जवान घायल हो गए थे। जंगल में अभी भी आतंकियों के तीन ग्रुप मौजूद होने की आशंका जताई जा रही है।

### सुप्रीम कोर्ट ने सांसदों को रिश्वत लेने से छूट देने पर फैसला सुरक्षित रखा

**नई दिल्ली।** सीजेआई की अध्यक्षता वाली 7 न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने गुरुवार को शीर्ष अदालत के 1998 के उस फैसले के खिलाफ किए गए संदर्भ पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया, जिसमें सांसदों को संसद या विधानसभाओं में भाषण देने या वोट देने के लिए रिश्वत लेने पर आपराधिक मुकदमा चलाने से छूट दी गई थी। संविधान पीठ में शामिल न्यायमूर्ति ए.एस.बोपन्ना, एम.एम. सुंदरेश, पी.एस. नरसिम्हा, जे.बी. पारदीवाला, संजय कुमार और मनोज मिश्रा ने दोनों पक्षों की दलीलें पूरी होने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया। सुनवाई के दौरान केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने दलील दी कि असली सवाल यह है कि क्या संविधान के तहत दी गई छूट की आड़ में रिश्वतखोरी को संरक्षित किया जा सकता है।उन्होंने जोर देकर कहा कि विशेषाधिकारों का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि विधायक स्वतंत्र रूप से और निडर होकर वोट देने और बोलने के अपने अधिकार का प्रयोग करें। उन्होंने कहा कि संविधान पीठ के पास पी.वी. नरसिम्हा राव बनाम सीबीआई मामले में 1998 के फैसले को वर्गीकृत करने का विकल्प हो सकता है। इन्क्यूरियम के अनुसार यह घोषणा करने के बजाय कि यह एक अच्छा कानून नहीं है, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1998 की वैधानिक योजना को ध्यान में रखने में विफल रहा।

### पीएम ने राजस्थान में करोड़ों की परियोजनाओं का किया शुभारंभ, बोले

# राज्य को देश के विकास का इंजन बनाना है

**एजेंसी। जोधपुर/नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को राजस्थान की कांग्रेस सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) राजस्थान को देश के विकास का इंजन बनाने के लिए संकल्पबद्ध है। प्रधानमंत्री ने राजस्थान के जोधपुर में एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज, जोधपुर और मारवाड़ के लोगों को कई उपहार मिले हैं। उन उपहारों में से एक के लिए, मैं दिल्ली से तैयार होकर आया था। कल, भाजपा सरकार ने फैसला किया कि अब उज्ज्वला की महिला लाभार्थियों को केंद्र सरकार की तरफ से गैस सिलेंडर सिर्फ 600 रुपये में मिलेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के इस फैसले का लाभ राजस्थान के 70 लाख परिवारों को होगा। ये फैसला रसोई को धुएं से मुक्त करने के हमारे अभियान को भी मजबूती देगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि



भाजपा सरकार का लक्ष्य राजस्थान को पर्यटन में नंबर एक राज्य बनाना है। उन्होंने कहा कि ये काम मोदी नहीं बल्कि आपका एक वोट कर सकता है। आपके वोट की ताकत से भाजपा सरकार बनेगी और राजस्थान पर्यटन में नंबर एक बनेगा। मोदी ने कहा कि भाजपा की केंद्र सरकार वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम भी चला रही है, जिसके तहत सीमावर्ती गांवों का विकास किया जा रहा है। इसका भी बहुत अधिक लाभ इस क्षेत्र को होने वाला है। हम राजस्थान के कोने-कोने में विकास को पहुंचा कर रहेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि रैली से पूर्व राजस्थान में 5,000 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं के शुभारंभ कार्यक्रम में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत अनुपस्थित थे। उन्होंने कहा कि ये एक सरकारी कार्यक्रम था, लेकिन मुख्यमंत्री गायब थे। मुख्यमंत्री इसलिए गायब थे क्योंकि उनको भरोसा है कि मोदी आएगा तो सब ठीक हो जाएगा। केंद्र की योजनाओं में राजस्थान सरकार के असहयोग का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा, केंद्र की भाजपा सरकार अपनी तरफ से राजस्थान के विकास के लिए हर कोशिश कर रही है। लेकिन यहां की स्थिति देखकर दुख होता है। पिछले 5 साल में कांग्रेस ने भ्रष्टाचार और दंगों के मामले में राजस्थान को टॉप पर पहुंचा दिया है। कांग्रेस ने महिलाओं और दलितों के विरुद्ध अत्याचार के मामले में राजस्थान को नंबर 1 बना दिया है। कांग्रेस ने नशे के कारोबार को कैसे खुली छूट दे रखी है, वो भी राजस्थान का बच्चा बच्चा जानता है। उन्होंने आगे कहा कि जिस गति से हम जल-जीवन-मिशन पर काम करना चाहते हैं, राजस्थान सरकार उसमें बाधाएं पैदा करती है। भारत की आवाज पूरी दुनिया में सुनी जा रही है और कांग्रेस को इससे परेशानी हो रही है।

मोदी ने कांग्रेस के ही विधायक राजेंद्र गुढ़ा की ओर से सामने लाए गए लाल डायरी का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, आप सबने लाल डायरी के बारे में सुना है। लोग कहते हैं कि कांग्रेस के करप्शन की हर काली करतूत इस लाल डायरी में दर्ज हैं। अगर आप चाहते हैं कि इस लाल डायरी का राज सामने आए, तो आपको यहां भाजपा सरकार बनाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को जनता के हितों से ज्यादा अपना वोट बैंक प्यारा है। जोधपुर जैसे शांत शहरों में दिन-दहाड़े गैंगवॉर की घटनाओं का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि भाजपा सत्ता में आएगी और दंगे रोकेगी, विकास लाएगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि चुनाव के समय बेरोजगारी भत्ते का वादा करने वाली कांग्रेस ने यहां के युवाओं को पेपर लीक माफिया के हवाले कर दिया। ऐसे हर पेपर लीक माफिया के खिलाफ भाजपा सरकार सख्त से सख्त कार्रवाई करेगी।

### ताजा झटकों से हिल गया लातूर, नुकसान नहीं

**लातूर।** तीन दिनों में आए सिलसिलेवार झटकों ने जिले के उस्तुरी, हसोरी और आसपास के गांवों में लोगों को परेशान कर रखा है। यह अगस्त में इस क्षेत्र में आए 7 हल्के झटकों के बाद आया है। एक अधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। लातूर जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी साकेब उस्मानी ने बताया कि नवीनतम झटके कल रात (4 अक्टूबर) दर्ज किए गए। पहला झटका रात 8.49 बजे 5 किलोमीटर की गहराई पर रिक्टर स्केल पर 2.75 तीव्रता का था, और दूसरा झटका रात 8.57 बजे आया। जमीन के नीचे 7 किलोमीटर पर रिक्टर स्केल पर 1.60 मापी गई। इससे पहले सोमवार को, कम से कम तीन हल्के झटके महसूस किए गए थे, इससे स्थानीय लोग डर गए थे, जो एक साल से इस क्षेत्र में अजीब भूमिगत आवाजों की शिकायत कर रहे थे।

### बढ़ते तनाव से 75 वर्ष की आयु तक दुनिया की आधी आबादी में मानसिक स्वास्थ्य विकार का खतरा

# हर दो में से एक व्यक्ति को मानसिक स्वास्थ्य विकार

**आरएनएम। नई दिल्ली**

दुनियाभर में बच्चों से लेकर वयस्कों तक में तेजी से मानसिक स्वास्थ्य विकार या कहें मनोरोग बढ़ रहा है। इस पर शोध कर रहे विशेषज्ञों के अनुसार कई जोखिम कारक हैं जो मानसिक स्वास्थ्य पर गंभीर रूप से नकारात्मक असर डाल रहे हैं। इसलिए सभी लोगों को अपने मन को स्वस्थ व शांत रखने के उपाय करते रहना चाहिए। अध्ययनकर्ताओं ने बताया समय के साथ मनोरोगों के मामलों में वृद्धि देखी जा रही है। इससे लगता है कि आने वाले वर्षों में इसका जोखिम और भी बढ़ने वाला है। मानसिक स्वास्थ्य के बारे में बने सामाजिक झिझक को दूर करने और मन को स्वस्थ रखने के लिए हर साल 10 अक्टूबर को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है। मनोचिकित्सकों का कहना है कि कम उम्र से ही सभी लोगों को इसके जोखिम कारकों से बचाव करते रहने की जरूरत है। हाल ही में हुए एक अध्ययन में वैज्ञानिकों का कहना है जिस तरह से वैश्विक स्तर पर मनोचिकित्सा की समस्या बढ़ रही है, ऐसे में आशंका है कि 75 वर्ष की आयु तक तक दुनिया की 50 प्रतिशत आबादी में मानसिक स्वास्थ्य विकार का जोखिम हो सकता है। शोधकर्ताओं ने पाया कि आधी वैश्विक आबादी में 75 वर्ष की आयु तक मानसिक स्वास्थ्य विकारों का जोखिम देखा जा रहा है। क्वींसलैंड यूनिवर्सिटी और हार्वर्ड मेडिकल स्कूल के शोध परिणाम के अनुसार दुनियाभर में हर दो में से एक व्यक्ति को अपने जीवनकाल में मानसिक स्वास्थ्य विकार का खतरा बना हुआ है। ज्यादातर लोगों में स्ट्रेस और डिप्रेशन की समस्या का खतरा देखा जा रहा है। अध्ययन में ये भी पाया गया है कि इसका जोखिम लिंग आधारित भी हो सकता है। इस अध्ययन के लिए 2001 से 2022 तक 29 देशों के 150,000 से अधिक वयस्कों के डेटा की जांच की गई। शोध में यह भी पाया गया कि मानसिक स्वास्थ्य विकार सबसे ज्यादा बचपन, किशोरावस्था या युवा लोगों में देखे जा रहे हैं। शोधकर्ताओं ने बताया 15 साल वालों में सबसे कम उम्र में मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं की समस्या वाली उम्र देखी गई है। पुरुषों के लिए मानसिक स्वास्थ्य विकारों की औसत उम्र 19 और महिलाओं के लिए 20 है।



सीपीईएस के अधिकारियों और आईटीएस के प्रोबेशनरों ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से की मुलाकात।

# आतंकवाद के सभी स्वरूपों पर कसी नकेल, कम हुई आतंकी घटनाएं : शाह

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को कहा कि बीते 09 वर्षों में आतंकी घटनाओं में काफी कमी आई है। मोदी सरकार ने देश में आतंकवाद के सभी स्वरूपों पर मजबूती से नकेल कसी है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद को जड़ से खत्म करने के लिए केंद्र और राज्य सरकारों को साथ मिलकर काम करने की जरूरत है। अमित शाह दिल्ली के सुषमा स्वराज भवन में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की ओर से आयोजित दो दिवसीय आतंकवाद निरोधी सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमें एक कॉमन ट्रेनिंग मॉड्यूल बनाने की दिशा में काम करना होगा। जिससे आतंकवाद के



खिलाफ लड़ाई की कार्यपद्धति में एकरूपता लाई जा सके। शाह ने 94 प्रतिशत से अधिक दोष सिद्धि दर हासिल करने के लिए एनआईए की प्रशंसा भी की। उन्होंने कहा कि वर्ष 2001 में आतंकी घटनाओं की संख्या 6000 थी, जिसे वर्ष 2022 में घटाकर 900 तक लाने का काम मोदी सरकार ने किया है। मोदी सरकार आतंक के हर स्वरूप को नष्ट करने के लिए प्रतिबद्ध है। शाह ने कहा कि मोदी के नेतृत्व में केंद्र और राज्य सरकारों के सहयोग से मादक पदार्थों के खिलाफ लड़ाई में बड़ी सफलता हासिल हुई है। इस दौरान केरल में लगभग 12,000 करोड़ रुपये से अधिक की 2,500 किलोग्राम मेथामफेटामाइन जब्त की गई थी। इसके अलावा 10 लाख किलोग्राम ड्रग्स नष्ट किए जा चुके हैं।

कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय गृह राज्यमंत्री निशिथ प्रमाणिक, केंद्रीय गृह सचिव, एनआईए के महानिदेशक सहित केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के महानिदेशक, राज्यों के पुलिस महानिदेशक, केंद्र एवं राज्यों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।





### नागपुर में संघ के विजयादशमी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे शंकर महादेवन



**राष्ट्रीय** स्वयंसेवक संघ के नागपुर में आयोजित विजयादशमी उत्सव में प्रसिद्ध गायक पद्मश्री शंकर महादेवन को इस वर्ष मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। यह कार्यक्रम नागपुर के रेशिमबाग परिसर में 24 अक्टूबर को आयोजित किया गया है। संघ के प्रचार विभाग ने गुरुवार को यह जानकारी दी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में वर्ष प्रतिपदा, शिव राज्याभिषेक दिवस, रक्षाबंधन, गुरु पूर्णिमा, विजयादशमी और मकर संक्रांति ऐसे 6 प्रमुख त्योहार मनाए जाते हैं। इन उत्सवों के आयोजन के पीछे संघ का अपना दर्शन है। विजयादशमी समारोह और नागपुर में आयोजित तृतीय वर्ष संघ शिक्षा वर्ग के समापन का विशेष महत्व है। संघ संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने 27 सितंबर 1925 को विजयादशमी के दिन संघ की स्थापना की थी। इसलिए, विजयादशमी के दिन संघ का स्थापना दिवस भी होता है। इस दिन सरसंघचालक स्वयंसेवकों को पाथेय देते हैं। साथ ही इस कार्यक्रम में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में योगदान देने वाले गणमान्य व्यक्तियों को संघ के मंच पर अतिथि के रूप में आमंत्रित किया जाता है।

### 'मेरा पिया घर आया 2.0' के रीमेक में नया तड़का लगाएंगी सनी लियोनी





**माधुरी** दीक्षित नेने की 1995 की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'याराना' का सुपरहिट गाना 'मेरा पिया घर आया' के रीक्रिएटेड वर्जन में अभिनेत्री सनी लियोनी नजर आएंगी। एक सूत्र ने पहले खुलासा किया था कि सनी एक प्रसिद्ध डांस नंबर को फिर से बनाने के लिए कड़ी मेहनत कर रही थी, जिसे कभी माधुरी ने प्रस्तुत किया था। ट्रैक 'मेरा पिया घर आया 2.0' का टीजर गुरुवार को जारी किया गया और गाना 8 अक्टूबर को रिलीज किया जाएगा। गाने को नीति मोहन ने गाया है। कोरियोग्राफर विजय गांगुली ने इस डांस नंबर को दोबारा बनाया, जिसमें अनु मलिक के सदाबहार संगीत के साथ माधुरी के कामुक आकर्षण का मिश्रण है, जो मूल रूप से प्रसिद्ध कोरियोग्राफर सरोज खान ने कोरियोग्राफ किया था।

### 'इक कुड़ी पंजाब दी' में हीर के किरदार को लेकर उत्साहित हैं तनीषा मेहता

**'लग जा गले'** और 'शुभ लाभ आपके घर में' से पहचान बनाने वाली अभिनेत्री तनीषा मेहता आगामी शो 'इक कुड़ी पंजाब दी' में मुख्य भूमिका निभाने के लिए उत्साहित हैं। अभिनेत्री ने इसे प्यार और संघर्ष की एक मनोरंजक कहानी बताया। 'इक कुड़ी पंजाब दी' एक हाई-ऑक्टेन ड्रामा है, जो अपनी शक्तिशाली कहानी और अच्छी तरह से लिखे गए पात्रों के साथ दर्शकों को लुभाने का वादा करता है। डोम एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित, यह शो एक दिलचस्प कहानी पेश करने के लिए तैयार है, जो अप्रत्याशित उतार-चढ़ाव से भरा होगा। पंजाब के कपूरथला रियासत पर आधारित यह शो एक



जाट जमींदार परिवार में पैदा हुई एक खूबसूरत युवा महिला हीर ग्रेवाल की यात्रा का अनुसरण करता है। उनकी सबसे बड़ी प्राथमिकता उनके परिवार की भलाई है। हालांकि, उसके जीवन में एक अप्रत्याशित मोड़ आता है, जब उसकी शादी अटवाल परिवार में हो जाती है। जीवन बदल देने वाली एक घटना के बाद, हीर को अपनी आंतरिक शक्ति का इस्तेमाल करने, अन्याय का सामना करने और सच्चाई का दावा करने के लिए मजबूर होना पड़ता है। इस उतार-चढ़ाव भरी यात्रा के दौरान, उसे अपने बचपन के दोस्त रांझा का अटूट समर्थन मिलता है। रांझा का किरदार अविनेश रेखी निभाएंगे और हीर का किरदार तनीषा मेहता निभाएंगी। शो के बारे में बात करते हुए तनीषा ने कहा, मैं 'इक कुड़ी पंजाब दी' का हिस्सा बनने और हीर के किरदार को जीवंत करने के लिए उत्साहित हूं। यह प्यार, संघर्ष और दोस्ती के अटूट बंधन की एक मनोरंजक कहानी है।

## फैसला

### स्कूल ड्रॉप आउट रोकने के लिए 12,000 रुपए सालाना छात्रवृत्ति

# आर्थिक तंगी के कारण नहीं छूटेगी पढ़ाई

**एजेंसी। नई दिल्ली**

छात्रों के स्कूल ड्रॉप आउट की समस्या से निपटने के लिए एक खास स्कॉलरशिप 'राष्ट्रीय साधन-सह-मेधा छात्रवृत्ति' शुरू की गई है। यह छात्रवृत्ति खास तौर पर इसलिए डिजाइन की गई है ताकि स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चे आर्थिक तंगी के कारण पढ़ाई न छोड़ें। छात्रवृत्ति की राशि 12,000 रुपए प्रति वर्ष है। इस योजना के तहत एक लाख छात्रवृत्तियां दी जा रही हैं। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के मुताबिक, वर्ष 2023-24 के लिए नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल (एनएसपी) पर छात्रवृत्ति के आवेदनों की ऑनलाइन जमा या पंजीकरण की प्रक्रिया 1 अक्टूबर 2023 को शुरू हो गई। 'राष्ट्रीय साधन-सह-मेधा छात्रवृत्ति (एनएमएमएसएस)



योजना' के तहत कक्षा 9 से कक्षा 12 तक के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के मेधावी छात्रों को आठवीं कक्षा में पढ़ाई बीच में छोड़ने की समस्या को कम करने के लिए है। इसके साथ ही नवीन से 12वीं कक्षा के छात्रों को माध्यमिक स्तर पर अपनी शिक्षा जारी रखने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है।

शिक्षा मंत्रालय का कहना है कि राज्य सरकार, सरकारी सहायता प्राप्त और स्थानीय निकाय स्कूलों में पढ़ने वाले छात्रों के लिए प्रत्येक वर्ष कक्षा 9 से चयनित छात्रों को कक्षा 10 से 12 में उनके नवीनीकरण पर एक लाख नई छात्रवृत्तियां प्रदान की जाती हैं। नेशनल मीन्स-कम-मेरिट स्कॉलरशिप स्कीम (एनएमएमएसएस) को नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल (एनएसपी) पर उपलब्ध कराया गया है। यह छात्रों को दी जाने वाली छात्रवृत्ति योजनाओं के लिए वन-स्टॉप प्लेटफॉर्म है। एनएमएमएसएस छात्रवृत्ति डीबीटी मोड के बाद सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली (पीएफएमएस) के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक ट्रांसफर द्वारा सीधे चयनित छात्रों के बैंक खातों में वितरित की जाती है। यह केंद्र सरकार की योजना है। वे छात्र जिनके माता-पिता की सभी स्रोतों से आय प्रति वर्ष 3,50,000 रुपए से अधिक नहीं है, वे छात्रवृत्ति का लाभ उठाने के पात्र हैं।

छात्रवृत्ति के पुरस्कार के लिए चयन परीक्षा में उपस्थित होने के लिए छात्रों के पास सातवीं कक्षा की परीक्षा में न्यूनतम 55 प्रतिशत अंक या समकक्ष ग्रेड होना चाहिए (एससी, एसटी छात्रों के लिए 5 प्रतिशत की छूट)। छात्रवृत्ति आवेदन नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर सत्यापन के दो स्तरों से गुजरते हैं। पहला स्कूल स्तर पर संस्थान नोडल अधिकारी (आईएनओ) द्वारा और दूसरा जिला नोडल अधिकारी (डीएनओ) द्वारा सत्यापित किया जाता है।

## गागर में सागर

### जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी की कुलपति ने सीएम से की शिष्टाचार भेंट

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से गुरुवार को जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी की कुलपति डॉ. अंजिला गुप्ता ने शिष्टाचार मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को 11 अक्टूबर को यूनिवर्सिटी की नई बिल्डिंग के उद्घाटन समारोह में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया । इस मौके पर उन्होंने मुख्यमंत्री को यूनिवर्सिटी की शैक्षणिक और अन्य गतिविधियों तथा कार्यक्रमों से भी अवगत कराया।

### मुख्यमंत्री से आर्च बिशप फादर फेलिक्स टोप्पो ने की मुलाकात

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से गुरुवार को आर्च बिशप फादर फेलिक्स टोप्पो ने मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो के अंतिम संस्कार की धर्मविधि 11 अक्टूबर को पूरी की जाएगी। विशेष प्रार्थना सभा के उपरांत उनका अंतिम संस्कार होगा। इससे पहले उनके पार्थिव शरीर को अंतिम दर्शनार्थ रखा जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो के निधन से हम सभी काफी दुखी हैं। उनके साथ हमारे रिश्ते काफी पुराने रहे हैं। उनका हमेशा ही हम लोगों को सहयोग और मार्गदर्शन मिलता रहा । वे हमेशा ही समाज और राज्य के विकास और हित की बात करते थे । उनका निधन हमारे लिए व्यक्तिगत क्षति है। वे हमेशा हमारे दिलों में रहेंगे। उन्हें शत-शत नमन। कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो का चार अक्टूबर को निधन हो गया था।

# बिरसा कृषि विश्वविद्यालय रांची की स्नातक परीक्षाओं में लड़कियों ने लहराया परचम

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**




बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के विभिन्न स्नातक पाठ्यक्रमों की परीक्षाओं में इस वर्ष लड़कियों का बोलबाला रहा। कृषि संकाय के बीएससी (कृषि) ऑनर्स परीक्षा में सर्वाधिक ओवरआल ग्रेड पॉइंट एवरेज (8.863) के साथ कृषि महाविद्यालय, गढ़वा की छात्रा समीक्षा कुमारी प्रथम रहीं कतिलका मांझी कृषि महाविद्यालय, गोड्डा की श्रुति भारद्वाज 8.844 ओजीपीए के साथ द्वितीय स्थान पर तथा कृषि महाविद्यालय, गढ़वा की ही सुनिधि 8.752 ओजीपीए प्राप्त कर तीसरे स्थान पर रहीं। देवघर, गोड्डा, गढ़वा और रांची स्थित कृषि संकाय के चार महाविद्यालयों में बीएससी (कृषि) ऑनर्स की कुल 230 स्वीकृत सीटें हैंक कुछ सीटें खाली रह जाने के कारण कुल 203 छात्र-छात्राओं ने कृषि स्नातक की परीक्षा पास की। इसी प्रकार कांके, रांची स्थित कृषि अभियंत्रण महाविद्यालय की बीटेक (कृषि अभियंत्रण) परीक्षा में भी प्रथम तीनों स्थान लड़कियों ने ही हासिल किया ककोमल सिन्हा सर्वाधिक 8.923 ओजीपीए प्राप्त कर टॉपर बनीं जबकि रूपाली गुप्ता (ओजीपीए 8.852) द्वितीय और सपना सोनी (ओजीपीए 8.833) तृतीय स्थान पर रहीं कबीटेक (कृषि अभियंत्रण) में स्वीकृत सीटें 40 हैं। खूंटपानी, पश्चिमी सिंहभूम स्थित बागवानी महाविद्यालय में संचालित बीएससी (बागवानी) ऑनर्स की परीक्षा में भी टॉपर लड़कियां रहीं। ओजीपीए 8.984 के साथ विशालाक्षी चौबे ने प्रथम तथा प्रतिभा पाठक ने ओजीपीए 8.808 हासिल कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया कतीसरे स्थान पर शुभम कुमार कुशवाहा (ओजीपीए 8.766) रहे क यहां 50 स्वीकृत सीटें हैं और 45 विद्यार्थियों ने परीक्षा पास की। गुमला स्थित मात्स्यिकी विज्ञान महाविद्यालय की स्नातक परीक्षा (बीएफएससी) में भी तीन सर्वोच्च स्थानों पर लड़कियां ही रहीं कश्रेया आनन्द 8.842 ओजीपीए हासिल कर टॉपर बनींक सुकृति मंडल (ओजीपीए 8.744) ने द्वितीय तथा शौर्या दत्ता (ओजीपीए 8.742) तीसरे स्थान पर रहीं कइस पाठ्यक्रम में स्वीकृत सीटें 30 हैं।

### रिम्स निदेशक के आवास का घेराव, ब्वॉयज हॉस्टल शिफ्ट करने की मांग

**रांची।** रिम्स में लगातार परिजनों के साथ हो रही मारपीट को लेकर गुरुवार को राष्ट्रीय युवा शक्ति ने निदेशक आवास के बाहर धरना दिया। राष्ट्रीय युवा शक्ति ने आरोपी डॉक्टरों पर कार्रवाई की मांग की है। उत्तम यादव ने कहा कि रिम्स में जूनियर डॉक्टर लगातार गरीब और बेबस मरीजों के साथ मारपीट करते हैं। साथ ही इलाज में भी लापरवाही करते हैं। विरोध करने पर गाली-गलौज और धमकी भी देते हैं। उन्होंने रिम्स से पीजी हॉस्टल को दूसरी जगह शिफ्ट करने की मांग की है। इलाज सही से नहीं होने की शिकायत करने पर देर रात भी झुंड में आकर परिजनों से मारपीट और बदतमीजी करते हैं। रिम्स प्रबंधन से शिकायत करने के बाद भी प्रबंधन डॉक्टरों पर कोई कार्रवाई नहीं करता, जिससे उनका मन बढ़ गया है। घेराव के दौरान रिम्स के उपाधीक्षक डॉ शैलेश त्रिपाठी ने उन्हें दोषियों पर कार्रवाई का आश्वसन दिया। साथ ही लिखित शिकायत करने की भी मांग की है।

# रांची में क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय भवन का किया गया शिलान्यास



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

किसी तरह से रांची में चल रहा क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय का अब अपना भवन होगा। गुरुवार 5 अक्टूबर को केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री वी मुरलीधरन ने इसकी आधारशिला रखी। राजधानी रांची के पुंदाग नयासराय में बनने वाले इस क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय में अत्याधुनिक सुविधा होगी। चार मंजिली इस क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय की लागत 48 करोड़ होगा जिसको बनाने का जिम्मा सीपीडब्ल्यूडी को दिया गया है। रांची में क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय का भूमि पूजन और आधारशिला रखते हुए केंद्रीय विदेश राज्यमंत्री वी मुरलीधरन ने कहा कि पासपोर्ट बनाने की सुविधा में तेजी आई है। पिछले 09 साल में देशभर में लोगों को जिलास्तर पर पासपोर्ट सुविधा मिली है। झारखंड में 14 पोस्ट ऑफिस पासपोर्ट सेवा केंद्र खोला गया है। जल्द ही गोड्डा में 15वां पोस्ट ऑफिस पासपोर्ट सेवा केंद्र खोला जाएगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की सोच है कि हर लोकसभा क्षेत्र में पासपोर्ट बनाने की सुविधा मिले। केंद्र सरकार के कामकाज की सराहना करते हुए राज्यमंत्री वी मुरलीधरन ने कहा कि देश हर क्षेत्र में नई उंचाईयों को छू रहा है। देश तेजी से प्रगति कर रहा है। झारखंड की संस्कृति बहुत ही प्राचीन है।

**मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को...**

गई है। महिलाएं अपने ही घरों में सुरक्षित नहीं है। पुलिस को अपराधियों व उग्रवादियों को पकड़ने के बजाय हेमंत सोरेन की सरकार ने ट्रैक्टर को पकड़ने व सड़क किनारे खड़ा होकर वसूली करने में लगा रखा है। स्थिति बद से बदतर हो गई है। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को नसीहत दी है कि संबंधित बॉडर क्षेत्र में चेक पोस्ट लगा दें। बालू की ढुलाई अन्य राज्यों में नहीं हो सकेगी। अगर इस कार्य में पुलिस कम पड़ेगी तो भाजपा कार्यकर्ता भी सहयोग करने के लिए तैयार हैं।

**सीएम गलत नहीं तो ईडी...**

सरकार बनते ही अमीरी और गरीबी की खाई को पाटने का काम किया है। विश्वकर्मा समाज के लिए 13 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। महिलाओं को लोकसभा व विधानसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण देकर सशक्त बनाने का काम किया है। वहीं विधायक भानू प्रताप शाही की मांग पर उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार बनने पर तुलसीदामर खदान खोला जाएगा। साथ ही श्री बंशीधर नगर को जिला और भवनाथपुर को अनुमंडल बनाया जाएगा। बाबूलाल मरांडी ने जनता से इस सरकार को उखाड़ फेंकने का आह्वान किया।

**जिस समूह में जितने लोग उन्हें...**

राजनीतिक व आर्थिक स्थिति का ना तो सही आकलन हो सकेगा, ना ही उनकी बेहतरी व उत्थान संबंधित समुचित नीति निर्धारण हो पाएगा और ना ही उनकी संख्या के अनुपात में बजट का आवंटन हो पाएगा। मालूम हो कि आज से 90 वर्ष पूर्व जातिगत जनगणना वर्ष 1931 में की गई थी एवं उसी के आधार पर मंडल कमिशन के द्वारा पिछड़े वर्गों को आरक्षण उपलब्ध कराने की अनुशंसा की गई थी।

**भारत में आर्थिक विषमता का जाति से बहुत मजबूत संबंध है :** पत्र में लिखा था कि भारत में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़े वर्ग के लोगों ने सदियों से आर्थिक एवं सामाजिक पिछड़ेपन का दंश झेला है। आजादी के बाद विभिन्न वर्गों का विकास अलग-अलग गति से हुआ है। जिसके कारण अमीरों एवं गरीबों के बीच की खाई और बढ़ी है। भारत में आर्थिक विषमता का जाति से बहुत मजबूत संबंध है एवं सामान्यतया जो सामाजिक रूप से पिछड़े श्रेणी में आते है, वे आर्थिक तौर पर भी पिछड़े हुए हैं। सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास के नारों को अमलीजामा पहनाने की जमीनी पहल करना समय की मांग है। विकास का खाका तैयार करने की पहली शर्त होती है जमीनी हकीकत की जानकारी। इसके लिए जातिगत जनगणना सबसे कारगर माध्यम साबित होगा। जातिगत जनगणना कराने से ही समाज के सभी वर्गों को हिस्सेदारी के अनुपात में भागीदारी देना सुनिश्चित किया जा सकता है। इस मांग को समय की जरूरत समझी गई है इसलिए दल की दीवारें तोड़कर सब एक साथ केन्द्र से ये मांग कर रहे हैं कि जनगणना में सभी जातियों के राजनीति, आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक स्तर की जानकारियों को समावेश कर सार्वजनिक किया जाय।

**पत्र के माध्यम से बताए फायदे :** मुख्यमंत्री ने पत्र के माध्यम से जाति आधारित जनगणना कराये जाने से देश के नीति-निर्धारण में कई तरह के फायदों को बताया। पत्र में लिखा था कि पिछड़े वर्ग के लोगों को आरक्षण की सुविधा उपलब्ध कराने में ये आकड़े सहायक सिद्ध होगें। नीति निमार्ताओं को पिछड़े वर्ग के लोगों के उत्थान के निमित्त बेहतर नीति-निर्धारण एवं क्रियान्वयन में आकड़े मदद करेंगे। ये आंकड़े आर्थिक, सामाजिक एवं शैक्षणिक विषमताओं को भी उजागर करेंगे एवं तत्पश्चात लोकतांत्रिक तरीके से इनका समाधान निकाला जा सकेगा। संविधान की धारा-340 में भी आर्थिक एवं सामाजिक रूप से पिछड़े वर्गों की वस्तुस्थिति की जानकारी प्राप्त करने के निमित्त आयोग बनाने का प्रावधान है। जातिगत जनगणना से संविधान के इस प्रावधान का भी अनुपालन सुनिश्चित हो सकेगा। लक्ष्य आधारित योजनाओं में सुयोग्य लाभुकों को शामिल करने तथा नहीं करने में होने वाली त्रुटियों को कम करने में भी यह सहायक सिद्ध होगी।

**नॉर्वेजियन लेखन जॉन फॉसे को...**

महिला अपने घर में अपने बच्चे के साथ कैद थी।दूसरी ओर, उनका नाटक नट्टा सिंग साइन सोंगर (1998; नाइटसॉन्स, 2002) एक महिला की अपने वर्तमान को त्यागने के बाद एक नए रिश्ते पर विचार करने की लंबे समय से चली आ रही अनिर्णीत दुविधा को दशार्ता है। दुखद डोड्सवेरियसजोनर (2002; डेथ वेरिएशन्स, 2004) एक लड़की के बारे में एकल-अभिनय नाटक है, जो आत्महत्या कर लेती है। उसकी मौत के समय से पीछे की कहानी बताई गई है, और इसमें विभिन्न पीढ़ियों के छह अनाम पात्रों द्वारा उसका संक्षिप्त विवरण दिया गया है। उनकी एक प्रमुख गद्य कृति बाइबिल आधारित गाथा त्रिलोगियन (त्रयी, 2016) है, जिसमें एंडवेक (2007), ओलाव्स ड्रूमर (2012) और क्वेल्ड्सवेव्ड (2014) शामिल हैं, जहां प्रेम जैसी अधिक स्पष्ट भावनाएं हैं और हिंसा का चित्र, बंजर तटीय परिदृश्य पर स्थापित है, जहां उनके लगभग सभी काल्पनिक कार्य सेट हैं। एक अन्य प्रमुख कृति उपन्यास डेट एर एलेस (2004, एलिस एट द फायर, 2010) है, जिसमें लगभग छह दर्जन पृष्ठों में जीवन और मृत्यु के बीच अनसुलझी छायादार सीमा पर 200 प्रश्नों पर चर्चा की गई है। उनका सबसे उल्लेखनीय उपन्यास सेप्टोलॉजी 2021 में पूरा हुआ था। 1,200 से अधिक पृष्ठों के इस उपन्यास में एक बुजुर्ग कलाकार सात दिनों के दौरान खुद से दूसरे व्यक्ति के रूप में बात करता है। 2011 में नॉर्वेजियन में बाइबिल के अनुवाद के सलाहकारों में फॉसे भी शामिल थे।

**राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में...**

प्रशासनिक अधिकारी पदाधिकारी हैं, उन्हें प्रशिक्षण किस तरह से दिया जायेगा, उसका पूरा ढांचा तैयार किया गया। सिद्धो कान्हो सहकारी लिमिटेड को दो करोड़ रुपये देने की स्वीकृति दी गई। इसके लिए 48 करोड़ रुपये की मंजूरी हुई। रांची में विधानसभा थाना, साहिबगंज में गंगा नदी थाना, बोकारो में चीरा थाना, चाईबासा में कोरिया थाना, इसके अलावा रांची में चामा, जलगा ओपी, इसके अलावा रांची में राहे को उत्क्रमित कर थाना बनाया गया।

**कैबिनेट के अन्य...**

विशेष कार्य पदाधिकारी अभियंताओं के वेतन भुगतान के लिए जेसीएफ से नौ करोड़ रुपये मिलने की स्वीकृति दी गई।

-राज के 4351 ग्राम पंचायत में 43500 का स्थापित किए जाएंगे। इसके लिए चार अरब 63 लाख रुपये की राशि स्वीकृत हुई।

-रांची शहरी जलापूर्ति परियोजना फेस 2 के निवेदन स्टार के लिए 10 प्रतिशत की अधिक सीमा को विलोपोत किया गया।

-लोहरदगा के कुडू में 107 एकड़ जमीन में मेसर्स ईएसएल को स्टील प्लांट लगाने के बदले क्षतिपूरक वन लगाने के लिए 21 करोड़ रुपये की राशि वन विभाग को देने की स्वीकृति दी गई।

-कार्मिक विभाग के दो सहायक प्रशासक पदाधिकारी को प्रोन्नति।

-झारखंड में पांच नए थाना को स्वीकृति।

## कोकर दुर्गा पूजा : हाथी उठायेगा सूंड तब पंडाल में प्रवेश करेंगे भक्त



**रांची।** राजधानी रांची में दुर्गा पूजा की तैयारियां जोर शोर से चल रही है। इसी क्रम में कोकर दुर्गा पूजा कमेटी इस वर्ष भी भव्य पंडाल का निर्माण कर रही है। बंगाल के कारीगर पंडाल निर्माण के कार्य में जोर-शोर से लगे हैं। कमेटी के अध्यक्ष चंचल चटर्जी ने गुरुवार को बताया कि मैकेनिकल थीम पर पूजा पंडाल का निर्माण किया जा रहा है। थीम के अनुसार पंडाल के गेट पर हाथी की सूंड बनाई " जाएगी। श्रद्धालुओं के पंडाल में प्रवेश करने से पहले आवाज के साथ हाथी का सूंड ऊपर उठेगा और श्रद्धालु पंडाल के अंदर प्रवेश कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि मूर्ति का निर्माण भी कोलकाता के मूर्तिकारों की ओर से किया जा रहा है। मूर्ति 11 फीट ऊंची होगी। पंडाल के अंदर सुविधाओं विशेष ध्यान श्रद्धालुओं की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाएगा। उन्होंने बताया कि विशेष लाइटिंग की व्यवस्था की जाएगी। बाहर भी एक किमी से ज्यादा की लंबाई पर लाइटिंग से पूरा कोकर जगमगाएगा। चूना भट्ठा से लेकर हैदर अली तक लाइटिंग की जाएगी। चार बड़े गेट के अलावा कई एल गेट बनाए जाएंगे।

### श्री गुरुनानक जयंती पर 25 नवम्बर को निकलेगा नगर कीर्तन



**रांची।** श्री गुरु नानक जयंती पर 25 नवम्बर को नगर कीर्तन निकाला जाएगा। श्री गुरु सिंहसभा के महासचिव गगनदीप सिंह सेठी ने गुरुवार को बताया कि गुरुपर्व के उपलक्ष्य में रांची की अलग- अलग संस्थाओ से प्रभात फेरिया 11 नवम्बर से 23 नवम्बर तक निकालने का फैसला लिया गया। सेठी ने बताया कि सभी कार्यक्रमों को मूर्तरूप देने के लिए विशेष बैठक 15 अक्टूबर को बुलाई गयी है। श्री गुरुनानक देव महाराज का पावन ज्योति जोत गुरुपूर्व 11 अक्टूबर को गुरुद्वारा साहिब मेन रोड़ में मनाया जाएगा। इसमें यूएसए का प्रख्यात रागी जत्था शिरकत करने के लिए रांची आ रहा है। रागी भाई अनंतवीर सिंह अपने सहयोगियों के साथ शब्द गायन करेंगे।

# आज नहाय-खाय के साथ जितिया व्रत शुरू

**रांची।** नहाय-खाय के साथ गुरुवार को जितिया व्रत शुरू हो गया है। अश्विन मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि से लेकर नवमी तिथि तक महिलाएं जीवित्पुत्रिका का निर्जला व्रत रखकर पूजा करती हैं। शुक्रवार को जितिया का पर्व मनाया जाएगा। जीवित्पुत्रिका व्रत को जिउतिया, जितिया या ज्युतिया व्रत के नाम से भी जाना जाता है। इस व्रत के पुण्य प्रताप से संतान की आयु लंबी होती है। वहीं, जितिया व्रत करने से नवविवाहित महिलाओं को संतान की प्राप्ति होती है। यह पर्व काफी आस्था के साथ महिलाएं मनाती हैं और ईश्वर से अपने संतान की और जिन्हें संता नहीं हैं वह इसकी प्राप्ति मांगती हैं। यह पर्व खास तौर पर बिहार झारखंड समेत उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में मनाया जाता है। मान्यता के मुताबिक इस दिन विधि विधान पूर्वक व्रत रखने से पुत्रों को दीघार्यु का वरदान भी मिलता है। ज्योतिष गणना के मुताबिक इस दिन सर्वार्थ सिद्धि योग का निर्माण भी हो रहा है।


## कार्यालय-जिला शिक्षा पदाधिकारी,चतरा

**कॉउसलिंग हेतु आवश्यक सूचना**

Cont. No.000612/2022in Civil Appeal(C)NO. 4044 Of 2022Soni Kumari Vrs. K.Ravi Kumar में माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिनांक 15.12.2022 को पारित न्यायदेश की कंडिका–4 एवं 5 के अनुपालन में झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग, रॉची से प्राप्त अनुशंसा के द्वारा अनुशंसित अभ्यर्थियों की सूची जिला के आधिकारिक वेबसाईट www. nic.chatra.in पर प्रकाशित की गई है।

सूचीवद्ध सभी अभ्यर्थी दिनांक 07.10.2023 को पूर्वाहन 09:00 बजे जिला शिक्षा पदाधिकारी, कार्यालय, चतरा में अपने सभी शैक्षणिक, प्रशैक्षिणक एवं अन्य प्रमाण–पत्रों की मूलप्रति एवं सभी प्रमाण पत्रों की स्व0 अभिप्रमाणित प्रति के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगें।

जिला शिक्षा पदाधिकारी
चतरा

PR 308430 School Education and Literacy(23-24).D

## समाहरणालय, चतरा
(पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य शाखा)
sport.chatra@gmail.com

**आम-सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य सरकार द्वारा "SAHAY" योजना अन्तर्गत राज्य के उग्रवाद से प्रभावित जिलों में प्रखण्ड/स्थानीय नगर निकाय, जिला स्तर पर तथा इसके बाद राज्य स्तर पर 14–19 वर्ष के युवको/युवतियों की फुटबॉल, हॉकी, एथलेटिक्स (100 मी0 दौड़, 200 मी0 दौड़, 400 मी0 दौड़ एवं लौंग जंप) एवं वॉलीबॉल खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया जाना हैं, जिसमें आयोजन से पूर्व खिलाड़ियों का निबंधन एवं चयन ग्रामीण क्षेत्र के पंचायत स्तर पर एवं नगर परिषद क्षेत्र के लिए वार्ड स्तर पर दिनांक–15.10.2023 तक पूर्ण किया जाना है। सभी इच्छुक खिलाड़ी अपने–अपने प्रखण्ड के प्रखण्ड कार्यालय/नगर परिषद क्षेत्र के नगर परिषद कार्यालय, चतरा से संपर्क कर संबंधित खेल में निबंधन/चयन करा सकते है।

नोटः–अधिक जानकारी हेतु जिला खेल कार्यालय, चतरा हेल्पलाईन नम्बर 8083771175, 787238999, 9304119683

जिला क्रीड़ा पदाधिकारी,
चतरा।

PR.NO.308436 Tourism, Art Culture Sports And Youth Affairs (23-24):D

## कार्यालय जिला पशुपालन पदाधिकारी, लातेहार

**–: आवश्यक सूचना :–**

लातेहार जिलान्तर्गत वैसे सभी Pet Shop एवं Dog Breeding सेंटर जो राज्य जीव–जन्तु–कल्याण बोर्ड, झारखण्ड, रांची से बिना निबंधन कराये अपनी संस्था का संचालन कर रहे हैं या निबंधित थे परंतु वर्तमान में बिना नवीनीकरण के ही संस्था का संचालन कर रहें हैं उन्हें सूचित किया जाता है कि एक माह के अन्दर अपनी संस्था का पंजीकरण/ नवीनीकरण हेतु अपना आवेदन जिला पशुपालन कार्यालय, लातेहार से संपर्क कर आवेदन जीव–जन्तु–कल्याण बोर्ड, झारखण्ड, हेसाग, रांची में समर्पित करें अन्यथा नियमानुसार पशु क्रय–विक्रय एवं तदविषयक नियम के विभिन्न सुसंगत धाराओं के तहत कार्रवाई की जायेगी।

निवेदक :–
जिला पशुपालन पदाधिकारी,
लातेहार।

PR 308431 Animal Husbandry(23-24)D

## कार्यालय नगर परिषद्, चतरा

**नगरपालिका व्यापार अनुज्ञप्ति (लाईसेंस) की अनिवार्यता, आज ही अपना लाईसेंस प्राप्त करे**

झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम, 2011 की धारा 455 एवं नगरपालिका व्यापार अनुज्ञप्ति (लाईसेंस) विनियमावली, 2017 के अनुसार शहरी क्षेत्र में व्यापार प्रारम्भ करने से पूर्व स्थानीय निकाय से अनुज्ञप्ति लेना अनिवार्य है, बिना नगरपालिका व्यापार अनुज्ञप्ति के किसी भी भवन का गैर आवासीय उद्देश्य के लिए उपयोग करने की अनुमति नहीं होगी।

नगरपालिका व्यापार अनुज्ञप्ति अधिकतम 10 वर्षों तक प्राप्त की जा सकती है

1. नया नगरपालिका व्यापार अनुज्ञप्ति प्राप्त करने के लिए आवेदन प्रक्रिया

Step:-1 व्यापार शुरू होने के 30 दिन पहले प्रपत्र क में आवेदन करें। आवेदन ऑनलाईन माध्यम से स्थानीय निकाय में अवस्थित जन सुविधा केंद्र पर या टैक्स संग्रहकर्ता को अपने व्यावसायिक परिसर पर बुला कर आवेदन जमा करा सकते है।

Step:-2 आवेदन प्रपत्र के साथ निम्न दस्तावेज जमा करे

प्रथम दस्तावेज
- ➤ यदि व्यापारी आवेदक व्यावसायिक परिसर का मालिक है
- ✓ भूमि कब्जा प्रमाण पत्र/आवंटन आदेश/ राजस्व किराया/बिक्री विलेख/सुधार पर्ची/अद्यतन होल्डिंग टैक्स रसीद/Single Use Plastic उपयोग नही करने का शपथ पत्र
- ➤ यदि आवेदक के पास अपनी कोई भूमि/भवन नही है
- ✓ आवेदक के नाम पर भूमि पट्टा समझौता/किराया समझौता/बिजली बिल

दूसरा दस्तावेज
- ➤ यदि साझेदारी फर्म
- ✓ साझेदारी डीड या समझौता
- ➤ यदि व्यवसाय प्राइवेट या लिमिटेड कंपनी
- ✓ कंपनी अधिनियम 1956 के तहत शामिल पंजीकरण प्रमाणपत्र
- ➤ यदि आवेदक व्यक्तिगत है
- ✓ ट्रेड आवेदक का पहचान प्रमाणपत्र

2. नगरपालिका व्यापार अनुज्ञप्ति का नवीनीकरण की आवेदन प्रक्रिया।

Step:-1 नगरपालिका व्यापार अनुज्ञप्ति के समाप्त होने से 30 दिन पहले आवेदन करें। आवेदन ऑनलाईन माध्यम से स्थानीय निकाय में अवस्थित जन सुविधा केंद्र पर या टैक्स संग्रहकर्ता को अपने व्यावसायिक परिसर पर बुला कर आवेदन जमा करा सकते है

Step:-2 आवेदन प्रपत्र के साथ निम्न दस्तावेज जमा करे
- ✓ व्यावसायिक परिसर की अद्यतन होल्डिंग टैक्स रसीद
- ✓ व्यापार अनुज्ञप्ति की प्रतिलिपि

आवेदन जमा करने की प्रक्रिया
1. टैक्स संग्रहकर्त्ता को अपने व्यावसायिक परिसर पर बुला कर।
2. स्थानीय निकाय में अवस्थित जन सुविधा केंद्र पर।
3. ऑनलाईन माध्यम से www.suda.jharkhand.gov.in
4. आवेदन फार्म जाँचोपरांत तत्काल Provisional Certificate एवं 22 दिनों के पश्चात व्यापार अनुज्ञप्ति का Final Certificate कार्यालय से प्राप्त कर सकते है।

PR.NO.308360 Urban Development(23-24):D

प्रशासक, नगर परिषद्, चतरा।

## जिला कृषि कार्यालय, चतरा
### वर्तमान वित्तीय वर्ष 2023–24 में केन्द्र प्रायोजित NFSM Pulse योजनान्तर्गत INM/IPM वितरण हेतु सूचना

किसान भाईयों, चतरा जिला में वर्तमान वित्तीय वर्ष 2023–24 में केन्द्र प्रायोजित NFSM (Pulse/ Coarse Cereals/ Nutri Cereals/ Oil Seeds) योजनान्तर्गत अनुदान पर निम्नलिखित INM/IPM वितरण किया जाना है।

| क्रसं | उपादान का नाम | अनुदान की राशि अधिकतम (रूपये में) | रकवा (हे0में) |
|---|---|---|---|
| NFSM Pulse | | | |
| Integtated Nurtient Management (INM) | | | |
| 1 | Micro- nutrients | Rs. 500/- per ha or 50% of cost whichever is less | 685 |
| 2 | Gypsum/80% WG Sulphur | Rs. 750/- per ha or 50% of cost whichever is less | 500 |
| 3 | Lime | Rs. 1000/- ha or 50% of cost whichever is less | 455 |
| 4 | Bio Fertilizers | Rs. 300/- per ha or 50% of cost whichever is less | 320 |
| Integrated Pest Management (IPM) | | | |
| 1 | Distribution of PP Chemicals | Rs. 500/- per ha or 50% of cost whichever is less | 410 |
| 2 | Weedicides | Rs. 500/- per ha or 50% of cost whichever is less | 365 |
| NFSM Coarse Cereals | | | |
| Integtated Nurtient Management (INM) | | | |
| 1 | (a) Micro- nutrients | Rs. 500/- per ha or 50% of cost whichever is less | 65 |
| 2 | (d) Bio Fertilizers | Rs. 300/- per ha or 50% of cost whichever is less | 105 |
| Integrated Pest Management (IPM) | | | |
| 1 | (a) Distribution of PP Chemicals | Rs. 500/- per ha or 50% of cost whichever is less | 100 |
| 2 | (b) Weedicides | Rs. 500/- per ha or 50% of cost whichever is less | 25 |
| NFSM Nutri Cereals | | | |
| Integtated Nurtient Management (INM) | | | |
| 1 | Lime/ Dolomite | Rs.500/ha. or 50% of cost whichever is less | 60 |
| 2 | Biofertilizer | Rs.500/ha. or 50% of cost whichever is less | 60 |
| Integrated Pest Management (IPM) | | | |
| 1 | Distribution of PP Chemmical | Rs.500/ha. or 50% of cost whichever is less | 90 |
| 2 | Weedicides | Rs.500/ha. or 50% of cost whichever is less | 25 |
| NFSM Oil Seeds | | | |
| Production Inputs (30%) | | | |
| 1 | Distribution of Gypsum/pyrits/Liming/SSP, etc | Rs.750/ha. | 200 |
| 2 | Supply of Rhyzobium culture/PSB /ZSB/Azatobactor/Mycorrhiza culture | Rs.300/ha. | 165 |
| 3 | PP Chemicals/Insecticides/bio pesticides/weedicides/bio agents/ micronutrients | Rs.500/ha. | 60 |
| 4 | Nuclear Polyhedrosis Virus (NPV) | Rs.500/ha. | 35 |

कृषक अनुदानित दर पर कृषि यंत्र प्राप्त करने हेतु पहचान पत्र (यूनिक आईडी0 कार्ड (आधार), पंचायत स्तरीय समिति के किसी सदस्य द्वारा निर्गत अनुसंशा पत्र) से अनुसंशित आवेदन एवं स्वयं की धारित भूमि से संबंधित मान्य दस्तावेज के साथ खाता संख्या (बैंक का नाम IFSC कोड के साथ) अनिवार्य रूप से प्रखण्ड तकनीक प्रखण्ड को समर्पित करेंगे तथा INM/IPM अनुदानित दर पर प्राप्त करें। आवेदन पत्र दिनांक 19.10.2023 को प्रखण्ड मुख्यालय में जमा कर सकते हैं।

"पहले आये पहले पाये के आधार पर वितरण किया जायेगा"

नोट– विशेष जानकारी हेतु जिला स्तर पर जिला कृषि पदाधिकारी/परियोजना निदेशक तथा प्रखण्ड स्तर पर प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी/प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक (बी0टी0एम0) से संपर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

जिला कृषि पदाधिकारी,
चतरा

PR 308378 (Agriculture)23-24*D

# एशियाई खेल : एथलेटिक्स, स्क्वैश व तीरंदाजी में भारत के पदकों की संख्या 81 तक पहुंची

## अब तक भारत को मिले 18 स्वर्ण, 31 रजत और 32 कांस्य पदक



**एजेंसी। हांगझोऊ**

ओलंपिक और विश्व चैंपियन भालाफेंक खिलाड़ी के नेतृत्व में पुरुषों की 4x400 रिले और कंपाउंड तीरंदाजी में भारत की उभरती ताकत दिखी। देश ने बुधवार को तीन स्वर्ण सहित और 12 पदक जीतकर एशियाई खेलों में अपने पदकों की अब तक की उच्चतम संख्या 81 तक ले गई।

भारत ने अब तक 18 स्वर्ण, 31 रजत और 32 कांस्य पदक जीतकर अपने पदकों की संख्या 81 कर ली है और इंडोनेशिया में 2018 संस्करण में हासिल किए गए अपने पिछले सर्वश्रेष्ठ 70 पदकों को बड़े अंतर से पीछे छोड़ दिया है।

तीरंदाजी, बैडमिंटन, शतरंज, हॉकी, क्रिकेट और कुश्ती में पदक के अवसरों के साथ प्रतिस्पर्धा के तीन और दिनों के साथ अधिकांश प्रशंसकों के मन में सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या भारत पहली बार 100 पदक का आंकड़ा पार कर पाएगा।

जैसा कि अपेक्षित था, भारतीय एथलेटिक्स के पहले और एकमात्र वैश्विक स्टार नीरज चोपड़ा ने पुरुषों की भालाफेंक स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता और सीजन के सर्वश्रेष्ठ 88.88 के थ्रो के साथ अपने पहले खिताब का बचाव किया, जबकि किशोर कुमार जेना ने सनसनीखेज 87.54 के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ रजत पदक जीता। एक इवेंट में भारत के लिए 1-2, जिसमें अधिकारियों की एक गलती ने चोपड़ा के अभियान को लगभग पटरी से उतार दिया। पुरुषों की 4x400 मीटर रिले टीम, जो अपने महिला समकक्षों की छाया में रहती है, जकार्ता में 1962 संस्करण के बाद लंबी रिले में देश का पहला स्वर्ण पदक जीतने के लिए मैदान पर उतरी।

महिलाओं की 4x400 रिले टीम बुसान में 2002 संस्करण के बाद पहली बार स्वर्ण पदक जीतने में असफल रही, और बहरीन के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा। एथलेटिक्स में अविनाश साबले और हरमिलन बैंस ने इस एशियाई खेलों में अपना दूसरा पदक जीता। उन्होंने क्रमशः पुरुषों की 5000 मीटर और महिलाओं की 800 मीटर रेस में रजत पदक जीते - हरमिलन ने अपनी मां माधुरी सिंह का अनुकरण किया, जिन्होंने 2002 संस्करण में इसी अनुशासन में रजत पदक जीता था। इससे पहले बुसान में साबले ने पुरुषों की 3000 मीटर स्टीपलचेज में स्वर्ण पदक जीता था, जबकि हरमिलन ने महिलाओं की 1500 मीटर में रजत पदक जीता था।

दिन की शुरूआत मंजू रानी और बाबू राम ने 35 किमी रेस वॉक मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने के साथ की।

मिश्रित टीम ने दिन का तीसरा स्वर्ण तीरंदाजी में जीता, जिसमें ज्योति सुरेखा वेन्नम और ओजस प्रवीण देवतले की जोड़ी ने कोरिया गणराज्य के प्रभुत्व को समाप्त करते हुए 19वें एशियाई खेलों में तीरंदाजी में पहला स्वर्ण पदक जीता। ज्योति सुरेखा वेन्नम विश्व चैम्पियनशिप की रजत पदक विजेता हैं, जबकि देवतले ने इस वर्ष विश्व चैम्पियनशिप पर कब्जा किया। फाइनल में उन्होंने शानदार प्रदर्शन करते हुए कोरियाई जोड़ी को 159-158 से हराया।

मुक्केबाजी में टोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन को महिलाओं के 75 किग्रा में चीन की अनुभवी ली कियान से हारकर रजत पदक से संतोष करना पड़ा, जो एशियाई खेलों में देश की महिला मुक्केबाजों के लिए पहला रजत पदक था।

लवलीना फाइनल में पहुंचने वाली एकमात्र भारतीय थीं, जब परवीन हुडा चीनी ताइपे के दो बार के विश्व चैंपियन से सेमीफाइनल मुकाबला हार गईं और उन्हें कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा।

भारतीय मुक्केबाजों ने अपना अभियान पांच पदकों - एक रजत और चार कांस्य पदक-के साथ पूरा किया, लेकिन इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि उन्होंने पेरिस में अगले साल होने वाले ओलंपिक खेलों के लिए चार कोटा स्थान भी अर्जित किए।

स्क्वैश में दीपिका पल्लीकल कार्तिक और हरिंदर पाल सिंह संधू की मिश्रित युगल टीम और एकल स्टार सौरव घोषाल के अपने-अपने वर्ग के फाइनल में पहुंचने से भारत के दो पदक पक्के हो गए।

दीपिका और हरिंदर ने हांगकांग-चीन के ली का यी वोंग ची हिम को 2-1 से हराया और मलेशिया की आइफा बिनती अजमान और मोहम्मद सयाफिक बिन मोहम्मद कमाल ने फाइनल में जगह बनाई। उन्होंने दूसरे सेमीफाइनल में अनाहत सिंह और अभय सिंह की दूसरी भारतीय जोड़ी को हराया।

घोषाल ने सेमीफाइनल में हांगकांग चीन के ची हिन हेनरी लेउंग को 3-0 से हराया।

ब्रिज और शतरंज टीमें अभी भी पदक की दौड़ में हैं।

## गागर में सागर

### क्रिकेट विश्वकप की आगज पर गूगल ने बनाया एनिमेटेड डूडल



**नई दिल्ली।** सर्च इंजन गूगल ने गुरुवार से शुरू हो रहे आईसीसी विश्व कप के अवसर पर बैट लेकर दो बत्तखों को मैदान पर दौड़ लगाने वाला एक एनिमेटेड डूडल बनाया है। गूगल ने गुरुवार को बनाये अपने डूडल में मैदान में दर्शकों की मौजूदगी में दो बत्तखों को बैट लेकर विकेट के बीच में रन लेते हुए दिखाया गया है। गूगल होमपेज पर डूडल पर क्लिक करने पर यूजर्स के सामने टूर्नामेंट का पूरा शेड्यूल आ जाता है। इसके साथ ही गूगल ने अपनी स्पेलिंग में एल के रूप में क्रिकेट के बैट को नाचते हुए दिखाया गया है। उल्लेखनीय है कि भारत 12 वर्ष के बाद एकदिवसीय क्रिकेट विश्व कप की मेजबानी कर है। चैम्पियनशिप की शुरूआत में आज इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच नरेंद्र मोदी क्रिकेट स्टेडियम में विश्व कप का पहला मैच खेला जायेगा।

### 37 वें राष्ट्रीय खेलों के लिए सेपकटकरा प्रशिक्षण शिविर



**रांची।** 37वें राष्ट्रीय खेलों की तैयारियों के मद्देनजर ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव इंडोर स्टेडियम में चल रहे प्रशिक्षण शिविर के दौरान सेपकटकरा एसोसिएशन ऑफ झारखंड के पदाधिकारियों ने खिलाड़ियों से मुलाकात की और उनका उत्साहवर्धन किया। इस दौरान प्रेसिडेंट उदय साहू सहित शैलेंद्र कुमार, शिवेन्द्र दुबे मौजूद थे। यह प्रशिक्षण शिविर दिल्ली से आये प्रशिक्षक अंकित बालियान के निर्देश में हो रहा है जिसमे इनका सहयोग झारखंड सेपकटकरा के वरीय कोच सह तकनीकी पदाधिकारी अमरेंद्र दत्त द्विवेदी, शारीरिक प्रशिक्षक कौशल्या कर रही है।

### गोल्ड की लड़ाई के लिए भारतीय पुरुष हॉकी टीम तैयार

**हांगझोऊ।** 19वें एशियाई खेलों में एक रोमांचक फाइनल के लिए मंच तैयार है। भारतीय पुरुष हॉकी टीम शुक्रवार को 2018 एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता जापान के खिलाफ मैदान में होगी। पेरिस ओलंपिक 2024 में स्थान सुरक्षित करने के अवसर के साथ, दोनों टीमें फाइनल जीतने और गोल्ड पर कब्जा जमाने के इरादे से मैदान में होगी। आखिरी बार भारत ने एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक 2014 में दक्षिण कोरिया के इंचियोन में जीता था। एशियाई खेलों में फील्ड हॉकी की शुरूआत के बाद से भारत ने तीन बार एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीता है। जिसमें-1966, 1998 और 2014 का खिताब शामिल है। इस बीच, पांच साल पहले जकार्ता में जापान की स्वर्ण पदक जीत उनकी एकमात्र खिताबी जीत रही है। फाइनल मैच से पहले भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा, जब आप किसी बड़े मैच में उतरते हैं तो खेल में हमेशा घबराहट होती है।

## आईसीसी विश्व कप : इंग्लैंड की न्यूजीलैंड के हाथों करारी हार

# रचिन-कॉनवे ने लगाए शतक



**एजेंसी। अहमदाबाद**

क्रिकेट विश्व कप 2023 के शुरूआती मुकाबले में न्यूजीलैंड ने इंग्लैंड को 9 विकेट से हराकर क्रिकेट विश्व कप 2019 के फाइनल में मिली हार का बदला ले लिया। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए मुकाबले के दौरान इंगलैंड ने पहले खेलते हुए 282 रन बनाए थे। बेयरस्टो 37, जो रूट 77 तो जोस बटलर 43 रन बनाने में सफल रहे थे लेकिन इसके बाद न्यूजीलैंड ने विल यंग को 0 पर गंवाने के बावजूद रचिन रविंद्र और डोवोन कॉनवे के शतकों की बदौलत 9 विकेट से जीत हासिल कर ली। कॉनवे ने 152 तो रविंद्र ने 122 रन बनाए।

इससे पहले इंग्लैंड के जॉनी बेयरस्टो ने ट्रेंट बोल्ट के पहले ही ओवर में एक छक्का और एक चौका लगाकर पारी की तेज शुरूआत की। हालांकि इसके बाद दोनों ओपनरों ने संभल कर खेलते हुए पहले विकेट के 40 रन जोड़े। इंग्लैंड को पहला झटका डेविड मलान के रूप में लगा। उन्हें मैट हेनरी ने आठवें ओवर की चौथी गेंद पर आउट कर दिया। मलान 24 गेंद पर 14 रन बनाकर विकेटकीपर टॉम लाथम को कैच थमा बैठे। मलान के आउट होने के बाद अनुभवी बल्लेबाज जो रूट क्रीज पर आए हैं। टीम को दूसरा झटका 13वें ओवर की पांचवीं गेंद पर उस समय लगा जब मिचेल सैंटनर ने ओपनर बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो को आउट कर दिया। बेयरस्टो 35 गेंद पर 33 रन बनाकर आउट हुए, सैंटनर की गेंद पर डेरिल मिचेल ने उनका कैच लपका।

न्यूजीलैंड को तीसरी सफलता रचिन रवींद्र ने दिलाई। उनके पहले और पारी के 17वें ओवर में हैरी ब्रूक ने ताबड़तोड़ अंदाज में रन बनाए। ब्रूक ने तीसरी और चौथी गेंद पर चौका लगाया। पांचवीं गेंद पर उन्होंने छक्का जड़ा। इसके बाद छठी गेंद को भी बाउंड्री के बाहर भेजने के प्रयास में बाउंड्री पर डेवोन कॉन्वे को कैच थमा बैठे।

ग्लेन फिलिप्स ने न्यूजीलैंड को चौथी सफलता दिलाई। उन्होंने 22वें ओवर की दूसरी गेंद पर मोइन अली को क्लीन बोल्ड आउट कर दिया। मोइन ने 17 गेंद पर 11 रन बनाए। रूट ने 30वें ओवर में अपना अर्धशतक बनाया। मैट हेनरी ने 34वें ओवर की दूसरी गेंद पर इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर को 43 रन पर आउट कर दिया। बटलर ने पांचवें विकेट के लिए जो रूट के साथ 70 रन की साझेदारी की। बटलर का कैच विकेट के पीछे टॉम लाथम ने लपका। ट्रेंट बोल्ट ने लियाम लिविंगस्टोन को आउट कर न्यूजीलैंड को छठी सफलता दिलाई। लिविंगस्टोन ने 22 गेंद पर 20 रन बनाए। मैट हेनरी ने लिविंगस्टोन का कैच पकड़ा।

इसके बाद इंग्लैंड के प्रमुख बल्लेबाज जो रूट 86 गेंदों में 77 रन की पारी खेलकर पवेलियन लौट गए। रूट को 42वें ओवर की पहली गेंद पर ग्लेन फिलिप्स ने उन्हें क्लीन बोल्ड कर दिया। इंग्लैंड के लगातार दो ओवर में दो विकेट गिरे। 45वें ओवर की अंतिम गेंद पर मिचेल सैंटनर ने क्रिस वोक्स को आउट कर दिया। वोक्स 12 गेंद पर 11 रन बनाकर विल यंग को कैच थमा बैठे। अगले ही ओवर में सैम करन भी पवेलियन लौट गए। करन 19 गेंद पर 14 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें मैट हेनरी ने टॉम लाथम के हाथों कैच कराया।

आदिल रशीद 15 रन और माक वुड 13 रन बनाकर नाबाद रहे। न्यूजीलैंड की ओर मैट हेनरी ने रन देकर तीन विकेट झटके। वहीं ग्लेन फि लिप्स और मिचेल सैंटनर को दो-दो विकेट मिले तथा ट्रेंट बोल्ट और रचिन रविंद्र ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। जवाब में खेलने उतरी कीवी टीम ने रचिन रविंद्र और डोवोन कॉनवे के शतकों की बदौलत बड़ी जीत दर्ज की।

## भारत ने तीरंदाजी कंपाउंड पुरुष टीम स्पर्धा में जीता स्वर्ण



**एजेंसी। हांगझू**

भारत की पुरुष कंपाउंड टीम ने गुरुवार को एशियाई खेलों में भारत को 21वां स्वर्ण पदक दिलाया। अभिषेक वर्मा, ओजस देवतले और प्रथमेश जावकर की भारतीय टीम ने दक्षिण कोरिया के खिलाफ 235-230 की जीत के बाद एक और तीरंदाजी स्वर्ण पदक हासिल किया। पहले सेट से ही भारत ने मैच पर अपना दबदबा बना लिया। पहले सेट में भारत ने शानदार प्रदर्शन किया और पहला सेट 55-58 से जीत लिया। लेकिन बाद में दूसरे सेट में कोरिया ने मैच में वापसी की और 59-58 से सेट जीत लिया। तीसरे सेट में एक बार फिर भारतीय तिकड़ी ने सेट पर कब्जा जमाया और 57-59 से सेट जीत लिया। अंतिम और आखिरी सेट में भारत ने शानदार प्रदर्शन किया और पूरे 10 अंक हासिल किए। इससे पहले गुरुवार को, भारत ने क्वार्टर फाइनल मैच में भूटान के तंदिन दोरजी, खेंड्रुप और यूनटेन जामत्शो के खिलाफ 221-235 से जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में जगह बनाई। तीरंदाजी कंपाउंड पुरुष टीम ने सेमीफाइनल मैच में चीनी ताइपे के चेंग-वेई चांग, चीह-लुन चेन और चेंग-जुई यांग को 224-235 से हराया।

### आईसीसी विश्व कप 2023

## नीदरलैंड के खिलाफ अपनी खामियों को दूर करने उतरेगी पाकिस्तान



**एजेंसी। हैदराबाद**

पाकिस्तान एकदिवसीय विश्व कप में शुक्रवार को जब यहां नीदरलैंड के खिलाफ अपने अभियान की शुरूआत करेगा तो उसे अपनी खामियों को दूर करने और स्टार खिलाड़ियों के फॉर्म में लौटने की उम्मीद होगी। एशिया कप के फाइनल में जगह बनाने में नाकाम रहने और दोनों अभ्यास मैचों में शिकस्त के बाद पाकिस्तान को अगर एकदिवसीय क्रिकेट की इस शीर्ष प्रतियोगिता में नॉकआउट तक जाना है तो अपने खेल में सुधार करना होगा। पाकिस्तान की समस्या शीर्ष क्रम के साथ शुरू हो जाती है। उसकी सलामी जोड़ी काफी प्रभावी नहीं लग रही। इमाम उल हक का एकदिवसीय क्रिकेट में औसत 50 से अधिक है लेकिन भारत में सपाट पिचों पर उन्हें 82 के स्ट्राइक रेट से बेहतर गति से रन बनाने होंगे। इमाम के नीदरलैंड के खिलाफ पारी का आगाज करने की उम्मीद है लेकिन टीम को खराब फॉर्म से जूझ रहे फखर जमां और अब्दुल्ला शफीक में से एक को उनके जोड़ीदार के रूप में चुनना होगा। तीसरे और चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने वाले कप्तान बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान की शानदार फॉर्म पाकिस्तान के लिए सकारात्मक चीज है। इफ्तिखार अहमद भी रन बना रहे हैं लेकिन देखना होगा कि अलमान आगा को मध्यक्रम में जगह मिलती है या नहीं। अगर अभ्यास मैचों पर गौर करें तो शुक्रवार को होने वाले मैच में काफी रन बनने की उम्मीद है और गेंदबाजों के पास गलती की गुंजाइश नहीं होगी। पाकिस्तान के खिलाड़ी अन्य देशों के खिलाड़ियों की तरह आईपीएल में नहीं खेलते और ऐसे में टीम के लिए भारत की विविधता भरी परिस्थितियों से सामंजस्य बैठाना आसान नहीं होगा।

## तारा शाह, आयुष शेट्टी ने बढ़ाया जीत का सिलसिला, उन्नति चैंपियनशिप से बाहर





**एजेंसी। स्पोकेन (अमेरिका)**

तारा शाह और आयुष शेट्टी ने बैडमिंटन विश्व जूनियर चैंपियनशिप के राउंड ऑफ-16 में आगे बढ़ते हुए अपनी जीत का सिलसिला जारी रखा, जबकि उन्नति हुडा राउंड ऑफ-32 में हारकर बाहर हो गईं। लड़कियों के एकल मैच में टूर्नामेंट की तीसरी वरीयता प्राप्त तारा ने कनाडा की एलेना यू के खिलाफ 30 मिनट तक चले करीबी मुकाबले में 23-21, 21-16 के स्कोर के साथ जीत हासिल की।

लड़कों के एकल वर्ग में आयुष को इंडोनेशिया के मुहम्मद रजा अल फजरी से कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा। हालांकि, पहला गेम हारने के बाद मुहम्मद ने जोरदार वापसी की, लेकिन आयुष ने धैर्य दिखाया और अंततः 21-14, 13-21, 21-19 से मुकाबला जीत लिया।

मिश्रित युगल में सात्विक रेड्डी कनापुरम और वैष्णवी खडकेकर की जोड़ी का सामना सिंगापुर के नगे जू जिन और जिओ एन हेंग से हुआ। शुरूआती झटके के बावजूद, उन्होंने शानदार वापसी की और अंतिम गेम में 19-21, 21-10, 21-7 के स्कोर के साथ जीत हासिल की।

दूसरे मिश्रित युगल मुकाबले में समरवीर और राधिका शर्मा ने एक और करीबी मुकाबले में मलेशिया के ब्रायन जेरेमी गूनटिंग और चान वेन त्से को सीधे गेमों में 21-19, 21-18 से हराया।

अन्य लड़कियों के एकल वर्ग में उन्नति हुडा को टूर्नामेंट की शीर्ष वरीयता प्राप्त जापान की टोमोका मियाजाकी ने 21-13, 21-13 से हराया।

लड़कों के एकल में तुषार सुवीर को चौथी वरीयता प्राप्त इंडोनेशिया के अलवी फरहान से 16-21, 19-21 से हार का सामना करना पड़ा।

लड़कियों के युगल वर्ग में वेन्नला कलागोटला, श्रियांशी वालिशेट्टी, तन्वी शर्मा और राधिका शर्मा की दोनों युगल जोड़ी क्रमशः टूर्नामेंट की पांचवीं वरीयता प्राप्त और तीसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी से हार गईं।

इस बीच, लड़कों के युगल कोर्ट पर निकोलस राज और तुषार सुवीर ने स्पेन के डैनियल फ्रेंको और रोड्रिगो संजुर्जो को केवल 24 मिनट में 21-10, 21-16 के स्कोर के साथ सीधे गेम में हराया, जबकि दिव्यम अरोड़ा और मयंक राणा ने एस्टोनिया के आंद्रेई शिमट और ह्यूगो थीमास को 21-19, 21-15 से हराया और अगले दौर में प्रवेश किया। आयुष शेट्टी और तारा शाह चार युगल जोड़ी के साथ अगले 16वें राउंड में खेलेंगे।

## आईसीसी विश्व कप | भारत और ऑस्ट्रेलिया की टीमें पहुंची चेन्नई

# आठ अक्टूबर को होगी पहली भिड़ंत

### कूल अंदाज में दिखे ‘किंग कोहली’



**एजेंसी। चेन्नई**

भारत और ऑस्ट्रेलिया की टीमें विश्व कप में आठ अक्टूबर को अपना पहला मैच खेलने के लिये बुधवार को चेन्नई पहुंचीं। दोनों टीमों को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच उनके होटल तक पहुंचाया गया। आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप का यह मुकाबला रविवार को ऐतिहासिक एमए चिदंबरम में खेला जाएगा। दोनों टीमों के आज ही अभ्यास करने की उम्मीद थी। भारत ने हाल ही में खेली गयी द्विपक्षीय तीन मैचों की सीरीज में ऑस्ट्रेलिया को 2-1 से हराया था जिसके बाद भारतीयों के हौसले बुलंद है। टीम में विराट कोहली, जसप्रित बुमाह, हार्दिक पांड्या शामिल थे जबकि रविचंद्रन अश्विन को अंतिम समय में टीम में बाएं हाथ के स्पिनर अक्षर पटेल के चोटिल होने के बाद शामिल किया गया।

ऑस्ट्रेलियाई ओपनर डेविड वॉर्नर, चेन्नई के दामाद ग्लेन मैक्सवेल और मार्कस स्टोइनिस को भी एयरपोर्ट पर देखा गया। चेपॉक में 22 गज की पट्टी आमतौर पर स्पिनरों को मदद करती है, लेकिन यह अभी भी पहेली बनी हुई है।चेन्नई ने पहले भी कुछ हाई स्कोरिंग वनडे मैच देखे हैं। उम्मीद है कि दोनों टीमें अच्छे से विचार करने के बाद अपने अंतिम एकादश की घोषणा करेंगी। 35 हजार से अधिक दर्शक क्षमता वाले स्टेडियम में मैच की टिकटें पहले ही बिक चुकी है जिससे रविवार को हाई वोल्टेज मुकाबले में स्टेडियम के खचाखच भरे रहने की उम्मीद है।

इस साल मार्च में पवेलियन स्टैंड और मद्रास क्रिकेट क्लब (एमसीसी) स्टैंड को ध्वस्त कर दिया गया था। लगभग 90 करोड़ रुपये की लागत से इसका पुनर्निर्माण किया गया और इनका उद्घाटन मुख्यमंत्री एम.के.स्टालिन ने किया। दो नए स्टैंड और नवीनीकृत आई, जे एंड के स्टैंड के उद्घाटन के साथ, जो कुछ समय के लिए बंद कर दिया गया था। कई वर्षों तक चली कानूनी उलझनों के बाद दो साल बाद फिर से खोला गया। ऐतिहासिक स्टेडियम अब भव्य दिखता है। क्रिकेट के शौकीन स्टालिन ने स्टेडियम में एक गैलरी का नाम तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री एम.करुणानिधि के नाम पर रखा है।

### टीमें इस प्रकार हैं

**भारत :** रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पांड्या (उपकप्तान), शुबमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, रवींद्र जड़ेजा, शार्दुल ठाकुर, जसप्रित बुमरा, मोहम्मद सिराज, मोहम्मद शमी, कुलदीप यादव, आर.अश्विन, इशान किशन, सूर्यकुमार यादव।

**ऑस्ट्रेलिया :** पैट कमिंस (कप्तान), स्टीव स्मिथ, एलेक्स कैरी, जोश इंग्लिस, सीन एबॉट, कैमरून ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, मार्नस लाबुशेन, मिशेल मार्श, ग्लेन मैक्सवेल, मार्कस स्टोइनिस, डेविड वार्नर, एडम जम्पा, मिशेल स्टार्क।

